रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ | RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 27 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-38 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### पैरासिटामोल सहित 50 दवायें परीक्षण में विफल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने बाजार में बिक रही पैरासिटामोल सहित 50 से अधिक दवाओं को निर्धारित गुणवत्ता के अनुरुप नहीं पाया है। सूत्रों ने बताया कि सीडीएससीओ के परीक्षण में 50 से अधिक दवाएं गुणवत्ता के अनुरुप नहीं पायी गयी है। इन दवाओं का परीक्षण सीडीएससीओ की कोलकाता प्रयोगशाला ने पिछले माह किया था। सूत्रों ने बताया कि इनमें पैन डी और प्रतिरोधक, रक्तचाप, मधुमेह, विटामिन, पेट संक्रमण, कैल्सियम से संबंधित और अन्य दवाएं शामिल हैं। गुणवत्ता में विफल रहने के बाद संबंधित कंपनियों ने इन दवाओं को बाजार से हटाना होगा। ये कंपनिया मूल रुप से सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की हैं।

### ठोस परिणामों पर ध्यान दें विज्ञानी : धनखड़



**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कॉरपोरेट्स से अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा कि केवल वित्तीय संसाधनों की प्रतिबद्धता पर्याप्त नहीं है और किसी भी अनुसंधान का महत्व ठोस परिणामों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। धनखड़ ने यहां 83वें सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए करते हुए कहा कि अनुसंधान और विकास सॉफ्ट डिप्लोमेसी और राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि केवल वित्तीय संसाधनों पर गर्व नहीं किया जा सकता। अनुसंधान और विकास में निवेश को ठोस परिणामों से जोड़ा जाना चाहिए। धनखड़ ने कहा, अनुसंधान एवं विकास में योगदान पर्याप्त होना चाहिए। परिणाम पर्याप्त होना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत मंजूर की



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को सशर्त मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और याचिकाकर्ता की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद पूर्व मंत्री की जमानत याचिका मंजूर की। शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने मुकदमे की सुनवाई में शुरू होने में देरी का आधार मानते हुए बालाजी की याचिका स्वीकार की।

# सीएम विष्णु देव ने बगिया निवास से 8 करोड़ 55 लाख के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण




पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्राम बगिया स्थित अपने निवास कार्यालय में 8 करोड़ 55 लाख 24 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 7 करोड़ 84 लाख 12 हजार की लागत से निर्मित कुंजारा, दोकड़ा और साहीडांड़ ग्रामपंचायतों में 33/11 के व्ही के विद्युत उपकेंद्र, कुनकुरी में उप क्षेत्रीय भंडार एवं 71 लाख 12 हजार की लागत से निर्मित सन्ना में नवीन तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण शामिल हैं। तीनों ग्रामों में विद्युत उपकेंद्र स्थापित होने आसपास के गावों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इसे विद्युत का संचालन और भी गुणवतापूर्वक और सुगमता से हो सकेगी। वहीं सन्ना में नवीन तहसील कार्यालय भवन के निर्माण से राजस्व के मामलों में तेजी आएगी।

**विद्युत उपकेंद्र से 70 ग्रामों को लाभ :** ग्राम दोकड़ा में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इस ट्रांसफार्मर से 25 ग्रामों को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इसका लाभ इन ग्रामों के लगभग 3500 से अधिक उपभोक्ताओं को मिल रहा है। ग्राम कुंजारा में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र 3.15 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इस ट्रांसफार्मर से 23 ग्रामो को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इसका लाभ इस ग्रामों के लगभग 3850 उपभोक्ताओं को मिल रहा है। ग्राम साहीडांड में भी नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इस ट्रांसफार्मर से 22 ग्रामो को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इसका लाभ लगभग 4270 उपभोक्ताओं को मिल रहा है।

## बिगड़ती कानून व्यवस्था महिला अत्याचार के विरोध में कांग्रेस की 6 दिवसीय छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा आज से शुरू

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी से राजधानी रायपुर तक 130 कि.मी. की पदयात्रा आज से शुरू होगी। यह यात्रा गिरौदपुरी से चलकर 6वें दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन 2 अक्टूबर को गांधी मैदान रायपुर में समाप्त होगी, जहां विशाल आम सभा होगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण गिरौदपुरी धाम से प्रार्थना एवं पूजा पाठ करके यात्रा की शुरुआत करेंगे। यात्रा मार्ग में प्रतिदिन जन सामान्य एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से भेंट मुलाकात भी करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हमारी यात्रा का उद्देश्य आम आदमी की सुरक्षा की चिंता है। रोज हो रही हत्या, लूट, चाकूबाजी, डकैती की घटनाओं से आम आदमी में भय पैदा हो गया है प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध। राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध प्रदेश में रोज हो रही दुराचार, सामूहिक दुराचार की घटनाओं के विरोध में। गिरौदपुरी के अमर गुफा में जैतखाम के साथ हुये तोड़-फोड़ के विरोध बलौदाबाजार मामले में निर्दोषों की गिरफ्तारी का विरोध तथा कांग्रेस नेताओं और सतनामी समाज के लोगों की रिहाई। कवर्धा के लोहारीडीह में साहू समाज के 3 बेटो की हत्या, प्रशांत साहू की पुलिसिया प्रताड़ना में हुई मौत की न्यायिक जांच हाईकोर्ट के वर्तमान जज की निगरानी में तथा दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने की मांग हमारा प्रमुख उद्देश्य है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि गिरौदपुरी परमपूज्य बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि है, बाबा गुरू घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया था। समाज में एकता, समानता, समरसता का संदेश दिया था, ऐसे परम पूज्यनीय बाबा के धाम से यात्रा निकाल कर हम प्रदेश में भाईचारा, एकता और अपराधमुक्त छत्तीसगढ़ हर व्यक्ति की सुरक्षा की कामना कर रहे है।

## पश्चिम महाराष्ट्र की 58 में से 50 सीटें जीतने का लक्ष्य : शाह

एजेंसी < कोल्हापुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि वे गठबंधन सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते हुए पश्चिमी महाराष्ट्र की 58 में से 50 विधानसभा सीटें जीतने के लक्ष्य के लिए तैयार रहें। शाह ने महासैनिक दरबार हॉल में बुधवार देर रात उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की मौजूदगी में कोल्हापुर, सांगली, सतारा और सोलापुर समेत पश्चिमी महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, तीनों सहयोगी दलों के चुनाव चिह्न को एक मानकर सत्ता हासिल करना संभव है। राज्य सरकार 'लड़की बहन' सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है और कार्यकर्ताओं को इन योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना चाहिए। उन्हेंने कार्यकर्ताओं से अगले एक महीने में गठबंधन को सत्ता में वापस लाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया और ऐसा कुछ भी न करने को कहा जिससे महायुति को नुकसान पहुंचे। उन्होंने कहा, हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में हमारे नेता नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। जो लोग केवल प्रधानमंत्री और मंत्री पद के लिए चुनाव लड़े थे, वे असफलता के बाद निराश हो गए, लेकिन हमारी पार्टी ने देश के विकास के लिए चुनाव लड़ा। इस मौके पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, पर्यावरण मंत्री रावसाहेब दानवे, मंत्री मुरलीधर मोहिल, चंद्रकांत पाटिल सुरेश खाड़े समेत अन्य लोग मौजूद थे। इसी दौरान इचलकरंजी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक प्रकाश अवाडे और उनके बेटे राहुल श्री शाह की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए।

## मुर्मु ने सियाचिन में की सैनिकों से बात



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह स्मारक भारतीय सेना के13 अप्रैल 1984 को शुरू हुए 'ऑपरेशन मेघदूत' के बाद से शहीद हुए सैनिकों और अधिकारियों के बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने वहां तैनात सैनिकों को भी संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में, उन्हें उन पर बहुत गर्व है और सभी नागरिक उनकी बहादुरी को सलाम करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अप्रैल 1984 में ऑपरेशन मेघदूत शुरू होने के बाद से भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों और अधिकारियों ने इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है।

## संरा और विश्व व्यापार संगठन में जल्द सुधार की आवश्यकता : जयशंकर

एजेंसी < न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में ब्राज़ील की अध्यक्ष वाले जी 20 विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में संयुक्त राष्ट्र और उसके सहायक निकायों के सुधार, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला में सुधार तथा बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में सुधार पर भारत के विचारों पर प्रकाश डाला। बैठक की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने की और इसमें दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी उपस्थित रहे।

## मोदी ने अग्निवीरों की पेंशन छीनकर अदानी-अंबानी को दी : राहुल गांधी

वार्ता < बरवाला/हिसार
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है और वह संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। गांधी ने विशाल रैली को संबोधित करते हुये कहा कि मोदी सरकार सिर्फ उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी के फायदे के लिये काम करने वाली सरकार है। इसका आम लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नौकरियों में निजीकरण करके देश से रोजगार को खत्म करने का काम किया है। देश से रोजगार खत्म करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गौतम अदानी, मुकेश अंबानी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अग्निवीरों की पेंशन खत्म करके अडानी-अंबानी को दे दी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी सरकार ने नोटबंदी करके छोटे रोजगार खत्म कर दिये, वहीं बड़े पूंजीपतियों को तब भी फायदा पहुंचाया। वैसी ही कोरोना काल में छोटे व्यापारियों की मदद न करके पूंजीपतियों की मदद की। गांधी ने रैली में संबोधन की शुरुआत करते हुये कहा कि सामान्य तौर पर बब्बर शेर अकेला दिखता है, यहां पर हजारों टाइगर बैठे हुये हैं। उन्होंने कहा, मोदी का चेहरा आजकल देखिये, पहले उनकी 56 इंच की छाती हुआ करती थी। मोदी कहते हैं कि वह नॉन बॉयोलॉजिकल हैं, उनका भगवान से सीधा रिश्ता है। वह घबरा गये हैं, तभी उल्टी सीधी बात बोल रहे हैं। आजकल यही कहते फिर रहे हैं, सब लोग बॉयोलॉजिकल, नरेन्द्र मोदी नॉन बॉयोलॉजिकल है।

## सीतारमण ने की उज्बेकिस्तान राष्ट्रपति से मुलाकात



**समरकंद (वार्ता)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियाई अवसंरचना निवेश (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक से इतर उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति एस मिर्जियोयेव से मुलाकात की। इस दौरान सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मिर्जियोयेव को बधाई दी और अगस्त 2024 में आयोजित तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान को धन्यवाद भी दिया। मिर्जियोयेव ने वित्त मंत्री का स्वागत किया और उल्लेख किया कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच गहरा ऐतिहासिक संबंध है और उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उज्बेकिस्तान के समर्थन का आश्वासन दिया।

### अबूझमाड़ के बदलने लगे हैं हालात

## 'माड़ बचाओ' अभियान से इलाके में शांति की नई उम्मीद

पायनियर संवाददाता < अबूझमाड़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के नक्सलप्रभावित अबूझमाड़ का नाम सुनते ही घने जंगलों, दुर्गम पहाड़ियों तथा वहां छिपे खतरनाक नक्सलियों का ख्याल जहां एक सिहरन पैदा करती है और जहां आम इंसान का पहुंचना मुश्किल होता है, वहां अब हालात बदलने लगे हैं । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चलाये गये 'माड़ बचाओ' अभियान से नक्सलियों के इस गढ़ में शांति की एक नयी उम्मीद जगी है। सुरक्षा बलों के लगातार अभियान से नक्सलियों को निरंतर चुनौती मिल रही है। मुख्यमंत्री स्वयं ऐसे अभियानों की निरंतर समीक्षा कर रहे हैं और हर कदम की बारीकी से निगरानी करते हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से समय-समय पर फीडबैक लेकर यह सुनिश्चित किया है कि हर अभियान नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक साबित हो। उनका उद्देश्य स्पष्ट है-नक्सल प्रभावित इलाकों को आतंक से मुक्त करके, वहाँ शांति और सुरक्षा का वातावरण स्थापित करना। उनका कहना है कि अबूझमाड़ और अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को पूरी तरह से मुक्त किया जाना उनकी सरकार का लक्ष्य है , ताकि यहां के लोगों को विकास और स्थिरता का अनुभव हो। साय का ध्यान केवल सुरक्षा अभियानों तक सीमित नहीं है बल्कि वह इन इलाकों में विकास कार्यों को भी अत्यधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को तेज़ी से लागू करने के लिए उन्होंने विशेष निर्देश दिये गये हैं। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ में लगातार चलाये जा नक्सल विरोधी अभियान और इन क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट सीधे मुख्यमंत्री से ले रहे हैं। उन्होंने कहा है कि नक्सलियों के पास अब दो ही रास्ते बचे हैं–या तो वे आत्मसमर्पण करें या सुरक्षा बलों की कार्रवाई का सामना करें। उनका यह बयान नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने और शांति की राह अपनाने के लिए प्रेरित करने वाला है, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक बदलाव आ सके। अबूझमाड़ में हाल में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता मिली है। गत 23 सितंबर को अबूझमाड़ में परादी के जंगलों में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर नक्सलियों के एक बड़े समूह को घेर लिया। सुरक्षा बलों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने को कहा लेकिन नक्सलियों ने जवाब में गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों पक्षों के बीच चली इस मुठभेड़ में तीन कुख्यात नक्सली मारे गये।




# अब डिस्पेंसरी मजदूरों को सीधे विशेषज्ञ हॉस्पिटल में कर सकेंगे रेफर, श्रम मंत्री ने दिए निर्देश

## ईएसआईसी अस्पतालों में सुविधा बढ़ाने, चार स्थानों में नए औषधालय प्रारंभ करने पर जोर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में प्रदेश के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था बनाए जिसमें श्रमिक और उनके परिवार जनों को डिस्पेंसरी से सीधे विशेषज्ञ हॉस्पिटल (अनुबंधित) में रेफर कर सकें। वर्तमान में गंभीर बीमारी से ग्रस्त और इमरजेंसी में मरीजों को पहले ईएसआईसी के डिसपेंसरी फिर मुख्य अस्पताल से अनुबंधित अस्पताल रेफर करवाना पड़ता है। इस जटिल प्रक्रिया की वजह से श्रमिक परिवारों को काफी परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए मंत्री देवांगन ने कहा की ईएसआईसी जब तक अपने अस्पतालों में सुविधा नही बढ़ाती तब तक मरीजों को अन्य अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराएं। कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश के राइस मिल, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, निजी स्कूल समेत अन्य संस्थान के सर्वे कर ज्यादा से ज्यादा कर्मियों को ईएसआईसी में पंजीकृत करने के निर्देश। उन्होंने बस्तर में जल्द कार्यालय और अस्पताल प्रारंभ करने निर्देशित किया। प्रदेश में 4 नए औषधालय शुरु करने के निर्देश दिया। साथ ही ईएसआईसी अस्पतालों में आईपीडी की सुविधा बढ़ाने को कहा। श्रम मंत्री देवांगन ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा संचालित अस्पतालों में श्रमिकों का बेहतर से बेहतर उपचार हो, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। कैबिनेट मंत्री देवांगन ने मंत्रालय महानदी भवन में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अंतर्गत क्षेत्रीय परिषद जिसमें ईएसआई एवं आरआईटीईएस के अधिकारियों की बैठक में इस आशय के निर्देश दिए। देवांगन ने इएसआईसी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करने हेतु रीजनल बोर्ड के सदस्यों को ईएसआई स्थानीय चिकित्सक द्वारा आमंत्रित करने को कहा। छत्तीसगढ़ क्षेत्र में 4 नए औषधालय जिनमें ग्राम लारा, खरसिया, तिल्दा एवं उरला में खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। कैबिनेट मंत्री देवांगन ने बिलासपुर जिले हेतु 100 बेड अस्पताल के निर्माण के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल हेतु राज्य शासन के द्वारा भूमि के दिए गए विकल्पों का समिति के द्वारा परीक्षण कर मुख्यालय भेजा गया है। मुख्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम के द्वारा विकल्पों का मूल्यांकन किया जा रहा है। बस्तर जिले हेतु औषधालय कार्यालय (डीसीबीओ) का अनुमोदन किया गया। जिसमें मुख्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम के द्वारा लिए गए नीतिगत निर्णयों के अनुसार केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम के भवनों में नए कार्यालय खोले जाने है। किन्तु अभी तक उपयुक्त भवन उपलब्ध नही हो पाया है। इस संबंध में कैबिनेट मंत्री ने भारत संचार निगम एवं भारतीय जीवन बीमा निगम को भवन की उपलब्धता हेतु इन संस्थाओं से सम्पर्क करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन के द्वारा ग्राम कुरूंदी औषधालय सह कार्यालय (डीसीबीओ) के निर्माण हेतु जमीन चिन्हित की गई है। यह जमीन इस हेतु उपयुक्त पायी गई है। निगम के द्वारा राज्य शासन से आबंटन यथाशीघ्र कराने के संबंध में प्रस्ताव भेजने पर सहमती व्यक्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के चार और जिलों में शाखा कार्यालय जल्द ही खोला जाना है। इनमें सरगुजा, सूरजपुर एवं दंतेवाड़ा में शाखा खोलने हेतु बीएसएनएल से किराये पर भवन ले लिया गया है। जिसका संचालन जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही जशपुर में भी शाखा कार्यालय खोलने हेतु भवन किराये पर लेने बीएसएनएल पत्राचार किया जा रहा है। औषधालय उरला एवं तिल्दा में औषधालय निर्माण के लिए भूमि आबंटन हेतु कलेक्टर कार्यालय रायपुर द्वारा बताया गया कि उरला में उपलब्ध सभी खाली भूमि छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) को सौप दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि यदि उरला में खाली भूमि उपलब्ध होगी तो (सीएसआईडीसी) से इसकी पुष्टि उपरांत आगे के कार्यवाही के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम को सूचित किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन से लगातार समन्वय किया जा रहा है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल रावाभाठा रायपुर में 100 बिस्तर की क्षमता हेतु अनुमोदित है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से 112 विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 5 करोड़ 7 लाख रूपए की मिली स्वीकृति



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले के समग्र विकास के लिए 5 करोड़ 7 लाख 24 हजार 900 रुपए की स्वीकृति मिली है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न निर्माण कार्यों की मांग पर, शर्मा ने मंडी बोर्ड, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना और मनरेगा के तहत 112 विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। इन कार्यों से जिले में बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा और विकास को गति मिलेगी। इससे क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा। नए विकास कार्यों में सड़कें, भवन, तालाब सौंदर्यीकरण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन और रंगमंच जैसी सुविधाओं का समावेश होगा, जिससे जिलेवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। यह पहल ग्रामीण विकास को सशक्त बनाने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले के समग्र विकास के लिए 5 करोड़ 7 लाख 24 हजार 900 रुपए की स्वीकृति मिली है। इन कार्यो मे मंडी बोर्ड से 20 कार्यों के लिए 1 करोड़ 55 लाख 77 हजार रुपए के कार्य शामिल है। इनमे सामुदायिक भवन के 07 कार्य, सीसी रोड के 10 कार्य, सांस्कृतिक मंच के 02 कार्य और भवन 01 कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से 84 कार्यों के लिए 2 करोड़ 81 लाख 30 हजार रुपए के कार्य शामिल है। इनमे सामुदायिक भवन के 14 कार्य, सीसी रोड के 37 कार्य, रंगमंच के 10 कार्य, आंगनबाड़ी भवन के 03 कार्य, नाली निर्माण के 13 कार्य, पुलिया निर्माण के 03 कार्य, पीडीएस भवन, मुक्तिधाम, निर्मलघाट, तालाब सौंद्रीकरण के 01-01 कार्य शामिल है। इसी तरह मनरेगा के तहत 08 कार्य के लिए 70 लाख 17 हजार 900 रुपए के कार्य शामिल हैं। इनमे नाली निर्माण के 02 कार्य, पुलिया निर्माण के 03 कार्य, मुक्तिधाम, 03 कार्य शामिल है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास करना है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत निधियों का उपयोग सही तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा ताकि स्थानीय समुदाय को अधिकतम लाभ मिल सके। शर्मा ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए जो राशि स्वीकृत की गई है, उसका प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाएगा।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायत परिसर की साफ-सफाई

पायनियर संवाददाता ➤ कुरुद
www.dailypioneer.com





संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- 2 के द्वारा ग्राम पंचायत चरमुडिया में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले के नेतृत्व में गांव के संरपच, पंच, ग्रीन आर्मी व ग्रामवासियों संग अधिक संख्या में स्वयंसेवक सम्मिलित रहे। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भी के द्वारा ग्राम पंचायत परिसर कि साफ सफाई करते हुए नारों व गीतो का उदघोण किया गया साथ ही वरिष्ठ कृषि विकास के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी सी.आर. साहू के द्वारा सभी को प्रेरित करते हुए कृषि कार्यालय परिसर की सफाई भी की गई साथ ही कार्यक्रम का अंत सभी को स्वच्छता शपथ दिलवाते हुए किया गया। इस दौरान स्वयंसेवक संगीता भारती, कनिष्का सोनवानी, पूजा, अनुपमा आदि सम्मिलित रहें।

# अच्छा व्यक्ति बनना, काम करना, धन कमाना, मनोरंजन करना कोई गलत नहीं, परन्तु सत्संग के बिना यह जीवन बेकार है : पं. विष्णु प्रसाद दुबे

पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com





ग्राम परखंदा मे जयमत बाई साहू परिवार के तत्वाधान मे सच्चिदानंद भगवान श्री कृष्णचन्द्र जी एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से स्व.भागवत राम साहू के पुण्य स्मृति में आत्म शांति हेतु वार्षिक श्राध्द एवं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमे कथावाचक प्रवचनकर्ता पं. विष्णु प्रसाद दुबे ने अपने मुखारविंद से कथा श्रवण कराते हुये बताया कि राजा बली जैसे धर्मात्मा भी अहंकार में पड़ जाते है और स्वर्ग की लालसा में प्रकृति के नियमों के विरूद्ध कार्य करने लगते है। तब भगवान विष्णु वामन रूप में राजा बली के यज्ञ स्थल पर पहुंचकर अपने लीला दिखाते हुए राजा बली से दान में तीन पग भूमि मांगकर दो पग में पूरे इस ब्रम्हांड को नाप लिया और तीसरा पग राजा बली ने अपने सिर पर रखने को कहकर अपने संकल्प को पूर्ण किया। इसके बाद भगवान श्री हरी ने उसे महात्मा बली कहकर संबोधित किया और अपनी विशेष भक्ति प्रदान की। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए महाराज दुबे ने इस संसार की तुलना कुंए से की। उन्होने कहा कि जिस तरह कुंए से पानी बाल्टी में रस्सी बांधकर निकालते है। वैसे ही कार्य करते हुए हमें अपना अच्छा किरदार निभाना चाहिए। अच्छा व्यक्ति बनना चाहिए काम करना, धन कमाना, मनोरंजन करना, कोई गलत नही परन्तु सत्संग के बिना यह जीवन बेकार है। सत्संग से ही मानव मानवता की और मनुष्य मनुष्यता की ओर अग्रसित होता है, तब जाकर जीवन का मोल हमें पता चलता है। उन्होने कहा कि श्रीराम हमें मर्यादा में रहना सिखाते है और श्री कृष्ण ने सिखाया कि मर्यादा मे रखते कैसे है। रावण जैसे अंहकारी व दुराचारी को भगवान श्रीराम ने वानरों की सहायता से समुद्र पर पुल बांधकर लंका जाकर रावण का वध किया। यह कथा नारी के सम्मान व पतिव्रता धर्म की कथा है। कथा सुनने वालों में वत्सली साहू, शकुन साहू, रामकुमार साहू, अनिता साहू, बसंत साहू, सत्यभामा साहू, लोकेश साहू, किरण साहू, दीपक साहू, राधिका साहू, कुलेश्वर साहू, मधु साहू, वासुदेव साहू, भूमिका, धमेन्द्र, धनेश्वरी साहू, डिगेश, मोना साहू, तोमन साहू, गिरधर साहू, धनेश्वरी, रेणुका, सोनिया, चन्द्रकांता, तोषण, लक्ष्मी, प्राची सोमेश साहू, देवेन्द्र साहू, अजय साहू, सुमेरी साहू, मोहित माधुरी साहू, बालगोविन्द साहू, नरेन्द्र ढीढी, लखन सोनकर, दीपक निषाद, बिसेलाल साहू, मोतीलाल साहू, नंदकुमार निषाद, युवराज पटेल, मन्नू ध्रुव, टोमन प्रजापति, चोवा प्रजापति, भारत पटेल सहित ग्रामवासी काफी संख्या मे उपस्थित होकर कथा श्रवण किया।

# यंग आर्म्स फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ कॉलेज में लड़कियों के लिए लगाई तीन सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर में आर्म्स फाउंडेशन के सौजन्य से तीन ऑटोमेटिक सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन तथा तीन इंसीनरेटर मशीन को इंस्टॉल किया गया। मशीन के इंस्टॉलेशन समारोह में पधारे हुए चीफ गेस्ट शरद अग्रवाल ने यंग आर्म्स फाउंडेशन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि लड़कियों के जीवन में मासिक धर्म एक सामान्य और स्वाभाविक प्रक्रिया है। इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। सेनेटरी नैपकिन इसी स्वच्छता को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि ने आगे बताया कि कॉलेज में ऑटोमेटिक सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगने से तथा इसके इस्तेमाल से छात्राएं गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकती है। सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल करके लड़कियां अपने दैनिक कामों को बिना किसी बाधा के कर सकती हैं। उन्हें स्कूल, कॉलेज या ऑफिस जाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। छत्तीसगढ़ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर अमिताभ बैनर्जी ने यंग आर्म्स फाउंडेशन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि कॉलेज की 1200 लड़कियों को इस तरह की ऑटोमेटिक मशीन की दरकार थी ताकि स्वच्छता के साथ-साथ बेझिझक वह कॉलेज में अपना अध्यापन कर सके।

# करणी कृपा पावर प्लांट में हुए हादसे के संबंध में सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को नोटिस जारी

**महासमुंद।** करणी कृपा पावर प्लांट ग्राम खैरझिटी, महासमुंद में मजदूरों के साथ हुई दुर्घटना के संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह ने विलंब से जानकारी देने के संबंध में सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, कक्ष क्रमांक 22. पुराना कलेक्ट्रेट कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा 03 दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करने कहा गया है। ज्ञात है कि करणी कृपा पावर प्लांट खैरझिटी तहसील व जिला महासमुन्द में 08 सितंबर 2024 को दुर्घटना घटित होने से 03 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिसकी सूचना प्रबंधन द्वारा पुलिस /जिला प्रशासन को नहीं दी गई थी। विलंब से जानकारी देने के संबंध में सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को 03 दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करने के आदेश दिए हैं, कलेक्टर ने कहा कि कि क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावे। ज्ञात है कि 22 सितंबर 2024 को सोशल मीडिया एवं अखबारों में उक्ताशय की खबर प्रकाशित होने पर फैक्ट्री में हुई दुर्घटना की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हुई।

# स्वच्छता का महत्व बतलाकर पीएमश्री आरडी तिवारी स्कूल में छात्राओं को सेनेटरी पेड वितरित किये





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार के आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय, छत्तीसगढ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जारी स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 5 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, एनजीओ माई बेटी के साथ मिलकर पीएमश्री आरडी तिवारी अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ शाला में स्कूल की छात्राओं को स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाया गया। एनजीओ माई बेटी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के साथ मिलकर जोन क्रमांक 5 के क्षेत्र में पीएमश्री आरडी तिवारी अंग्रेजी माध्यम शाला में छात्राओं के मध्य स्वच्छता जनजागरण अभियान चलाया गया। आयोजन में माई बेटी एनजीओ की ओर से पीएमश्री आरडी तिवारी स्कूल की छात्राओं को जीवन में स्वच्छता का महत्व समझाते हुए एनजीओ संगठन की ओर से सेनेटरी पेड वितरित किये गये। नगर निगम जोन 5 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा ने स्कूल छात्राओं को स्वच्छ पर्यावरण हेतु सामूहिक शपथ दिलवायी।

# रेत के अवैध परिवहन करते 9 हाइवा जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर सतत कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा रेत के अवैध परिवहन की सूचना पर ग्राम पीढ़ी में जांच के दौरान बल्दा कछार (बलौदाबजार) से रेत का अवैध परिवहन करते 01 हाइवा जप्त कर थाना तुमगांव की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। इसी तरह अवैध रेत परिवहन की सूचना पर सिरपुर क्षेत्र में खनिज विभाग द्वारा जांच कर 08 हाइवा वाहन को जप्त किया गया है। उक्त सभी हाइवा वाहन ग्राम बल्दाकाछार (बलौदाबाजार) से रेत लोड कर परिवहन कर रहे थे। सभी 08 हाइवा वाहन को सिटी कोतवाली महासमुंद की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ कुरुद
www.dailypioneer.com



संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-01 के तत्वाधान में 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करतें हुए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर नें कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयंसेवक होना गर्व की बात है एनएसएस का स्वयंसेवक अन्य विद्यार्थियों से बिल्कुल अलग होता है, वह महाविद्यालय एवं समाज में अपनी एक अलग पहचान रखता है। प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष हितनारायण टण्डन नें कहा कि अध्यापन के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी विद्यार्थियों को भाग लेना चाहिये, हमें पढ़ने के साथ साथ सामाजिक, राजनीतिक एवं अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिये तथा हमें अपनें अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सदैव जागरूक रहना चाहिये। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार नें कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आपके व्यक्तित्व को परिष्कृत और परिमार्जित कर आपको बहु आयामी बनाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर आप एक जागरूक नागरिक बनते हैं और कोई भी देश उसके नागरिकों से ही जाना जाता है जिस देश के नागरिक जितने अच्छे होतें हैं वह देश उतना ही अच्छा होता है। इस अवसर पर पुराने स्वयंसेवकों नें भी अपनें विचार रखें।स्वयंसेविका भूमिका डाहरें नें एनएसएस की स्थापना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी.के राठौर सहित जनभागीदारी समिति के सदस्य शशांक कृदत्त, धनेश्वर निर्मलकर, अनुराधा साहू, खेमराज सिन्हा, स्वयंसेवक मोजेश साहू, केशव ध्रुव, यामिनी कंवर, भूमिका डाहरें, तुलेश्वरी साहू, जागेन्द्र सिंह, विषभ सोनकर, रोशनी साहू सहित बड़ी संख्यां में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का हुआ आयोजन




**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी.के. राठौर के मार्गदर्शन एवं एनएसएस इकाई- 02 की कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एनएसएस इकाई-02 के द्वारा युवाओं को सशक्त बनाने में एनएसएस की भूमिका विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा स्वच्छ भारत विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही इस दौरान स्वयंसेवको को विभिन्न प्रकार के देशी खेलकूद खेले गए जैसे नीर-तीर, सॉप-नेवला, रूमाल-झप्पटा, कितने भाई कितने, राम-रावण युद्ध आदि। एनएसएस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सभी स्वयंसेवक के द्वारा पूरे महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई जिसमें सभी स्वयंसेवको ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में कनिष्का, संगीता, चुम्मेश्वरी, मनीषा, मंदाकिनी, संगीता साहू आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता की आवश्यकता एवं महत्व विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-01 के तत्वाधान में स्वच्छता की आवश्यकता एवं महत्व विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करतें हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार नें कहा कि स्वच्छता का संबंध स्वास्थ्य से है और स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है, हमें निरोगी रहने के लिये स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाना चाहिये और अपनें परिवेश को स्वस्थ और खुशहाल बनाने में अपना योगदान देना चाहिये। स्वस्थ और जागरूक नागरिक किसी देश की सबसे बड़ी संपत्ति है। उन्होंने अपनी लघुकथा राष्ट्रप्रेम के माध्यम से स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित और जागरूक किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों नें भी अपनें विचार रखें। स्वयंसेवक मोजेश कुमार साहू नें स्वच्छ भारत अभियान की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक स्वच्छता पर ध्यान देनें संबंधी बातें कही। स्वयंसेविका तुलेश्वरी साहू नें छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में अच्छी बुद्धि निवास करती है, शरीर को स्वस्थ रखने के लिये परिवेश का साफ-सुथरा होना बहुत जरूरी है।

# बलरामपुर जिले में 12 दिनों के अंदर 5 पंडो जनजाति सदस्यों की हुई मौत

## पंडो समाज के प्रांतीय अध्यक्ष ने सरगुजा कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन, मूलभूत सुविधाओं को लेकर तरस रही है बलरामपुर जिले की जनता

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के विकासखंड में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पण्डो परिवार के 12 दिनों में 05 लोगों की मौत का मामला प्रकाश में आया है मौत की वजह खून की कमी,बुखार,क्षय रोग एवं प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मृत्यु शामिल हैं। उक्त मामले को लेकर पंडो समाज के प्रांतीय अध्यक्ष उदय पंडो ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए,सरगुजा कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी लापरवाही का आरोप लगाया है और मांग की है कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पंडो समाज ने इसके लिए संयुक्त संचालक स्वास्थ्य को भी आवेदन सौंपा है। इस विशेष जनजाति के


सर्व विशेष पिछड़ी जनजाति समाज कल्याण समिति छत्तीसगढ़

लोग मौसमी बीमारियों से भी लगातार जूझ रहे हैं, जिससे उनकी हालत और खराब होती जा रही है। यह हालात सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और योजनाओं के असफल क्रियान्वयन की ओर इशारा करते हैं। अध्यक्ष ने कहा है कि उक्त घटना के बाद शासन प्रशासन के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी है। सारी सरकारी योजनाएं केवल फाइलों तक सिमट कर रह गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि विशेष रूप से, इस क्षेत्र के विधायक राम विचार नेताम,जो वर्तमान में कृषि और अति पिछड़ी जनजाति मंत्री हैं, उनके गृह ग्राम से लगे हुए गांवों में ही पंडो जनजाति के सदस्यों की मौतें हुई हैं। इससे सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह होगा कि इस घटना के बाद प्रशासन इन विशेष जनजातियों की सहायता के लिए क्या कदम उठाती है या हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जांच के नाम पर मामला दबा दिया जाएगा। यह बात सत्य है कि इस क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने इनकम बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य के नाम पर कई भवन तो तैयार करा दी गई है लेकिन उन भवनों में ऐसी डॉक्टर की उपलब्धता नहीं कराई गई जो एक साधारण से बुखार की बीमारी को ठीक कर सके। पूरे बलरामपुर जिले में एक बुखार का दवा करने के लिए लोगों को अंबिकापुर झारखंड प्रदेश के गढ़वा डाल्टनगंज रांची का रुख अख्तियार करना पड़ रहा है इस क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि जिन जनप्रतिनिधियों को जनता चुन रही है वही जनप्रतिनिधि निर्वाचित होने के बाद अपने ही आमदनी के उधेड़बुन में लगे हुए हैं और विकास की बात तो छोड़िए मूलभूत की सुविधाओं के लिए भी बलरामपुर जिले वासी तरसने को मजबूर है? विकास के नाम पर आए दिन मंच से नेता झूठ बोलते नहीं थक रहे हैं जिले की मजबूर जनता क्या करें और क्या ना करें इस विषय पर बीमारियों को लेकर हमेशा उनको आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है?

# राज्य शासन की राजस्व से जुड़े सर्व प्राथमिकता वाली योजना है, इस कार्य में कोताही नहीं होगी बर्दास्त

## नवपदस्थ कलेक्टर वर्मा ने बोड़ला एसडीएम कार्यालय और न्यायालय का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आदिवासी-बैगा बाहूल्य बोड़ला विकासखण्ड के अनुविभागीय कार्यालय राजस्व तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम कार्यायल तथा एसडीएम न्यायालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के बाद तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में राजस्व विभाग से जुड़े स्वामित्व योजना और डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना और डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण का कार्य पायलेट प्रोजेक्ट के तहत कबीरधाम जिले का चयन किया गया है। इन कार्योमें प्रगति लाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर वर्मा ने एग्रीस्टेक एप्प के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के सर्वेक्षण के लिए 354 प्राइवेट सर्वेक्षणकर्ता, 33 सुपवाईजर (पटवारी), 03 वेरिफायर (राजस्व निरीक्षक) के कार्यो का समीक्षा की। यहां बताया गया कि एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत बोड़ला तहसील में आज तक कुल 26028 खसरा नंबरों में सर्वेक्षण हुआ है। कलेक्टर ने सर्वेक्षण कार्य में संतोषजनक व्यक्त करते हुए डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 30 सितंबर 2024 तक पूर्ण के निर्देश दिए। इसी प्रकार पटवारियों को शत-प्रतिशत नक्शा बटांकन करने के लिए निर्देशित किया। वर्तमान में बोड़ला तहसील में नक्शा बटांकन 56.97 प्रतिशत है। कलेक्टर वर्मा ने स्वामित्व योजनांतर्गत प्रगति की समीक्षा की। यहां बताया गया कि बोड़ला तहसील के अंतर्गत कुल 164 ग्रामों में प्रारंभिक प्रकाशन हो चुका है। कलेक्टर ने 02 अक्टूबर 2024 तक ग्राम सभा से अनुमोदन कराने के बाद अंतिम प्रकाशन के लिए जिला सर्वेक्षण अधिकारी कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक से पहले एसडीएम कार्यालय तथा न्यायालय का निरीक्षण कर लंबित तथा पंजीबद्ध प्रकरणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने त्रुटि सुधार के प्रकरणों को शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के भू-अर्जन प्रकरणों की जानकारी ली।

# आरएमडीएफ एवं प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा आर.एम.डी.एफ (रक्षामंत्री विवेकाधीन निधि) एवं प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने हेतु वेबसाइट www.ksb.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन 30 नवम्बर तक आमंत्रित किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई है कि आर.एम.डी.एफ (रक्षामंत्री विवेकाधीन निधि) छात्रवृत्ति योजना के तहत् जिले के भूतपूर्व सैनिकों और विधवाओं के ऐसे बच्चे जिन्होंने वर्ष 2023-24 में कक्षा 01 से 12वीं एवं स्नातक की परीक्षा पास की है, वे छात्रवृत्ति हेतु 30 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना हेतु भूतपूर्व सैनिकों और विधवाओं के ऐसे बच्चे जो तकनीकी व व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत् प्रथम वर्ष में दाखिला लिए हैं तथा 12वीं कक्षा में 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं, वे प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के पात्र हैं। इसके तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2024 है। उन्होंने बताया कि व्यवसायिक पाठ्यक्रम की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन भरने के बाद मूल दस्तावेजों के साथ प्रमाणीकरण हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में उपस्थित होना है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंम्बर 07868-299299 में सम्पर्क किया जा सकता है।

# आरसेटी जगदलपुर में एसबीआई के अधिकारियों ने किया पौधरोपण

**जगदलपुर।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जगदलपुर में बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं द्वारा पौधरोपण किया गया। आरसेटी जगदलपुर में 30 दिवसीय सेलफोन रिपेयर एण्ड सर्विसेस का निःशुल्क प्रशिक्षण बीते 18 सितम्बर से प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक महेन्द्र देशमुख, प्रबंधक टॉम अतुल डुंगडुंग, प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक किरण कुमार लुगुन एवं भारतीय स्टेट बैंक व आरसेटी जगदलपुर के साथी कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। आरसेटी में संचालित उक्त प्रशिक्षण को मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा जगदलपुर महेन्द्र देशमुख द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# लक्ष्मीनाथ बघेल ने रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला के चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिला संगठन सचिव लक्ष्मीनाथ बघेल के द्वारा रक्तदान किया गया। जिला अस्पताल में गिरोला निवासी रूक्मणी शार्दुल जो कि, खून की कमी के चलते भर्ती कराया गया था, परिजन रक्त की तलाश कर रहे थे, इसी दरम्यान लक्ष्मीनाथ बघेल को जानकारी मिलते ही तत्काल अस्पताल पहुँचकर ए पाज़िटिव रक्तदान किया गया। ज्ञात हो कि, ग्राम किबई बालेगा निवासी लक्ष्मीनाथ बघेल प्यून के रूप में हाई स्कूल बांसगांव में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और वर्तमान में चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिला संगठन सचिव के पद पर हैं। उनके द्वारा किए गए नेक कार्य के लिए परिवार, मित्रों और कर्मचारी संगठन के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# क्वीक न्यूज

### सिंगारभाट में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर के ग्राम सिंगारभाट में गत दिवस विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मजिस्ट्रेट एवं सचिव भास्कर मिश्रा ने बताया कि उपस्थित 30 ग्रामों के संगठन महिला समूह की महिलाओं को ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सायबर अपराध, बाल अपराध, लैंगिक अपराध, घरेलू हिंसा तथा क्षतिपूर्ति आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विधिक साक्षरता शिविर में प्रतिधारक अधिवक्ता सागर गुप्ता, विधिक स्वयंसेवी वर्षा एवं भक्त प्रहलाद सिन्हा उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरीस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 03 परिवारों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील बास्तानार ग्राम जामगांव निवासी सुरेश गावड़े की मृत्यु सांप काटने से पिता संतु गावड़े को, तहसील बस्तर ग्राम पिपलावण्ड निवासी ईश्वरी बघेल की मृत्यु पानी में डूबने से पिता बुकलूराम बघेल को और विकास कश्यप पिता नंदुराम कश्यप प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने जगदलपुर तहसील के बुरुंडवाड़ा सेमरा एवं कोपागुड़ा में गिरदावरी का किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** आयुक्त बस्तर संभाग डोमन सिंह ने बुधवार को जगदलपुर तहसील के ग्राम बुरुन्दवाड़ा सेमरा तथा कोपागुड़ा में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खसरे में स्थित भवन व अन्य निर्माण के रकबे को खसरे के कुल रकबे से घटाकर अंकित करने तथा शत-प्रतिशत गिरदावरी के निर्देश दिए। साथ ही पड़त को अनिवार्य तौर पर दर्शाने को कहा। इस मौके पर कमिश्नर ने फ़सल का भी जायजा लिया और किसानों से चर्चा की। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरत कौशिक, नायब तहसीलदार आशीष साहू तथा राजस्व विभाग के मैदानी अमला एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला कार्यक्रम सलाहकार समिति जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हरिस एस की अध्यक्षता में डाइट की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं शैक्षिक गतिविधियों को प्रभावकारी बनाने हेतु डाइट की वार्षिक पर्यवेक्षण के उद्देश्य से जिला कार्यक्रम सलाहकार समिति (डी पी ए सी) की बैठक प्रेरणा हॉल, कलेक्ट्रेट जगदलपुर में किया गया है। बैठक में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा किया गया, बैठक में जिला कार्यक्रम सलाहकार समिति के जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, डाइट के प्राचार्य नितिन डडसेना सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यटन दिवस पर बादल अकादमी में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

**जगदलपुर।** विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर को बादल अकादमी में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्कूली बच्चों के लिए ड्रॉइंग प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 3 बजे से 4.40 बजे तक 5 टॉपिक पर पैनल डिस्कशन और 4.45 बजे से 5.30 बजे तक फ़ाइनल सेरेमनी कार्यक्रम रखा गया है।

# तीन दिवसीय भोरमदेव तितली सम्मेलन का होगा आगाज शुभारंभ कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में पहली बार भोरमदेव तितली सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। भोरमदेव तितली सम्मेलन का शुभारंभ 27 सितंबर को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम से होगा। इस दौरान वन विभाग द्वारा विभिन्न प्रजातियों की तितली की फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। भोरमदेव तितली सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री केदार कश्यप, विशेष अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, कवर्धा जनपद अध्यक्ष इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी शामिल होंगे। वन मंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि जून 2024 में भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत पहली बार बर्ड सर्वे का आयोजन किया गया था। जिसमें पूरे देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी उपस्थित हुए थे, उन सभी के द्वारा आयोजित बर्ड सर्वे की सराहना की गई। जिससे उत्साहित होकर भोरमदेव अभ्यारण्य की टीम द्वारा सितंबर माह में 28 से 29 सितंबर तक तितली सर्वे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के उपरांत भोरमदेव अभ्यारण्य तितलियों के संसार के रूप में वर्णित हो जाता है और यहां भरपूर मात्रा में तितलियां के लिए आवश्यक नेक्टर एवं होस्ट पौधे उपलब्ध हैं जो उनके जीवन चक्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि अभयारण्य अंतर्गत 120 से अधिक प्रजाति की तितलियां पाई जाती हैं। भोरमदेव अभ्यारण के अंतर्गत दुर्लभ ऑरेंज ऑक्लिप्स पाई जाती है। जिससे आकर्षित होकर कई तितली प्रेमी भोरमदेव अभ्यारण्य इस तितली की फोटोग्राफी के लिए आते रहते हैं।

# दरभा के चिड़पाल में आयोजित पोषण मेला में शामिल हुए चित्रकोट विधायक विनायक गोयल और जनप्रतिनिधि

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना दरभा अंतर्गत सेक्टर चितापुर के ग्राम चिड़पाल में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पोषण मेला का आयोजन किया गया । जिसमें चित्रकोट विधायक विनायक गोयल सहित दरभा जनपद अध्यक्ष ए जानकी राव, जनपद उपाध्यक्ष अनंतराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म तथा 6 महीने के बच्चों का अन्न प्राशन कार्यक्रम किया गया। वहीं इन जनप्रतिनिधियों द्वारा सेल्फी जोन में सेल्फी लिया गया, साथ ही पोषण माह की जानकारी दी गयी। पालकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा रेडी टू ईट फूड व्यंजन का प्रदर्शन एवं अंकुरित चना मूंग के साथ अन्य अमरूद, नींबू, प्याज का मिश्रण कर गर्भवती माताओं एवं एनीमिक महिलाओं एवं बच्चों को सेवन करने के लिए विधि प्रदर्शन के माध्यम से सेवन करने सम्बन्धी जानकारी दी गई। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में विकसित पोषण वाटिका का निरीक्षण किया गया, जहां पर तोरई, पपीता, मुनगा आदि को लगे देख कर कार्यकर्ता और सहायिका की तारीफ की गई। इस दौरान विधायक विनायक गोयल ने पालकों और उपस्थित गर्भवती महिलाओं तथा पोषक माताओं को बच्चों को सुपोषित रखने के लिए गर्भावस्था के दौरान से ही महिलाओं के समुचित खानपान तथा स्वास्थ्य पर ध्यान देने की समझाइश दी और कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करवाने का आग्रह किया। पोषण मेला में कुपोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी के द्वारा तिरंगा आहार एवं स्थानीय साग-सब्जियों के महत्व के बारे में बताया गया। वहीं इन साग-सब्जियों तथा पत्तेदार भाजियों का सेवन करने पर बल दिया।

## पिकअप वाहन के ट्राली के नीचे चेचिस में स्पेशल चेम्बर बनाकर अवैध गांजा का परिवहन

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




आरोपी के कब्जे से 36240 किलोग्राम गांजा कीमत करीब 3 लाख 62 हजार 400 रूपये एवं सफेद कलर के महिंद्रा कम्पनी का बोलेरो पिकअप वाहन कीमत लगभग 5 लाख कुल 8 लाचा 62 हजार 400 की सामग्री जब्त किया गया। विगत दिनों वरिष्ठ अधिकारीयों के द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये नशीली पदार्थों के ऊपर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ था जिसके तहत पुलिस अधीक्षक के द्वारा आवैध नसीली पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ था। पुलिस अधीक्षक निर्देशानुसार अति पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में केशकाल पुलिस टीम के द्वारा समय-समय पर लगातार चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में चेक पोस्ट लगाकर सघन चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ की सफेद कलर के महिंद्रा कंपनी का बोलेरो पिकअप वाहन में अवैध मादक गांजा तस्करी कर एनएच 30 से उड़ीसा से रायपुर की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना केशकाल के एनएच 30 मेन रोड में थाने के सामने चेक पोस्ट लगाकर वाहन चेकिंग प्रारम्भ किया गया। इसी दौरान मुखबिर के बताये अनुसार सफेद कलर के महेन्द्रा कम्पनी का बोलेरो पिकअप वाहन में दो व्यक्ति चेक पोस्ट में पहुंचे जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम तपन खोसला, सुरज मतरा जिला कोरापुट ओडिशा का रहने वाला बताया जिसके वाहन की चेकिंग करने पर पिकअप वाहन के खाली ट्राली के नीचे चेचिस में अलग से बनाये स्पेशल चेम्बर के अंदर छुपा कर रखा हुआ भूरे रंग के सेलो टेप से पैक किया हुआ 17 पैकेट अवैध मादक पदार्थ मांजा कुल वजन 36.240 किलोग्राम गांजा प्राप्त हुआ जिसका कीमत करीब 3 लाख 62 हजार 400 सौ रूपये एवं पिकअप वाहन कीमत लगभग 5 लाख कुल कीमत 8 लाख 62 हजार 400 रूपये को विधिवत जप्त कर आरोपीगणों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी (1) तपन खोसला, सुरज भतरा को गिरफ्तार किया गया।

# ग्रामसभा का आयोजन 2 से 8 अक्टूबर तक

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 02 से 08 अक्टूबर 2024 तक ग्राम सभा आयोजन हेतु निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम सभाओं का आयोजन अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारिणी बनाकर तिथि निर्धारित करें ताकि एक ही तिथि को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्रामसभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्रामसभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा।

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर मुनादी कराएं। साथ ही ग्रामसभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के बाद ग्रामसभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ''ग्रामसभा निर्णय'' मोबाईल एप में अपलोड कराएं। इसके अलावा उन्होंने ग्रामसभा के गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल https://meetingonline.gov.in एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराकर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन जिला कार्यालय को 12 अक्टूबर 2024 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जनजागरूकता के लिए स्वच्छता रथ ग्रामीण इलाकों के लिए रवाना

**जगदलपुर।** पूरे देश में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान हेतु जनजागरूकता निर्मित करने की दिशा में व्यापक पहल किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के ग्रामीण ईलाके में स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने हेतु कलेक्टर हरीस एस. ने बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, स्वच्छ भारत मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी दिलीप गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी और स्वच्छता दीदियां मौजूद थे। यह स्वच्छता रथ ग्रामीण क्षेत्रों में ऑडियो-विजुअल के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेगी। साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान सम्बन्धी ब्रोसर-पेम्पलेट ग्रामीणों को वितरित कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# जिले में पहली बार प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का ग्राम पंचायत गुड़ेलिया में हुआ एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं आवास प्लस के अंतर्गत जिले में पहली बार हितग्राहियों के उन्नमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गुड़ेलिया मे किया गया। उक्त आयोजन मे 26 ग्राम पंचायतों के लगभग 800 से अधिक ग्रामीणों के उपस्थिति के साथ जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल जनपद पंचायत भाटापारा सीईओ सत्यव्रत तिवारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.एल गेन्डरे संदीप वर्मा, रश्मि वर्मा, पिओ नरेगा, बीसी हेमलता सहित क्षेत्र के उपअभियंता, तकनीकी सहायक, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, सहा.आं.ले.परी एवं करा. अधिकारी लोकेस धुरू, संकेत अग्रवाल, सरपंच, सचिव ग्राम पंचायत एवं रोजगार सहायकों आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से करना हम सबकी ज़िम्मेदारी

कार्यक्रम के उदबोधन मे जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुये कहा कि आवास योजना के हितग्राहियों प्रथम किश्त के रूप में 40000 हजार रुपये प्रत्येक हितग्राहियों के खाते मे डाल दिया गया है जिसका ले आऊट आप सभी 2 दिवस के भीतर करना सुनिश्चित करे, जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि आवास का पैसा 3 किस्त मे दिया जायेगा, जिसमे दूसरा किस्त दूसरा 60 हजार व तीसरा बीस हजार मनरेगा के मजदूरी हेतु 21800 राशि मिलेगी व अंत मे शौचालय के लिये 12000 रुपये भी हितग्राहियों को दिया जायेगा वही जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने उक्त योजना मे केन्द्र व राज्य शासन की भागीदारी बताया वही उक्त आशियाना का समय निर्धारण 90 दिवस तक रखा गया है उक्त कार्य को मूर्त रुप दिये जाने हेतु सरपंच सचिव रोजगार सहायक तकनीकी को निर्देशित किया गया है वही घर के आशियाना को प्राकृतिक वातावरण से आच्छादित करने हेतु एक पेड माँ के नाम से लगाये जाने हेतु आह्वान किया वही जिला पंचायत सीओ ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य 90 दिन मे 25 हजार आवास जिले मे बनाया जाना निर्धारित है आये हुए सभी हितग्राहियों को बधाई देते हुए अपना आवास जल्द से जल्द नियम और तकनीकी मार्गदर्शन में पूर्ण करने को कहा और आगे जल्द ही छूटे पात्र आवास हितग्राहियों का नया आवास प्लस में नाम जोड़ने के लिए सर्वे प्रारंभ किया जाएगा।

## पात्र हितग्राहियों को आवास योजना से नया आशियाना मिल सके इसके सहयोग लिये जनपद पंचायत तत्पर : सीईओ

उक्त कार्यक्रम के अगले उदबोधन मे भाटापारा जनपद पंचायत सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने कहा कि शासन कि मंसा उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु तीव्र गति से कार्य को आगे बढाना है जिसमे सभी को अपने तय समय में ही आवास को पूर्ण करना है। आवास योजना के लिए किसी भी प्रकार का पैसा का लेन -देन नई करना है। अगर कोई पैसा का मांग कर दिगभ्रमित करता है तो कार्यालय मे आकर जनपद पंचायत सीओ से कभी भी मिल के शिकायत कर सकते है उसके ऊपर सीधे क़ानूनी कार्यवाही की जावेगी, वही उक्त मद को आवास निर्माण कार्य मे ही खर्च करना है। अन्य मद मे खर्च किया जाना गैर कानूनी माना जायेगा, आगे कहा कि हितग्राहियों से जुड़ी सभी समस्या का समाधान और आपको सभी तरह की सुविधा मिले इसके लिए हम सब हमेशा आपके साथ खड़े है। इसीलिये गुड़ेलिया में हम आप सभी को मार्गदर्शन मिल सके करके ये कार्यक्रम कर रहे है।

## हितग्राहियों को किसी भी प्रकार आवास योजना मे दिक्कत आने पर जनपद सीईओ से सीधे कर सकते है शिकायत : गुडेलिया उपसरपंच

आभार प्रदर्शन करते हुए संकेत अग्रवाल उपसरपंच ग्राम पंचायत गुड़ेलिया ने जनपद पंचायत के सभी आधिकारी-कर्मचारी और आये हुए सभी 26 ग्राम के आवास हितग्राहियों का धन्यवाद देते हुए कहा आप सभी का ग्राम पंचायत गुड़ेलिया आने के लिए बहुत बहुत आभार और शासन की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना में चयन होने लिए आप सभी को बधाई आप सभी शासन के द्वारा तय मापदंड अनुसार ही अपना आवास बनाए और किसी भी प्रकार के लेन-देन और अनियमितता से दूर रहे ।किसी प्रकार की दिक्कत के लिए सीधे आप जनपद में शिकायत कर सकते है।

## आवास योजना मे पात्र हिग्राहियों का नाम आने से हर्ष का माहौल

गौरतलब है कि ग्रामीण आवास योजना हितग्राहियों का उन्मुखीकरण के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिस्ट मे 26 गाँव के 800 से अधिक लोगों का नाम आया है जिस ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों मे खुशी व हर्ष का माहौल भी देखा गया सभी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया ।वही उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत लेआउट, भवन निर्माण की तकनीकी मार्गदर्शन, राजमिस्त्रीयों का प्रशिक्षण अन्य आवास संबंधित समस्त प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी कार्यक्रम में दिया गया

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत मातादेवालय तालाब की सफाई



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद भाटापारा में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता, स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर में स्थित मातादेवालय तालाब की वृहद स्तर पर सफाई किया गया। जिला समन्वयक सुमित कुमार दुबे और स्वास्थ विभाग प्रभारी आनंद राठौर ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2

# जूट आउट, प्लास्टिक इन: आलू, प्याज और लहसुन में गर्मी को एच डी पी का समर्थन



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

आलू प्याज और लहसुन में तेजी को अब एचडीपी पैक का भी समर्थन मिल रहा है। यह वह बोरियां हैं जिन्हें कारोबारी बोलचाल में 'बेबी पैक' के नाम से पहचाना जाता है। हवादार यह बोरियां भले ही स्थिर है लेकिन संकेत वृद्धि के मिल रहे हैं। जूट बैग नहीं। अब आलू-प्याज और लहसुन का कारोबार करने वालों को एच डी पी बैग पसंद आ रहा है। कीमत भले ही बेहद तेज बोली जा रही हो लेकिन बेफिक्र होकर ऐसी बोरियां खरीदी जा रहीं हैं। यानी इसकी भी कीमत उपभोक्ताओं से वसूली जा रही है। बढ़ती मांग के बीच अब ऐसी बोरियां बहुत जल्द नई कीमत के साथ उपस्थिति दर्शा सकती हैं।

## सबसे आगे 'बेबी पैक'

चार भिन्न वजन क्षमता वाले एच डी पी बैग में सबसे ज्यादा मांग 5 और 10 किलो वजन क्षमता की बोरियों में निकली हुई है। यह इसलिए क्योंकि कीमत क्रय शक्ति के भीतर और आसान परिवहन की सुविधा मिलती है। छोटी दुकानें और ग्रामीण क्षेत्र के कारोबारी फ़िलहाल इस बैग की खरीदी कर रहे हैं। कीमत इस वक्त 5 किलो भार वहन क्षमता वाली बोरी में 5 रुपए प्रति नग और 10 किलो वजन क्षमता वाली बोरी प्रति नग 6 रुपए 50 पैसे पर स्थिर है।

## इसमें होलसेल की डिमांड

20 किलो और 40 किलो भार वहन क्षमता वाले एच डी पी बैग में होलसेल काउंटरों की भरपूर मांग निकली हुई है। बेबी पैक बैग की तुलना में यह दोनों भले ही दोगुनी हों लेकिन मजबूती बेमिसाल मानी जाने वाली यह बोरियां तेजी से जूट बैग की जगह ले रही हैं क्योंकि जूट बैग की तुलना में कीमत कम ही है। फिलहाल 20 किलो वजन क्षमता वाली बोरियां 9 रुपए प्रति नग और 40 किलो भार क्षमता की प्रति बोरी की कीमत 10 रुपए पर स्थिर है।

## अप्रत्यक्ष समर्थन तेजी को

एचडीपी बैग की प्रति नग कीमत से भी आलू-प्याज और लहसुन की तेजी को समर्थन मिला हुआ है। यह समर्थन उपभोक्ताओं को आने वाले दिनों में और भी महंगा पड़ने के संकेत हैं क्योंकि बैग निर्माण ईकाइयां त्यौहारी सीजन के दिनों में संभावित मांग को देखते हुए एच डी पी बैग की प्रति नग कीमत बढ़ाने पर विचार कर रहीं हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादगी, शुचिता और सरलता के प्रतीक थे: शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



देश को अंत्योदय व एकात्म मानव दर्शन देने वाले, जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर भाजपा नेता उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा व कार्यकर्ताओं ने आज भाजपा कार्यालय भाटापारा में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी सेवा भावना को याद किया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित था। वे शुचिता और सरलता के प्रतीक थे। राष्ट्रवाद और अंतयोदय की जो अलख पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने जगायी, भाजपा उसी के आलोक में श्रेष्ठ भारत के निर्माण में लगी है। पंडित जी के इन्हीं विचार पर पार्टी की सरकारें काम कर रही हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपने विचारों व कर्तव्य निष्ठा से भारतीय राजनीति में अद्वितीय आदर्श स्थापित किया। उन्होंने देश को एकात्म मानववाद जैसी प्रगतिशील विचारधारा देने का काम किया है। पंडित जी का संपूर्ण जीवन देश की संस्कृति और देश की अखंडता के लिए समर्पित रहा है। देश को अंत्योदय का मंत्र देते हुए उन्होंने पंक्ति में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पंक्ति में खड़े प्रथम व्यक्ति तक लाने की परिकल्पना की जिसके लिए उनका संपूर्ण जीवन समर्पित रहा। शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय हमारे आदर्श हैं, वो बेहद साधारण जीवन जीने वाले नेता थे। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए भाजपा के कार्यकर्ता तन-मन और समर्पण भाव से देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उक्त अवसर पर राकेस तिवारी, मानिन्दर गुम्बर, योगेश अंनत, अभिषेक दास,सतीश साहू, आयशा खान, अभिषेक मिश्रा, तिलक पटेल, युगल साहू सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिंघोडा सेक्टर में चलाया जा रहा पोषण अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com




पोषण माह अंतर्गत सुपोषण से कोई बच्चा छूटे ना इसलिए पोषण अभियान को जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के साथ ही निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का वजन लिया जा रहा है ताकि बच्चों के पोषण स्तर की सही जानकारी मिल सके और जिन बच्चों में पोषण की कमी हो, उनके लिए उचित कदम उठाए जा सकें। इस अभियान को व्यापक रूप से फैलाने के लिए हाट बाजारों में भी पोषण अभियान की जानकारी दी जा रही है। बाजार में आने वाले लोगों को सही पोषण, संतुलित आहार, और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस प्रकार से पोषण अभियान को आम जनता तक पहुँचाने की कोशिश की जा रही है ताकि हर बच्चा सुपोषित हो और किसी भी तरह की कुपोषण की समस्या से बचा सके। सिंघोडा सेक्टर की सुपरवाइजर नबीना टांडिल्य ने पोषण और स्वास्थ्य पर जोर देते हुए बताया कि महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन 20 मिलीग्राम आयरन की आवश्यकता होती है। यदि लंबे समय तक शरीर को आवश्यक पोषण नहीं मिलता, तो धीरे-धीरे कुपोषण के लक्षण उभरने लगते हैं। विशेष रूप से 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को अपने संतुलित आहार पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है। विवाह के बाद महिलाओं की लगातार काउंसलिंग करने से उनके शरीर में खून की कमी का आकलन कर, उन्हें आवश्यक परामर्श दिया जा सकता है, ताकि खून की कमी न हो और स्वास्थ्य सही बना रहे। उन्होंने सब्जियों के महत्व को बताते हुए भाजी का नियमित सेवन करने की सलाह भी दी। श्रीमती टांडिल्य ने आगे कहा कि बच्चों का संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार देना जरूरी है। बच्चों को सही समय पर भोजन कराएं और उन्हें भोजन में विविधता का अनुभव कराए।

अभियान के तहत बच्चों और उनके माता-पिता को पोषण के महत्व की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। बच्चों का वजन लेकर उनकी पोषण स्थिति की जांच कर और यदि पोषण की कमी हो तो उसके लिए उपाय भी बताया जा रहा है। स्थानीय समुदाय को पोषण अभियान से जोड़कर इसे एक सामूहिक प्रयास बनाया जा रहा है। पोस्टर और बैनर के माध्यम से लोगों को समझाइश दी जा रही है।

# मयूर परिवहन कि खड़ी गाड़ी का टायर चुराया गया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



विगत दिनो नरायाणी नवल मंदिर मार्ग के सड़क किनारे मयूर परिवहन कि भारी वहन की ट्रक जिसका क्र. सीजी 15 डीसी 8836 है जिसे अज्ञात चौर द्वारा 50000(पचास हजार) कीमत कि गाडी मे लगा हुआ टायर चुरा लिया गया साथ व गाडी मे लगा बैटरी को भी चुराने का प्रयास किया जिसमे सफल नही रहे व गाडी के गेट के काँच को भी तोड दिया गया जिसकी लिखित शिकायत मयूर परिहन के संचालक द्वारा शहर थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

# जिला जेल में 35 बंदियों का हुआ ईलाज



**बलौदाबाजार।** संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार जेल में परिरुद्ध बंदियों के ईलाज हेतु आयुर्वेद चिकित्सा निदान शिविर क़ा आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य मंगलवार को जिला आयुर्वेद कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा जिला जेल बलौदाबाजार में आयुर्वेद चिकित्सा निदान शिविर क़ा आयोजन किया गया। शिविर में 35 बंदियों एवं जेल स्टॉफक़ा पुराना सर्दी,खांसी, ज्वर, चर्मरोग, उदररोग, उच्च रक्त चाप, मधुमेह क़ा आयुर्वेद पद्धति से रहन -सहन खान- पान, पथ्य-अपथ्य क़ी जानकारी देकर ईलाज किया गया। शिविर में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ एल एस ध्रुव, फ़ार्मासिस्ट सीताराम सांडे,औषधालय सेवक योगेंद्र गेंन्ड्रे उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने सीएमएचओ ने किया अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में चुस्ती लाने सम्बंधित विभाग और कार्यालय प्रमुख को निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने सिमगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा करते हुए पैथोलॉजी,ओपीडी, वार्ड सहित एनबीएसयू तथा लेबर रूम का निरीक्षण किया। सिमगा इस वर्ष राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक स्कीम (एन क्यू ए एस) में भी भाग ले रहा है जिस पर अस्पताल के स्टाफकी तैयारी के लिए सी एम एच ओ के साथ एक टीम भी आई थी। विस्तृत रूप से टीम ने अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं का निर्धारित मापदंडों के अनुसार परीक्षण करते हुए सुधार के आवश्यक बिंदु का सुझाव दिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने मैदानी स्वास्थ्य अमले सी एच ओ तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों की बैठक भी ली। बैठक में सीएमएचओ प्रेजेन्टेशन के दौरान एनसीडी एंट्री कम होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए इस हफ्ते इसे पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने इसमें सी एच ओ और आर एच ओ को मिलकर इसे पूरा करने को कहा । इसके साथ ही आयुष्मान पखवाड़ा में छूटे हुए हितग्राहियों के कार्ड बनाने का लक्ष्य भी पूरा करने को कहा । महिलाओं में स्तन और गर्भाशय कैंसर की स्क्रीनिंग में भी तेज़ी लाये जाने की भी जरूरत बताई। सीएमएचओ ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की सफ्लता हेतु टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए निर्धारित जनसंख्या के अनुपात में जाँच न करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को फटकर लगाई । इस बाबत जाँच के निर्धारित लक्ष्य और निक्ष्य मित्र बनने बाबत लोगों को प्रोत्साहित करने को कहा । उन्होंने सभी मैदानी अमले को तथा अस्पताल के डॉक्टर को मुख्यालय में रहकर अपने कर्तव्यों के निर्वहन के निर्देश दिए किसी प्रकार की लापरवाही किये जाने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पारस पटेल, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक हेतराम कुर्रे सहित समस्त सुपरवाइजर एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपराधमुक्त समाज हेतु नैतिक शिक्षा की आवश्यकता: भगवान

## कुटेला स्कूल में हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



समाज में बढ़ती हिंसा तथा अपराध एक चिंतनीय विषय है। नैतिक शिक्षा के द्वारा अपराध मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। नैतिक शिक्षा की कमी ही वर्तमान समय अपराधों के मूल कारण है। इसलिए अपराध मुक्त समाज के लिए नैतिक शिक्षा की आवश्यक है। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से पधारे हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहीं। वे आय ई एम बी एच हायर सेकंडरी स्कुल कुटेला में अपराधमुक्त समाज हेतु नैतिक शिक्षा की आवश्यकता विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने कहा कि कुसंग, व्यसन, सिनेमा , मोबाईल और फैशन से आज की युवा पीढ़ी भटक रही है। इन्हीं कारणों से वर्तमान समय अपराध बढ़ते जा रहे हैं। काम, क्रोध, लोभ , मोह, अंहकार, इर्ष्या, नफरत आदि मनोविकारो के वश होने से अपराध होते है ।उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा द्वारा इन विकारो पर सयम कर अपराध मुक्त बन सकते है । नैतिक शिक्षा और आध्यात्मिकता से ही युवा पीढ़ी को सही दिशा मिल सकती है। नैतिक शिक्षा से ही मानवीय मन में रचनात्मक और सकारात्मक चेतना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि हम विकसित देशो के लाइन में जाने की कल्पना कर रहे है। देश को विकसित बनाने में लगे हुए है लेकिन समाज में हो रहे युवा के द्वारा अपराध जिसे भावी समाज, देश व विश्व की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा वर्तमान का युवा भावी समाज है ।अगर भावी समाज को अपराध मुक्त बनाना चाहते है तो वर्तमान के युवाओं को नैतिक शिक्षा द्वारा अपराधमुक्त , संस्कारित और सशक्त बनाने की आवश्यकता है ।भगवान भाई ने कहा कि नैतिक शिक्षा से समाज में फैली हुई घृणा, नफ़रत, बैर विरोध और अहंकार को नष्ट किया जा सकता है। शिक्षा का मूल उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि चरित्रवान बनना, विकार, व्यसन, नशा और बुराइयों से स्वयं को मुक्त करना ही शिक्षा का मूल उद्देश्य होना जरुरी है। जो ज्ञान, अज्ञान रूपी अंधकार से ज्योति या प्रकाश की ओर असत्य से सत्य की ओर ले जाए वहीं सच्चा ज्ञान है। जब तक हमारे व्यवहारिक जीवन में परोपकार, त्याग, उदारता, नम्रता, सहनशीलता, आदि सदगुण नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है। प्रिंसिपल जे. एक्का जी ब्रह्माकुमारीज ऐसे कार्यक्रम की सहराना किया और कहा ऐसे कार्यकर्म युवा को सशक्त बनाकर अपराध मुक्त समाज बन सकता है। स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की संचालिका बी के आहिल्या बहन ब्रह्माकुमारी सस्था का विस्तार से परिचय दिया । स्थानीय ब्रह्माकुमारीज कि राजयोग शिक्षिका बी के योगेश्वरी बहन ने बी के भगवान् भाई जी का परिचय देते हुए कहा कि भगवान् भाई ने भारत एवंम नेपाल के 8000 से अधिक स्कुलो और 1000 से अधिक जेलों (कारागृह) में नैतिक शिक्षा का पाठ पढाया है जिस कारण उनका नाम इण्डिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज हो चूका है।

# ट्री मैन के नाम से मशहूर सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सुरेश पाण्डेय ने वृक्षारोपण का अलख जगाया



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के नगर पंचायत लवन निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जो पूरे कसडोल विधानसभा में ट्री मैन के नाम से मशहूर है उन्होंने फिर एक बार वृक्षारोपण के क्षेत्र में शानदार काम करते हुए गॉव वालों को वृक्षारोपण रोपण के प्रति जागरूक करने का सार्थक काम किये हैं आपको बताते चलें कि क्षेत्र के भालुकोना स्थित धानखरीदी समिति मैदान में वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करवाकर पर्यावरण सरंक्षण एवं वृक्षारोपण के दिशा में एक बार फिर जनहित कार्य का परिचय देते हुए गॉव के सरपंच, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों को जागरूक करने में विशेष भूमिका निभाया है। इस पुनीत कार्य में रामनाथ यादव हरदी सरपंच प्रतिनिधि, सिंघारी उप सरपंच और भालूकोना के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों सहित सिंघारी के सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक मनराखन लाल साहू ने भी सार्थक पहल के साक्षी बने।उक्त गॉव में ट्री मैन सुरेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में आंवला, नीम, आम, जामुन ,करण सहित औषधि तथा अन्य छायादार फलदार पेड़ों का वृहद वृक्षारोपण किये गए हैं। वृक्षारोपण के दौरान खरीदी समिति के प्रबंधक सुरेश कुमार वर्मा, प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद पांडेय, ईश्वरी वर्मा, सुशील कुमार पांडेय भी मौजूद रहे।

# कलेक्टर नम्रता गांधी ने वीसी के जरिए ली सरपंच.सचिवों की बैठक, जल जगार महोत्सव में अपनी सहभागिता निभाने कहा





पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के विकासखंड धमतरी, कुरुद,मगरलोड और नगरी के सरपंच, सचिवों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना,स्वच्छता ही सेवा और शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर एनआईसी कक्ष धमतरी में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, उप संचालक पंचायत अविनाश मसराम सहित अन्य अधिकारी और संबंधित जनपद पंचायतों के अधिकारी तथा सरपंच, सचिव वीसी के जरिए जुडे रहे। बैठक में कलेक्टर गांधी ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभ मिलेए यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही बीते 17 सितम्बर से राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत आप सभी अपने गांव को स्वच्छ बनाएं, इसके लिए प्लास्टिक का कम उपयोग करें। अनुपयोगी सामग्री का सुनियोजित ढंग से निपटान करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सप्ताह में कम से कम 2 घंटे स्वच्छता अभियान के तहत अपने आसपास सार्वजनिक स्थलए तालाबए कुंआए हैंडपंप आदि के समीप साफ-सफाई में अपना योगदान दें। उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास की भी प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में निर्मित किये जा रहे आवासों को शत-प्रतिशत पूर्ण कर ली जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर ने सभी सरपंचए सचिवों से आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में जल जगार महोत्सव में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। इसके साथ ही आगामी 02 अक्टूबर को आयेजित होने वाले ग्राम सभा में ग्राम पंचायत एंव उनके आश्रित ग्राम के कुल 22 ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम घोषित करने हेतु तैयारियां करने को कहा। इसके अलावां ग्रीष्मकालीन फसल में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन की फसल लेने किसानों को प्रोत्साहित करने भी कहा।

# गांव गांव के युवा महिला पुरुष को भाजपा के साथ जोड़ने जिला अध्यक्ष योगीराज धरातल पर

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



पिछले की तुलना इस बार अधिक कार्यकर्ता को पार्टी के साथ जोड़ने की टारगेट को लेकर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने जमीनी स्तर पर मोर्चा संभालते सद्स्य बनाने का अभियान तेज कर दिया है गली मोहल्ला मजरा टोली जैसे इलाकों में लगातार महिला पुरुष सहित युवाओं को बीजेपी की विचारधाराओं के साथ जोड़ने में ऐड़ी चोटी का जोर लगा रही है ताकि प्रदेश स्तर से मिले टारगेट को समय सीमा में पुरा किया जा सके जिसके मद्देनजर भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप ने कांडेकेला रोहनागुड़ा चनाभांटा उरमाल सहित अन्य गांव के चौक चौराहा मे मौजुद लोगों को जोड़ने के बाद घर घर जाकर महिला पुरुष को पार्टी विचारधारा से अवगत करा रहे हैं तभी कांडेकेला में ही 400 से अधिक लोगो को सद्स्य बनाने का दावा कर रहे हैं इस बीच भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप ने कहा कि भाजपा की राष्ट्र के प्रति समर्पित और सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास से देश प्रदेश के लोग भली भांति अवगत हैं इसके अलावा महिलाओ से किया वादा आज धरातल में दिखाई पड़ रहा है ऐसे तमाम नीति नियत को समझकर गांव गांव से महिला पुरुष सहित बड़ी तादात में यूवा प्रभावित होकर बीजेपी ज्वाइन कर रहें हैं बकायदा सदस्य बनाने के लिए गांव गांव में आमंत्रित करने की बात योगी ने कहा माखन ने यह भी बताया की भाजयुमो जिला मोर्चा को सद्स्य बनाने के लिए जितना टारगेट दिया गया उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ब्लॉक ग्रामीण स्तर के समस्त कार्यकर्ता मैदान पर डटे हैं ताकि पिछले बार की तुलना इस बार रिकॉर्ड तोड कार्यकर्ता को भाजपा के साथ जोड़कर प्रदेश स्तर में अलग कृतिमान रचा जा सके हालांकि भाजपा प्रमुख बार्डी भी बढ़ चढ़ कर सद्स्य बनाने में जुटी हुई है मतलब जिला मे अधिकतर लोगों को भाजपा से जोड़ने में कोई कसर नही छोड़ने की बात योगी ने कहीं योगीराज माखन का कहना है कार्यकर्ताओं सहित पदाधिकारियों ने अपना लक्ष्य बना लिया है की सबसे अधिक बीजेपी के कार्यकर्ता होना चाहिए और इसी के मद्दे नजर जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है।

# कलेक्टर नम्रता गांधी ने दिलाई स्वच्छता की शपथ







पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा 2024 में स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें गली, मोहल्लों, तालाबों, वार्डों, कार्यालयों सहित नदियों इत्यादि की साफ-सफाई की जा रही है। इसी कडी में कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि मैं शपथ लेता,लेती हूं कि मैं स्वयं को स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा रहूंगी और उसके लिए समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे याने हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से,मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूंगा। शपथ में यह भी कहा गया कि मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैंए उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव.गांव और गली.गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाउंगा वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटें दें, इसके लिए प्रयास करूंगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

# आर्य नगर में नारी शक्ति ने चलाया स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com




महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश व्यापी स्वच्छता अभियान में दुर्ग नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आर्य नगर राजीव बाल उद्यान समिति की महिलाओं ने शुरू किया चरण बद्ध स्वच्छता अभियान। जिसके अंतर्गत नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर एवम आर्य नगर राजीव बाल उद्यान विकास समिति की अध्यक्ष नविता शर्मा के नेतृत्व में गार्डन में स्थान स्थान पर झाड़ू बुहारी कर, प्लास्टिक पन्नी ,डिस्पोजल आदि उठाकर डस्ट बिन में डाले तथा लोगों को संदेश दिया कि कचरा इधर उधर न फेंके उचित निपटान के लिए डस्ट बिन में डालें। कुछ ही देर पहले अच्छी बारिश हुई ,अनेक स्थानों में नाली में कचरा जाम हो गया , जिसे कुछ खुद साफ किए साथ ही सफाई मित्रों की मदद ली। इस कार्यक्रम को गति देने विशेष रूप से पहुंचे ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणीग्राही ने स्वच्छता ही सेवा है 2024 के बारे में व्यापक जानकारी दी। साथ ही प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान एक पेड़ लगाओ मां के नाम के बारे में बताया तथा पौधा रोपण मां के नाम करने आव्हान किया। हाथों में स्वच्छता ही सेवा है बैनर लिए तथा स्वच्छ नारे लिखे ,एक पेड़ मां के नाम आदि पेंफलेट्स लिए स्वच्छता जागरूकता के नारे लगाए। स्वच्छता शपथ लिए एवम एक पेड़ मां के नाम लगाने संकल्प लिया । 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चरण बद्ध कार्यक्रम किए जायेंगे। आज के स्वच्छता अभियान में नविता शर्मा अध्यक्ष, चंदाबेन कारिया, वसुधा शर्मा, नीलू सोलंकी, स्मृति आगलवे, विदिशा वाघेला, फाल्गुनी कारिया, चेतना कोटक, पारुल सोनी की सक्रिय सहभागिता रही।

# देवीसिंह को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अब नहीं होगी बरसात के दिनों में देवीसिंह को दिक्कत

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि उनका भी अपना स्वयं का पक्का मकान हो। लेकिन कुछ लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण से हर किसी का ये सपना पूरा नहीं हो पाता है। ऐसे में गरीब असहाय के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना आज वरदान साबित हुई है। इस योजना के तहत आकांक्षी ब्लॉक गरियाबंद के ग्राम पंचायत कोदोबतर के ग्राम पंटोरा निवासी श्री देवीसिंह को पक्का मकान मिला है, जिससे उनका जीवन बदल गया है। पहले वे कच्ची झोपड़ी में अपने परिवार के साथ रहते थे। बारिश के समय कच्ची झोपड़ी से पानी टपकने एवं घर के टूटने का डर हमेशा बना रहता था। लेकिन आर्थिक स्थिति मजबूत न होने के कारण अपने लिए नया मकान नहीं बना रहे थे। उनका सपना था कि दूसरे लोगों की तरह उनके पास भी पक्का मकान हो। उनका यह सपना प्रधानमंत्री आवास योजना ने सच किया। अब उन्हें बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने की समस्या से निजात मिल गई है। उन्होंने कहा कि शासन से मिले पक्का मकान में अब वे सुरक्षित और खुशहाल जीवन यापन कर रहे हैं। इसके अलावा उन्हें मनरेगा, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड और अन्य योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है।

# महिला उत्पीड़न की कार्यशाला आयोजित




पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में महिला उत्पीड़न की कार्यशाला आयोजित की गई। निगम भिलाई से दिप्ती साहू की अध्यक्षता में परियोजना कार्यालय भिलाई की परियोजना अधिकारी रचयिता नायडू, महिला एवं बाल विकास जिला दुर्ग की अधिकारी प्रीति बाला, अधिवक्ता उमा साहू की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित की गई। उपस्थित पदाधिकारियो द्वारा महिलाओ की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं उन्हे बताया गया कि किस प्रकार से अपनी शिकायतो का निराकरण किया जा सकता है। नगर निगम भिलाई में शासन के निर्देशानुसार महिला उत्पीड़न की समस्या के रोकथाम हेतु गठित समिति बनाया गया है। कार्यशाला में महिलाओ को उनके साथ कार्य स्थल पर होने वाले दुर्व्यवहार और शोषण के विरूद्ध आवाज उठाने के बारे में बताया गया। जिसमें शासन द्वारा जारी अधिनियम एवं धारा के तहत महिलाओ को हमने अधिकार एवं शोषण से किस प्रकार से लड़ा जा सकता है समझाया गया। कार्यशाला में 70 से 80 महिलाओ ने अपनी उपस्थिति दिये। जिन्हे एक एक कर सभी समस्याओ एवं कानून के नियमो की जानकारी प्रदान की गई एवं उनसे सवाल जवाब भी किये। उपस्थित सभी महिलाओ ने एक एक कर अपनी समस्याओ की जानकारी दिये। कार्यशाला में एनजीओ के अध्यक्ष शानू मोहनन, आंतरिक शिक्षा समिति की सचिव रीता चतुर्वेदी, अन्य पदाधिकारीगण एवं निगम की महिला शामिल थी।

# आयुष्मान भारत योजना के तहत आयोजित किया गया आयुष्मान पखवाडा

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



शासन की मंशानुरूप राज्य शासन द्वारा प्रदायित व क्रियाशील सभी राशनकार्डधारी नागरिकों को बेहतर एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना शुरू किया गया है। योजना के तहत बीपीएल के क्रियाशील राशनकार्डधारी परिवार को पांच लाख रूपये तक और एपीएल के क्रियाशील राशनकार्डधारी परिवार को 50 हजार रूपये तकए प्रतिवर्ष फैमिली फ्लोटर आधार पर निर्धारित चिकित्सा पैकेज के माध्यम से पंजीकृत शासकीय, निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपचार लाभ दिया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएल कौशिक ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत धमतरी जिले की कुल लक्षित हितग्राहियों की संख्या 8 लाख 56 हजार 854 के विरूद्ध 7 लाख 78 हजार 798 कार्ड पंजीयन कर 90.9 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर पूरे राज्य में तृतीय स्थान पर है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के छः वर्ष एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तीन वर्ष होने के उपलक्ष्य में 20 से 30 सितम्बर तक जिले में आयुष्मान पखवाडा का आयोजन किया गया है। इसी कडी में जिला अस्पताल धमतरी में आज आयुष्मान पखवाडा का आयोजन कर जिले के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क उपचार लाभ का अनुभव साझा किया गया। इसमें आंख के 7 और अन्य बीमारियों से लाभान्वित 13 हितग्राही शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजनान्तर्गत जिले के कुल 43 हजार 66 हितग्राही है, जिनके इलाज में कुल 64 करोड एक लाख, 53 हजार 78 रूपये खर्च हुआ है। जिला अस्पताल में आयोजित आयुष्मान पखवाडा में मुख्य अतिथि के तौर पर रामू रोहरा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि और अस्पताल स्टॉफ उपस्थित रहे।

# अंत्योदय को जीवंत करने वाले पुरोधा पंडित दीनदयाल : रामू रोहरा

- सदस्यता अभियान को लेकर के लोगों का उत्साह ऐसा नजर आया कि बाजे गाजे के साथ लोगों ने सदस्यता अभियान किया

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com




भाजपा गंगरेल मंडल धमतरी के द्वारा ग्राम सोरम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई साथ ही ग्राम के शीतला में अतिरिक्त कक्ष का भूमि पूजन भी किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामू जगदीश रोहरा थे जिनके माध्यम से ग्राम सोरम की गलियों में घूम कर सदस्यता अभियान किया गया। सदस्यता अभियान को लेकर के लोगों का उत्साह ऐसा नजर आया कि बाजे गाजे के साथ लोगों ने सदस्यता अभियान किया। साथ ही ग्राम के शीतला प्रांगण में अतिरिक्त कक्ष का भूमि पूजन जगदीश रामू रोहरा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उन्होंने सभी ग्राम वासियों को शुभकामनाएं भी दिए। उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए रामू रोहरा जी ने कहे की देश आजाद होने के बाद कांग्रेस के हाथ में सरकार गई और जिस तरीके से देश को विकसित करने की मापदंड उनके द्वारा तय की जा रही थी उसको देखकर के पंडित दीनदयाल जी को लगा कि यहां निचले स्तर के लोगों को ऊपर उठाने के लिए कोई भी योजना नहीं है या देश के जिन निचले स्तर के लोगों के जीवन स्तर को उठाने के लिए जो सोच होनी चाहिए वह कांग्रेस के भीतर नहीं है।ऐसी स्थिति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय की योजना लाकर पूरे देश में एक नया परिवर्तन के युग की शुरुआत की और आज भारतीय जनता पार्टी के सरकार के माध्यम से वह अंत्योदय योजना जीवंत रूप ले चुकी है और आज देश के भीतर गरीबों को उठाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित हैं। भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए देश के भीतर हर व्यक्तियों का खाता खोला गया जिसमें सरकारी योजनाओं की राशि सीधे हितग्राही तक पहुंचती है जिससे भ्रष्टाचार खत्म होता है। उमेश साहू भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि जिस पुरोधा के अंत्योदय योजना के कारण आज हम भ्रष्टाचार मुक्त देश के निर्माण में लगे हुए हैं ऐसे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य होने का गौरव हम सबको मिलना चाहिए जिसके लिए उन्होंने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया की 880000 2024 पर मिस कॉल करके सदस्य बनकर पुनः देश को सोने की चिड़िया की दिशा में हम अग्रसर करेंगे।

## सुख पाने की मृगतृष्णा में संसार में भटक रहा

# ज्ञानी उस तत्व को जानने और समझने का प्रयास करते है जिससे आत्मा का विकास हो सके : प.पू विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com




उपाध्याय प्रवर अध्यात्म योगी महेंद्र सागर महाराज साहेब युवा मनीषी परम पूज्य मनीष सागर महाराज साहेब के शिष्य रत्न युवा संत परम पूज्य विशुद्ध सागर महाराज साहेब ने आज के प्रवचन के माध्यम से फरमाया कि हे चेतन यह जीवन क्षण क्षण बीत रहा है अब तो जाग जा। भव भव की ये भ्रमणा चल रहा है अब तो सच्चे मार्ग में आ जाए और इस मार्ग में आकर स्थिर हो जा। हे आत्मा तू शाश्वत है सनातन है। अजर और अमर है फिर इस संसार में तेरा कैसा आवागमन चल रहा है। ये शरीर अनित्य और नाशवान है। किंतु आत्मा तो नित्य है। इसीलिए तेरे हृदय में नित्य परमात्मा विराजमान है। फिर तू कैसे अनित्य की ओर चला जा रहा है समझ से परे है। इसका एक मात्र कारण है कि तू मोह निद्रा में सोया हुआ है। अब जाग जाए अपनी आत्मा के विकास के लिए जागरूक हो जा। आसक्तियों की भीड़ में निज अर्थात स्वयं की आवश्यकता और गुणों को भूल गया। सुख पाने की मृगतृष्णा में संसार में भटक रहा है। अब जीवन के संध्या की बेला आ गई है और न जाने कब जीवन का सूर्यास्त हो जाए। उससे पहले ही तू संभल जा। और अपनी आत्मा की चिंता करना प्रारंभ कर दे। हे परमात्मा आप तो वीतरागी और विचक्षण है। आप विमल स्वरूप वाले हो। आपकी आत्मा ज्योतिर्मय है। आप पुरुषार्थी हो। मुझे भी ऐसा ही बनने का प्रयास करना है। क्षण क्षण बीत रहे इस जीवन में कुछ क्षण परमात्मा की वाणी को सुनकर अपनी आत्मा के समीप आने का प्रयास करना है। इस सांसारिक व्यवहार में हम अपने सुख के लिए जिस प्रकार की व्यवस्था करते है कहीं वह अव्यवस्था का कारण न बन जाए। हम इस संसार में आकर नित्य को भूलकर अनित्य की चाह में अपने जीवन का पल पल बर्बाद कर रहे है। ज्ञानी भगवंत कहते हैं कि किसी के द्वारा जो कभी न कभी त्याग किया जा चुका है वो विष्ठा अर्थात मल के समान है। और हम इसी विष्ठा के मोह में संसार का भ्रमण करते रहते है। हम किसी वस्तु के वर्तमान स्वरूप को देखते है जबकि ज्ञानी उसके अंतिम स्वरूप को देखते है। और संसार के हर वस्तु का अंतिम स्वरूप विष्ठा के समान है अर्थात किसी न किसी के द्वारा त्याग किया हुआ है। ज्ञानी कहते हैं ये शरीर मलिन है नाशवान है। इसकी चिंता करना छोड़ दो।

और आत्मा की चिंता में लग जाओ। क्योंकि आत्मा ही शुद्ध स्वरूपी है। ये आत्मा ही परमात्मा तक पहुंच सकती है और अनुकूल प्रयास पूर्वक परमात्मा बन सकती है। हमे इस शरीर को साध्य नहीं मानना चाहिए साधक मानना चाहिए। साधक वस्तु का उपभोग तो करता है लेकिन उसका स्वाद नहीं लेता। अर्थात नीरस भाव से वस्तु का उपभोग करता है। ज्ञानी भगवंत कहते हैं हमे आत्मविकास के लिए जीवन में पांच बातों का ध्यान रखना चाहिए। पहला सुनना-. सबसे पहले हमे किसी भी प्रकार की बातों को अच्छे से सुनना चाहिए, दूसरा स्वीकार करना- सुनने के बाद जांच करके उसे स्वीकार करने की आवश्यकता होती है,तीसरा समझना- जांच करने में अगर तत्व सही लगे तो उसे समझना चाहिए, चौथा संभलना - समझने के बाद उसे अपने लिए उपयोगी मानकर अपने आप को संभालना चाहिए, पांचवा सच्चा पुरुषार्थ . स्वयं अर्थात आत्मा को संभालने की इच्छा रखने वाला ही सच्चा पुरुषार्थ करता है। ज्ञानी उस तत्व को जानने और समझने का प्रयास करते है जिससे आत्मा का विकास हो सके। अर्थात ज्ञानी सार तत्व को देखते है और हम संसार में उन तत्वों को देखते है जिसके कारण संसार का भ्रमण बढ़ता है। इसीलिए हम अज्ञानी कहलाते है। हम इस संसार में स्वयं को सुखी करने के लिए आने वाले भव में दुख मिले हम ऐसा काम भी कर लेते है। जबकि ज्ञानी आने वाले भव में अपनी आत्मा को सुखी करने के लिए अगर वर्तमान जीवन में दुख आए तो उसे समताभाव पूर्वक भोगने का कार्य करते है।

# कलेक्टर अग्रवाल ने पीड़ित क्षतिपूर्ति प्रकरणों में पांच पीड़ितों के लिए 9 लाख 75 हजार रूपये की राशि जारी की

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीड़ित क्षतिपूर्ति प्रकरणों में पीड़ितो या उनके परिजनों को क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत किये जाने उपरांत कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने पांच प्रकरणों में सहायता राशि जारी की है। उन्होंने पीड़ित क्षतिपूर्ति अंतर्गत 9 लाख 75 हजार रूपये की राशि जारी की है। इससे पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता मिलेगी। कलेक्टर द्वारा जारी की गई राशि अंतर्गत 5 प्रकरणों में क्रमशः दो लाख पचास हजार रुपये, तीन लाख रुपये, पचीस हजार रुपये, तीन लाख रुपये तथा एक लाख रुपये की सहायता राशि शामिल है। संबंधितों को आरटीजीएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में राशि का भुगतान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत किये जाने के उपरांत कलेक्टर अग्रवाल ने तत्परता के साथ सहायता राशि प्रदान करने के लिए कार्यवाही की। इसके फ्लस्वरूप संबंधित पीड़ितों एवं उसके परिजनों के लिए आर्थिक सहायता राशि जारी की गई है।

## संपादकीय

### संयुक्त राष्ट्र महासभा मोदी का संबोधन

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'भविष्य के लिए समझौता' प्रस्ताव स्वीकार करने के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता प्रकट की। संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रभावशाली भाषण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने तत्काल वैश्विक शांति तथा सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में समग्र सुधारों की पैरवी की। न्यूयार्क में संरा. मुख्यालय में 'भविष्य के सम्मेलन' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'सुधार प्रासांगिकता की कुंजी हैं।' उनका संदेश जटिल वैश्विक परिदृश्य में बहुत प्रभावी है जिसका कारण उभरते टकराव तथा वर्तमान चुनौतियां हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि मानवता की सफलता सामूहिक शक्ति में है और उन्होंने टकराव के बजाय एकता का समर्थन किया। उन्होंने घोषणा की, 'विश्व शांति और विकास के लिए वैश्विक संगठनों में सुधार जरूरी है।' वे स्पष्ट रूप से संयुक्त राष्ट्रसंघ में सुधार की आवश्यकता की ओर इशारा कर रहे थे। सुधार का यह आह्वान खासकर इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि वर्तमान समय में अनेक चुनौतियां अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावित कर रही हैं। इनमें आतंकवाद से लेकर टकराव के नए क्षेत्र, जैसे, साइबर खतरे, समुद्री विवाद और अंतरिक्ष की खोज शामिल हैं। मोदी ने जोर दिया कि 'वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षाओं से मेल खानी चाहिए।' इस प्रकार उन्होंने महत्वपूर्ण समस्याओं को संबोधित करने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका शांति का संदेश संरा. महासभा द्वारा 'भविष्य के लिए समझौता' स्वीकार करने के बाद आया जिसमें जलवायु परिवर्तन, मानवाधिकारों व टकरावों समेत 21वीं शताब्दी की चुनौतियों को संबोधित किया गया है।



लेकिन इस समझौते का रूस के नेतृत्व में सात देशों द्वारा विरोध किया गया जो वर्तमान समय में यूक्रेन के साथ सशस्त्र संघर्ष में उलझा है। रूस के प्रतिनिधि ने इस समझौते से असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विविधतापूर्ण दृष्टिकोणों को समाहित करने में विफल रहा है तथा इसने वार्ताओं को कुचला है। संरा. में रूस के प्रथम उप-स्थाई प्रतिनिधि दिमित्री पोल्यान्स्की ने समझौते की आलोचना करते हुए कहा, 'ब्यूटीफुल गार्डन से प्रतिनिधियों के समूह से विचार कर संयुक्त राष्ट्रसंघ ने स्वयं अपने सिद्धान्तों का उल्लंघन किया है, जिन्होंने वार्ताओं पर शुरू से कब्जा जमा लिया था।' यह टिप्पणी वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों को रेखांकित करती है जो वैश्विक एकता को चुनौती दे रहे हैं। इन चुनौतियों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संरा. संबोधन से स्पष्ट है कि विश्व स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ रहा है। सुधारों तथा विश्व शांति को प्राथमिकता देने की पैरोकारी कर भारत ने अंतरराष्ट्रीय राजनय में अपने एक प्रमुख पक्ष होने की घोषणा कर दी है। मोदी के नेतृत्व ने न केवल ज्यादा समतापूर्ण विश्व व्यवस्था बनाने के प्रति भारत की इच्छा प्रकट की है, बल्कि उसने सहयोग तथा संवाद के माध्यम से समकालीन चुनौतियां संबोधित करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई है। अनेक जटिल समस्याओं का सामना करने वाली दुनिया में मोदी का सुधार व शांति का दृष्टिकोण महत्वपूर्ण रूप से याद दिलाता है कि भविष्य का रास्ता अवश्य खोजा जाना चाहिए जिसके लिए सामूहिक कार्रवाई, परस्पर सम्मान और लोकतंत्र व न्याय के सिद्धान्तों के प्रति प्रतिबद्धता जरूरी है। इस महत्वपूर्ण समय में भारत ज्यादा स्थिर तथा सद्भावनापूर्ण विश्व समुदाय बनाने के लिए नेतृत्व व योगदान के लिए तैयार है। भारत ने शांति संस्थापक के रूप में लोकप्रियता प्राप्त की है और वह विश्व परिदृश्य में बड़े वार्ताकार के रूप में उभर सकता है।

# उथलपुथल भरे समय में शांति की खोज

पच्चीस साल पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 'शांति की संस्कृति की घोषणा तथा कार्ययोजना' प्रस्ताव मंजूर किया था। यह हमें अहिंसा और न्याय का महत्व याद दिलाता है।



राजदीप पाठक
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)

पच्चीस साल पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 'शांति की संस्कृति की घोषणा तथा कार्ययोजना' प्रस्ताव मंजूर किया था। यह हमें अहिंसा और न्याय का महत्व याद दिलाता है। इस बीच दुनिया ने काफी लंबी यात्रा की है जिससे संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिका की प्रासांगिकता ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। इस समय संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'भविष्य के सम्मेलन' की अवधारणा पर अपना विशेष सत्र आयोजित करना भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 सितंबर, 2024 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने के लिए मानव-केन्द्रित विकास स्वीकार करने पर जोर दिया। 'भविष्य के सम्मेलन' में उपस्थित महानुभावों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर दिया कि शांति, विकास और सामूहिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक सुधार आवश्यक हैं।

उन्होंने यह तथ्य महत्वपूर्ण रूप से रेखांकित किया कि मानवता की सफलता टकराव के बजाय अपनी सामूहिक शक्ति का लाभ उठाने से ही सुनिश्चित हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा का 79वां सत्र 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' मनाने के बाद हुआ जिसे विश्व हर साल 21 सितंबर को मनाता है। अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस हमें अहिंसा, संवाद और सुलह-समझौते की शक्ति और उसकी आवश्यकता की याद दिलाता है। वर्तमान समय में दुनिया अनेक प्रकार की हिंसा की शिकार है। ऐसे में शांति के आह्वान की वैश्विक स्वीकार्यता मजबूत करने के लिए निरंतर सुनियोजित प्रयासों की जरूरत है।

हाल ही में लेबेनान में हत्याओं के प्रयास ने लंबे समय पहले भुला दी गई एक तकनीक-पेजर को पुनः सुर्खियों में ला दिया। 17 सितंबर, 2024 को एक समन्वित हमले ने पूरे क्षेत्र में भय की लहर पैदा कर दी, जब हिजबुल्ला के



सदस्यों और चिकित्सकों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले सैकड़ों पेजरों में अचानक और एकसाथ विस्फोट हो गया। इन विनाशकारी विस्फोटों में कम से कम 9 लोगों की जान गई तथा लगभग 3,000 बुरी तरह घायल हो गए। हालांकि, इस घटना के राजनीतिक प्रभाव बहुत विस्तृत हैं, पर इस हमले की संवेदनशीलता और भयावहता डरा देने वाली है। ऐसे घातक सटीक हमले के लिए एक पुरानी पड़ चुकी तकनीक का प्रयोग आधुनिक युद्ध तथा उसकी लगातार विकसित हो रही तकनीकों के बारे में सवाल उठाते हैं। वर्तमान समय में जारी उथलपुथल के बीच सुलह-समझौते के प्रयासों के साथ ही इस प्रकार के अदृश्य खतरे निश्चित रूप से चिन्ताजनक हैं जो समस्याओं और परेशानियों को बढ़ा सकते हैं।

इन परिस्थितियों में महात्मा गांधी का शांति का दृष्टिकोण उम्मीद की किरण जगाता है। गांधीजी का विश्वास था कि सच्ची शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति ही नहीं है, बल्कि यह एक गतिशील शक्ति है जिसकी जड़ें न्याय, सत्य एवं अहिंसा में निहित हैं। महात्मा गांधी के लिए शांति एक जीवनशैली थी जो आत्मानुशासन, सहानुभूति तथा सबके कल्याण के प्रति अडिग प्रतिबद्धता से ही प्राप्त की जा सकती है। गांधीजी की विचार प्रक्रिया में जोर दिया गया था कि स्थाई शांति केवल सत्य और अहिंसा की नीव पर ही स्थापित की जा सकती है। इस स्थिति में व्यक्तिगत और सामूहिक कार्रवाइयां सहानुभूति, सम्मान और सहयोग से निर्देशित होती हैं। उन्होंने 'सर्वोदय', यानी सबके कल्याण और प्रगति की अवधारणा प्रस्तुत करते हुए सभी लोगों का आह्वान किया था कि वे साझा भलाई के लिए अपना योगदान करें। गांधीजी ने यह तथ्य स्वीकार किया था कि शांति अलग-थलग होकर नहीं रह सकती है, बल्कि इसके लिए हर व्यक्ति की बेहतरी जरूरी है। महात्मा गांधी की विरासत हमें याद दिलाती है कि यह संवेदनशील व अमूल्य स्थिति प्राप्त करना हमारे अपने प्रयासों पर निर्भर है।

'शांति एवं टकराव अध्ययनों' को स्थापित करने वाले राजनीति विज्ञानी के रूप में विख्यात 'जान गाल्टुंग' ने शांति और टकरावों की स्थिति परिभाषित करते हुए लिखा है-'शांति केवल टकराव की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह टकराव की स्थितियों का शांतिपूर्ण तरीकों से समाधान निकालना है।' इसके लिए गाल्टुंग ने संवाद, सहानुभूति तथा विवादों के शांतिपूर्ण समाधान को रेखांकित किया है। ये सिद्धान्त ऐसी दुनिया में खासकर महत्वपूर्ण है जो बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों, आंतरिक टकरावों तथा बढ़ते ध्रुवीकरण का शिकार है। अपनी उल्लेखनीय रचना 'टेरर इन द माइंड आफ गाड' में इतिहासकार और अमेरिकन समाजशास्त्री 'मार्क जर्गन्समेयर' ने तर्क दिया है कि अक्सर आतंकी कृत्यों को अच्छाई और बुराई के बीच परिकल्पित ईश्वरीय युद्ध के रूप में पेश किया जाता है अथवा उसकी जड़ें इस सोच में होती हैं।

उन्होंने जोर दिया कि 'केवल सैनिक तरीकों से शांति का अंतिम लक्ष्य नहीं प्राप्त किया जा सकता है, बल्कि इसके लिए हिंसा के अंतर्निहित कारणों को संबोधित करना जरूरी है। इन कारणों में राजनीतिक पृथक्करण, आर्थिक असमानतायें तथा सामाजिक अन्याय हो सकते हैं।' उनका यह कथन एक व्यापक रणनीति की ओर संकेत करता है जिसमें संवाद, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक समझदारी शामिल हैं। 11 सितंबर के पहले गांधीजी का 'पीसलांग' के लिए सत्याग्रह एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन गया। इसने एक शक्तिशाली, पर शांतिपूर्ण क्रांतिकारी शक्ति को जन्म दिया।

11 सितंबर, 1906 को जोहान्सबर्ग में महात्मा गांधी ने अपना पहला 'सत्याग्रह' अभियान शुरू किया था जिसकी जड़ें सत्य, अहिंसा और नैतिक साहस में निहित हैं। गांधीजी के दर्शन का प्रयोग कर अफ्रीका में रंगभेदी शासकों के खिलाफ अभियान चलाने और उसमें सफल होने वाले प्रख्यात नेता नेल्सन मंडेला ने एक बार का था कि गांधीजी के दर्शन ने न केवल दक्षिण अफ्रीमा, बल्कि सारी दुनिया को बदलने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। जूडिथ ब्राउन ने अपनी पुस्तक 'गांधी: प्रिजनर आफ होप' में सत्याग्रह को एक 'नैतिक प्रयोग' बताया है जहां टकराव का समाधान हिंसक रूप से नहीं, बल्कि नैतिक रूप से किया जाता है।

टकरावों के समाधान का यह नैतिकतावादी दृष्टिकोण भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का प्रमुख अंग था। इसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक अनोखा स्वरूप प्रदान किया था। गांधीजी का यह दृष्टिकोण एक विभाजित दुनिया में शांति स्थापित करने का एकमात्र मार्ग है जहां टकराव बढ़ने के साथ जटिलता भी और बढ़ती है। ऐसे में शांति और अहिंसा के सिद्धान्तों की दिशा में वापसी जरूरी है। राजनीति विज्ञानी माइकेल हावर्ड हमें याद दिलाते हैं कि 'शांति ऊपर से नहीं थोपी जा सकती है, बल्कि इसकी रचना नीचे से होती है'। इसके लिए विश्वास, शिक्षा और संवाद जरूरी है। इन मूल्यों को संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव 'शांति की संस्कृति' में केन्द्रीय स्थान दिया गया है। हम महात्मा गांधी की जन्म जयंती 2 अक्टूबर की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में हमें दुनिया में वर्तमान समय में जारी युद्धों और टकरावों से सबक लेते हुए महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा सिद्धान्तों पर पुनः जोर देते हुए नैतिक रूप से सुलह-समझौते का मार्ग प्रशस्त करने के प्रयास करने चाहिए।

वर्तमान समय में हमारे सामने चयन के लिए दो विकल्प हैं। हम वर्तमान समय में जारी विभाजन के रास्ते पर चलते रह सकते हैं या संवाद, सद्भावना व न्याय का रास्ता अपना सकते हैं जिसकी पैरवी महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, विनोबा भावे, मार्टिन लूथर किंग तथा देश-विदेश के अनेक मौन शांति यात्रियों ने की है। शांतिपूर्ण दुनिया के अनेक लाभ हैं जिनमें स्थायित्व व समृद्धि को बढ़ावा तथा मानवता का समग्र कल्याण शामिल हैं। शांति यात्रियों ने हमें याद दिलाया है कि शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति ही नहीं है, बल्कि इससे आगे जाती हे। इसके लिए न्याय, सहयोग तथा सम्मान की लगातार खोज करनी होती है।

ब्रिटिश इतिहासकार एजेपी टेलर ने कहा है कि 'युद्ध राजनय और शांति की विफलता है।' समय आ गया है कि हम सामूहिक रूप से इसके लिए प्रयास और तेज करें।

# बोरियत से बचना है तो समाज के लिए कार्य करें

“ सार्थक सामाजिक कार्य में संलग्न होना बोरियत को दूर करने में सहायक हो सकता है और अपार आनंद दे सकता है। ”



शाइनी शर्मा
(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

बोरियत एक आम अनुभव है जिसका सामना कई लोग करते हैं, जो अक्सर बेचैनी, अनुत्पादकता और प्रेरणा की कमी की ओर ले जाता है। जबकि बोरियत से निपटने के कई तरीके हैं, एक बेहद प्रभावी और संतुष्टिदायक तरीका सामुदायिक सेवा में संलग्न होना है। समुदाय के भीतर स्वयंसेवा करने से न केवल बोरियत दूर हो सकती है, बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक लाभ भी मिल सकते हैं।

सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देकर, सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देकर और सीखने और बढ़ने के अवसर प्रदान करके, सामुदायिक सेवा व्यक्तियों को व्यस्त और संतुष्ट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सामुदायिक सेवा लोगों को उद्देश्य की भावना देती है, क्योंकि वे किसी सार्थक चीज़ में योगदान देते हैं। जब कोई व्यक्ति दूसरों की मदद करता है, तो यह उनके दिमाग को व्यस्त रखता है और उत्पादक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह उन्हें उनकी दिनचर्या में विविधता लाने का परिचय देता है, जिससे वे दोहराव या सांसारिक गतिविधियों से दूर हो जाते हैं जो अक्सर बोरियत का कारण बनती हैं। बोरियत- एक ऐसा शब्द जो अक्सर लक्ष्यहीनता या दिशा की कमी महसूस करने से उत्पन्न होता है, लेकिन जब लोग अपना समय दूसरों की मदद करने के लिए समर्पित करते हैं, तो वे पाते हैं कि वे अपनी दिनचर्या से बड़े कारण में योगदान दे रहे हैं।

चाहे वह किसी स्थानीय आश्रय में स्वयंसेवा करना हो, पड़ोस की सफाई में भाग लेना हो या धर्मार्थ कार्यक्रम आयोजित करना हो, सामुदायिक सेवा व्यक्तियों को सक्रिय रहने का एक सार्थक कारण देती है। उद्देश्य की यह भावना न केवल समय को



रचनात्मक रूप से भरती है, बल्कि व्यक्तिगत संतुष्टि भी देती है, क्योंकि व्यक्ति अपने समुदायों में उनके द्वारा किए जा रहे ठोस सकारात्मक प्रभाव को देखते हैं। सामुदायिक सेवा का सबसे महत्वपूर्ण पुरस्कार यह एहसास है कि व्यक्ति समाज की भलाई में योगदान दे रहे हैं। सामुदायिक सेवा स्वयंसेवकों को उनके कार्यों के तत्काल प्रभाव को दिखाकर इसे उलट देती है। चाहे वह भूख को कम करना हो, स्थानीय बुनियादी ढांचे में सुधार करना हो या कमजोर आबादी का समर्थन करना हो, सामुदायिक सेवा में बिताया गया हर घंटा एक सार्थक अंतर पैदा करता है। यह योगदान स्वयंसेवकों को यह जानकर संतुष्टि और गर्व की गहरी भावना देता है कि वे खुद से बड़ी किसी चीज़ का हिस्सा हैं। अपने समुदाय की बेहतरी में सक्रिय रूप से भाग लेने से, व्यक्ति अपने आस-पास के लोगों के प्रति जिम्मेदारी और जुड़ाव की भावना विकसित करते हैं, जिससे उनके ऊबने या विमुख होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। सामुदायिक सेवा ऊब के लिए एक शक्तिशाली मारक साबित हुई है। यह व्यक्तियों को सार्थक काम में लगाता है, सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देता है, नए कौशल सीखने के अवसर प्रदान करता है और मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से जुड़ाव की अनुमति देता है।

दूसरों की मदद करने से जो उद्देश्य और संतुष्टि की भावना आती है, वह बोरियत की खालीपन को उत्पादकता और संतुष्टि से बदल देती है। इसके अतिरिक्त, स्वयंसेवकों का अपने समुदायों पर जो सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वह एक मजबूत और अधिक जुड़े हुए समाज में योगदान देता है।

सामुदायिक सेवा में संलग्न होना न केवल पुरानी पीढ़ी को बल्कि युवा पीढ़ी को भी उद्देश्यपूर्ण गतिविधियाँ प्रदान करता है जो न केवल बोरियत से लड़ती हैं बल्कि व्यक्तिगत विकास, सामाजिक संबंध और कौशल विकास भी प्रदान करती हैं। यह युवा लोगों को ऐसे अनुभवों से अवगत कराता है जो उन्हें अन्यथा नहीं मिल सकते हैं। चाहे वह विदेश में स्वयंसेवा करना हो, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में मदद करना हो या विविध समुदायों के साथ बातचीत करना हो, ये अनुभव उनके जीवन में उत्साह और विविधता लाते हैं। स्वयंसेवा युवाओं को नए सामाजिक दायरे से भी परिचित कराती है, जिससे उन्हें समान विचारधारा वाले व्यक्तियों से मिलने में मदद मिलती है जो दूसरों की मदद करने के उनके जुनून को साझा करते हैं। यह बातचीत अकेलेपन की भावनाओं को कम कर सकती है, जो बोरियत का एक सामान्य कारण है, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास व्यापक सामाजिक नेटवर्क या उत्तेजक वातावरण नहीं हो सकता है।

यह युवाओं को अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलकर और नई चुनौतियों का सामना करके व्यक्तिगत रूप से विकसित होने में भी मदद करेगा। जब वे विभिन्न परियोजनाओं और पहलों में योगदान देंगे, तो उनमें आत्मविश्वास और लचीलापन बढ़ेगा, क्योंकि उन्हें पता होगा कि वे दुनिया में एक ठोस बदलाव ला सकते हैं।

## आप की बात

### दिल्ली में प्रदूषण

**वायु प्रदूषण** को रोकने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं? यह सवाल उच्चतम न्यायालय ने पूछा है। उसने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से पूछा है कि आखिर उसने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं? लगता है कि दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाना भी शुरू हो गया है। अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर जिस तरह आम आदमी-आप कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में बड़े पैमाने पर आतिशबाजी प्रयोग की उससे भी फैलने वाले प्रदूषण की खबरें एलेक्ट्रानिक मीडिया की सुर्खियां बनीं। लेकिन लगता है कि अरविंद केजरीवाल या उनकी पार्टी को इसकी चिन्ता नहीं है। पराली जलाने के मुख्य दोषी हरियाणा और पंजाब के किसान माने जाते हैं, लेकिन जहां हरियाणा में चुनाव चल रहे हैं वहीं पंजाब में आप की सरकार है। पहले केजरीवाल पंजाब व हरियाणा को दोषी ठहरा कर वायु प्रदूषण नियंत्रण में दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी से हाथ झाड़ लेते थे। लेकिन इस बार कुछ महीने बाद दिल्ली में भी चुनाव होने हैं जिनमें विजय केजरीवाल की नाक का सवाल है। ऐसे में देखना होगा कि पंजाब सरकार किसानों को पराली जलाने से रोकने में कहां तक सफल होती है।

**-मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### रिमोट-चालित सरकार

**दस साल** तक केंद्र में यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार को रिमोट कंट्रोल से सोनिया गाँधी ने चलाया। विपक्ष ने भी रिमोट कंट्रोल से चलने वाली सरकार पर तब खूब बयानबाजी की थी। अब दिल्ली में आम आदमी पार्टी-आप की आतिशी सरकार भी अरविन्द केजरीवाल के रिमोट कंट्रोल से 4 महीने चलेगी। तेज तर्रार समझी जाने वाली आतिशी ने अपने राजनीतिक गुरु की कुर्सी पर उनके सम्मान में न बैठकर दूसरी कुर्सी से सरकार चलानी शुरू की है। उन्होंने भगवान राम और भरत का उदाहरण देते हुए कहा कि केजरीवाल खुद 4 महीने बाद उस पर बैठेंगे। लेकिन कहाँ मर्यादा पुरषोत्तम राम और उनके आज्ञाकारी भरत औरं कहाँ घोटालों में लिप्त केजरीवाल और उनकी शिष्या आतिशी।अगर केजरीवाल में नैतिकता होती तो जेल जाते ही उन्हें मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए था। अब गुरु और शिष्या मिल कर नौटंकी कर रहे हैं। भाजपा के नेता इसे नौटंकी और कुर्सी का अपमान बता रहे हैं। दिल्ली की जनता इस दूसरी रिमोट-चालित सरकार के कामकाज पर नजर रखेगी और नौटंकी के बजाय उसके कामकाज के आधार पर फैसला देगी। कांग्रेस भी पूरे प्रकरण को बड़े मजे से देख रही है।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### अनुरा बने राष्ट्रपति

**श्रीलंका** भारी मुद्रास्फीति, दैनिक जीवन के बढ़ते खर्च, गरीबी जैसे कई संकटों से जूझ रहा है। इन परिस्थितियों में एनपीपी के वामपंथी झुकाव वाले अनुरा कुमारा दिसानायके देश के राष्ट्रपति बने हैं। दिसानायके की जेवीपी-जन विमुक्ति पेरामुना पार्टी ने 1971 व 1987-89 में लोकप्रियता हासिल की। उस समय वह सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह में शामिल थी। इसने 2022 में सरकार को अस्थिर करने में खास भूमिका निभाई थी। दिसानायके का उदय 2022 के संकट का परिणाम है। प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों ने लंबे समय से प्रचलित पारंपरिक वंशवादी पार्टियों में लोगों का विश्वास घटाया था। हालांकि, अनुरा कुमारा दिसानायके मतगणना के दूसरे चरण में सफल हुए हैं क्योंकि पहले चरण में किसी राष्ट्रपति उम्मीदवार को आवश्यक पचास प्रतिशत मत नहीं मिले थे। श्रीलंका के नए राष्ट्रपति ने कहा है कि वे अपनी भूमि का प्रयोग किसी को भी भारत के खिलाफ नहीं करने देंगे। कुछ राजनीतिक विश्लेषक उनको वामपंथी के बजाय राष्ट्रवादी मानते हैं। चीन ने उन पर डोरे डालने शुरू कर दिए हैं, ऐसे में देखना होगा कि अनुरा के नेतृत्व में भारत-श्रीलंका संबंध कैसे होंगे। यह भारतीय राजनय की एक और परीक्षा होगी।

**विजय सिंह अधिकारी**, नैनीताल

### शानदार सोलर प्लांट

**रीवा** में स्थापित किए गए अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्लांट की सफ्लता के किस्से दुनिया भर में फैल रहे हैं। अमेरिका के हावर्ड विश्वविद्यालय में इसके बारे में स्टडी करवाया जाना मध्य प्रदेश के लिए बड़े ही गौरव की बात है। अभी तक सभी नई वैज्ञानिक तकनीकें विदेश से भारत में आती थी। एक प्रकार से हमारे अपने शोध बहुत पिछड़े हुए थे। बिजली आज के युग की सबसे बड़ी जरूरत है। बिना बिजली के कहीं पर भी किसी भी प्रकार का विकास नहीं हो सकता, बल्कि अब तो बिजली के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की सकती। सोलर पावर प्लांट प्रदूषण मुक्त ऊर्जा प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन है। भविष्य में ऊर्जा के लिए सूर्य का ही सहारा लेना होगा क्योंकि अगले कुछ दशकों में पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत खत्म हो जाएंगे। ऐसे में हमारा अभी से जाग जाना सराहनीय है। सरकार भी इसके लिए पर्याप्त सहायता दे रही है। रीवा का पावर प्लांट भारत सहित पूरे विश्व के लिए एक मॉडल का काम करेगा। देश के दूसरे प्रदेश भी इससे प्रेरित होकर विशाल सोलर संयंत्र लगाएंगे।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# रेत माफियाओं के हौसला बुलंद वन विकाश निगम के डिप्टी रेंजर से की मारपीट



पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में माफियाओं के हौसला बुलंद हो रहा है। जिसके चलते अफसर बेबस नजर आते है। जिसका मुख्य कारण यह है कि लोगों के मन में कानून का डर नहीं है । कुकदूर थाना क्षेत्र के डालामौहा गांव में रेत माफियाओं ने वन विकास निगम के अमले पर जानलेवा हमला कर दिया। वर्दी फाड़ दी और लाठी-डंडों से पिटाई की गई, जिसमें दो वन अफसर बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। रेत माफियाओं की गुंडागर्दी यहीं नहीं थमा। खून से लथपथ दोनों अफसरों को जेसीबी मशीन के पंजे में डालकर 6 किमी दूर कामठी लाकर छोड़ा गया।

### मध्य रात्रि को किए खून से लतपथ

माफियाओं के द्वारा गांव गांव में बन रहे जनमन आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को महंगे दम पर रेत की बिक्री करते है। दिन को माफिया कार्यवाही के डर से परिवहन नहीं करते। मिली जानकारी के अनुसार घटना 22 व 23 सितंबर की रात करीब 1 बजे की है। घायल दोनों वन अफसरों के सिर फूट गए हैं। जानकारी के मुताबिक पीड़ित गणेश चंद्रवंशी (31) कुकदूर बीट क्रमांक पी/1467 के सर्किल प्रभारी हैं। 22 सितंबर की रात ग्राम डालामौहा के कुदूर झोरी नाले में रेत के अवैध उत्खनन की सूचना मिली थी। इस पर वे वन विकास निगम के अधिकारी अनिल कुर्रे समेत 5 स्टाफ के साथ गांव पहुंचे। जहां रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली कीचड़ में फंसी थी। आसपास कोई नहीं था, तो दो स्टाफको वहीं छोड़ा। थोड़ी दूर जाकर कुदूर झोरी नाला के अंदर 6-7 ट्रैक्टर ट्रॉली में रेत भरते दिखे। तभी रेत माफियाओं ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

### वन अफसरों को डंडों से पीटा, स्टाफ अपनी जान बचा भागे

माफियाओं के द्वारा किया जा रहे हमला को देखकर वन निगम स्टाफ जान बचाकर भागे। वहीं सर्किल प्रभारी गणेश चंद्रवंशी और अनिल कुर्रे को पकड़कर रेत माफियाओं ने डंडे से पीटा। पिटाई से दोनों लहूलुहान हो गए थे। दोनों के सिर से खून बह रहा था। पिटाई होने और खून बहने से दोनों बदहवाश हो गए। उसी हालत की में रेत माफियाओं ने दोनों अफसरों को जेसीबी मशीन के पंजे में डाला और 6 किमी दूर ग्राम कामठी लेकर आए।

### माफियाओं ने पिटाई की और वीडियो बनाकर किया वायरल

हौसला इतना बुलंद कि कामठी लाने के बाद भी रेत माफियाओं की गुंडागर्दी चालू रही। घायल दोनों वन अफसर पानी मांगते रहे, लेकिन माफिया उन्हें लगातार गाली देते हुए जान से मारने की बात कह रहे थे। रेत माफियाओं ने बकायदा इसकी वीडियो भी बनाई है। हमलावर करीब 20 की संख्या में थे। घायल अफसरों ने हमलावरों में से आरोपी सालिक गोंड निवासी पंडरीखार और ग्राम डालामौहा निवासी पंचराम गोंड के बेटे की पहचान कर ली है। माफियाओं ने वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल भी कर रहे हैं।

### कुकदूर थाना में मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी

पंडरिया एसडीओपी पंकज पटेल का कहना है कि वन निगम के अफसरों पर हमला हुआ है। मामले में बीएनएस की धारा 109 (1), 121 (1), 132, 190, 191 (2), 191 (3), 221, 296, 351 (2) के तहत आरोपी सालिक गोंड, पंचराम गोंड का बेटा और उसके 15 अन्य साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए हैं। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश कर रहे हैं।

### कुर्मी समाज कार्यवाही को लेकर दिए ज्ञापन

कबीरधाम जिले के पंडरिया में वन विकास निगम के अन्तर्गत डिप्टी रेंजर के पद पर पदस्थ गणेश चन्द्रवंशी के ऊपर 23/24 सितम्बर 2024 के दरम्यानी रात ड्यूरी के दौरान लाठी डंडा एवं अन्य धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दौड़ा दौड़ाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। जिसको लेकर समस्त कुर्मी समाज में आक्रोश व्याप्त है, मामले को लेकर कवर्धा राज के युवा अध्यक्ष वीरेंद्र चन्द्रवंशी के नेतृत्व में समाज के युवाओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कड़ा आपत्ति जताते हुए आरोपियों के खिलाफ त्वरित रूप कार्यवाही करने की मांग किया गया वहीं दो दिनों के भीतर मांग पूरी नही होने पर कुर्मी समाज द्वारा सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नवपदस्थ एसपी राजेश अग्रवाल ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं छत्तीसगढ़ युवा सर्व कुर्मी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने इस मामले के सभी आरोपियों के खिलाफ लूटपाट एवं अपहरण जैसे गंभीर धाराओं के तहत कड़ी कारवाई करने की मांग करते हुए दो दिवस के भीतर कार्रवाई नही किया गया तो समाज द्वारा सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दिया गया।

# स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम पर नगर पालिका द्वारा बड़े तरिया में श्रमदान किया

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान की थीम 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' पर केन्द्रित रहेगी। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, पार्षद मनहरण यादव, पार्षद महेश सोनकर, जन प्रतिनिधि राजू निषाद, किशोर सोनकर, एवं अधिकारी कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा बड़े तरिया में श्रमदान कर साफ सफाई किया गया एवं नगर को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली गई। स्वच्छता सेवा अभियान 2 अक्टूबर तक नगर पालिका द्वारा मनाया जा रहा है जिसमें शहर की विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई की जा रही है। स्वच्छता अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है श्रमदान कार्य। यह कार्य न केवल शारीरिक श्रम है,बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है। हम सभी को अपने-अपने स्तर पर श्रमदान करने की आवश्यकता है। चाहे वह अपने मोहल्ले में सफाई करना हो या किसी सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता अभियान चलाना हो, हर छोटी कोशिश महत्वपूर्ण है। जब हम मिलकर श्रमदान करते हैं, तो हम एकजुटता का परिचय देते हैं और समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाते हैं। मुख्य नगर



पालिका अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के सजग एवं जागरूक बनाना है। इस अवसर पर नगर पालिका के जिला समन्वयक गौरव केशरवानी, स्वच्छता प्रभारी विशाल साहू, सफाई दरोगा ओमप्रकाश सोनकर एवं स्वच्छता दीदी, कर्मचारी, शहर के गणमान्य नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# नवीन शिक्षक संघ ने शिक्षक संवर्ग को चिकित्सा अवकाश अवधि मे वेतन भुगतान की मांग की



पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ जिला इकाई दुर्ग का एक प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपकर दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल हरेंद्र राठौर, संदीप पाण्डेय व बीमारी से पीड़ित कु.सावित्री कुर्रे की आर्थिक व शारीरिक स्थिति को देखते हुए चिकित्सा अवकाश अवधि का वेतन नियमित भुगतान करने, हरेंद्र राठौर सहित अन्य दुर्घटना मे घायल व गंभीर रूप से बीमारी से ग्रसित शिक्षक संवर्ग को चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि भुगतान के लिए सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय दुर्ग को पत्र लिखकर जल्दी भुगतान हो का प्रयास करने ग्रीष्मकालीन समर कैम्प सहित अन्य अवकाश अवधि मे किये गये कार्यो को व प्रशिक्षण को सेवा पुस्तिका मे दर्ज करने दुर्ग, पाटन व धमधा बीईओ को निर्देशित करने, रिक्त प्रधान पाठक प्राथमिक, माध्यमिक, प्राचार्य साथ ही शिक्षक व व्याख्याता के रिक्त पदो के पूर्ति हेतु जल्दी ही जिला व संभाग कार्यालय को दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु तीनो बीईओ को निर्देशित करने शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखने की मांग पर चर्चा किया जिस पर जिला शिक्षाधिकारी द्वारा प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदो के लिए जल्दी ही काउंसलिंग हेतु सूची जारी करने, दुर्घटना मे घायल व गंभीर बीमारी से पीड़ित शिक्षक संवर्ग को मेडिकल अवकाश अवधि मे आर्थिक व शारीरिक स्थिति को देखते हुए नियमित वेतन भुगतान व चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि के लिए उचित कार्यवाही करने साथ ही अन्य बिन्दुओ पर भी उचित कार्यवाही जिला शिक्षा कार्यालय की तरफसे करने का आश्वासन नवीन शिक्षक संघ जिला इकाई दुर्ग के प्रतिनिधिमंडल को दिया प्रतिनिधिमंडल मे जिला अध्यक्ष संजीव मानिकपुरी, प्रदेश सचिव गिरीश साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमितेश तिवारी,प्रदेश प्रवक्ता दुष्यन्त कुभकार, विनोद ठाकुर, संजय मानिकपुरी, मनोज जोशी, दुर्ग ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहु,राकेश धनकर, ब्लॉक संगठन मंत्री विजयशंकर डहरिया, आनंद साहु,देवेंद्र राय, दीपक साहु, सुनील शर्मा, लक्ष्मीकांत नागवंशी आदि शामिल थे।

# डुंडा अमृत सरोवर तालाब की हुई साफ-सफाई

## विधायक दीपेश साहू ने दिलाई स्वच्छता की शपथ




पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बेमेतरा विकासखंड के ग्राम डुंडा स्थित अमृत सरोवर तालाब के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई कार्यक्रम में बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष रीना वर्मा, सरपंच पार्वती वर्मा, उपसरपंच संदीप वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और अधिकारी-कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता समाज की बुनियादी जरूरत है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा, स्वच्छता ही सेवा है, जो न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि समाज के समग्र विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता का संदेश ग्रामीणों तक पहुँचाया गया। विधायक साहू ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई, जिससे उनके आसपास के क्षेत्रों को साफऔर स्वस्थ बनाए रखने की प्रेरणा मिली।

# कुम्हारी पालिका ने अवैध रूप से निर्माणाधीन मकान ध्वस्त किया

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड क्रं. 03 महामाया पारा स्थित सर्व समाज मांगलिक भवन के सामने रिक्त शासकीय भूमि में प्लाटिंग कर अवैध रूप से मकान बनाने की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के आदेश पर पालिका के राजस्व विभाग द्वारा उक्त स्थान से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने कहा है कि नगर में कहीं भी शासकीय भूमि पर कोई भी अवैध निर्माण होगा तो पालिका प्रशासन तत्काल उस पर कार्यवाही करेगी। उक्त कार्यवाही में राजस्व प्रभारी अविनाश देवांगन, संजय आईच, धनंजय साहू एवं कैलाश देवदास आदि मौजूद थे।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन भारत सरकार के निर्देशानुसार लौह समूह दल्ली राजहरा के राजहरा माइंस हॉस्पिटल में 25 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा के भाव को लेकर एक वृहद स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महा प्रबंधक (खदान) आर बी गहरवार ने स्वच्छता शपथ दिलाकर राजहरा माइंस हॉस्पिटल, नगर प्रशासन एवं कार्मिक विभाग के कर्मियों के द्वारा वृहत सफाई कार्यक्रम आयोजित किया।



कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के द्वारा स्वच्छ भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में सभी को कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी लोगों से हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने हेतु शपथ दिलाई और सभी से कहा कि ना मैं गंदगी करूंगा और ना ही किसी और को करने दूंगा अपने साथ अपने गांव शहर और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में जयप्रकाश महाप्रबंधक राजहरा, मंगेश शेलकर उपमहाप्रबंधक नगर प्रशासन, डॉ. मनोज डहरवाल प्रभारी राजहरा माइंस हॉस्पिटल, डॉक्टर जे एस बघेल, उपप्रबंधक कार्मिक विभाग राजहरा मुख्य रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन रतीश मिश्रा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी ने किया। उल्लेखनीय है कि 18 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक लौह अयस्क समूह राजहरा में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों में सघन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है उसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में नगर प्रशासन, कार्मिक विभाग एवं राजहरा माइंस हॉस्पिटल के अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिती उनके स्वच्छता के प्रति संकल्प को प्रदर्शित करता है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारी गणों में अतुल कॉलेश, रमेश हेडाऊ सहायक महाप्रबंधक नगर प्रशासन शैलेश पटनायक आनंद बोरकर, के शशांक राव सहायक प्रबंधक कार्मिक, घनश्याम पारकर , संतराम साहू अंतरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रमुख रूप से थे।

### पवन सोनकर का निधन



**कुम्हारी।** वार्ड क्रमांक 5 बाजार चौक कुम्हारी निवासी पवन सोनकर उम्र 50 वर्ष का आकस्मिक निधन दिन बुधवार को हो गया जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम खारुन मुक्तिधाम में परिजनों ग्रामवासियों व सामाजिक सदस्यों के द्वारा किया गया वे अपने पीछे पत्नी, पुत्री व पुत्र कमलेश सोनकर सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

# दीपक बैज न्याय नही प्रायश्चित यात्रा करें 5 साल से राज्य में मचा था लूट : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की न्याय यात्रा के एक दिन पहले ही जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने यात्रा पर प्रश्न चिन्ह उठाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को न्याय की जगह प्रायश्चित यात्रा निकालने की समझाइश दी है, प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा बैज अभी भी टी आर पी के लिए लगे हैं जबकि पिछले पांच साल के सवाल जनता के मन जस के तस खड़े हैं, टिकिट वितरण के दौरान इन्ही के नेताओ का ऑडियो वायरल हुआ कि प्रभारियों के घरों में परिजनों के पास रकम छोड़ी



गई,खैर यह तो कांग्रेस में परम्परा बनती जा रही है इसमें कोई नई बात नहीं, नकली होलोग्राम लगाकर शराब घोटाला करने वालो पर बैज को बोलना चाहिए उनका न्याय कब करेंगे, कोयला घोटाला में कमीशन लेने वाले बेहद करीबियों का न्याय कब करेंगे। रीपा में हुए करोडो के बंदर बांट पर न्याय करेंगे या प्रायश्चित आपके सत्ता में हुए बिरनपुर और कवर्धा हिंसा तक के सवालों के जवाब भी आप ही को देने हैं, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा आइए बैज अपनी यात्रा के दौरान बेमेतरा में ऐसे ही सवालों से जुड़े फ्लेक्स युक्त खंभों से जगह जगह आप रूबरू होंगे बेमेतरा में ऐसे सवालों के साथ आपके स्वागत के लिए आतुर है सवालों की फेहरिस्त इतनी लंबी है आपको वन भर पद यात्रा ही करनी पड़ जाएगी।

# पंडित उपाध्याय जयंती पर भाजपाइयों ने उन्हें किया याद, बूथों में चलाया सदस्य अभियान

### विश्व में उन्हें एक प्रखर राष्ट्रवादी, मानववाद, अंत्योदय दर्शन के प्रणेता है: सिन्हा

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर शहर के भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में बूथ क्रमांक 10 से लेकर 14 तक सदस्यता अभियान चलाकर भाजपा संगठन द्वारा दिए गए 100 सदस्यों के लक्ष्य को पूरा किया गया। इसके पूर्व वार्ड नंबर 1 पिकरी स्थित सामुदायिक भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। इस



दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने जयंती में मौजूद पार्टी के कार्यकर्तायों के बीच अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा पं.दीनदयाल उपाध्याय के कुशल संगठन ओर एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय दर्शन के बदौलत हमसब आज भाजपा परिवार का हिस्सा है। पूरे देश के साथ साथ विश्व में उन्हें एक प्रखर राष्ट्रवादी, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय दर्शन के प्रणेता के रूप में जाना जाता है। सिन्हा ने कहा हमारा सौभाग्य की वे हमारे संस्थापक रहे हैं। हम सब का कर्तव्य है कि श्रद्धेय दीनदयाल के दर्शन 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को साकार करने वाले मार्ग पर चले। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, भाजपा नेता अनिल रजक, पार्षद लछनी यशवंत लहरे ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डाला। जयंती में धरमू वर्मा, द्वारिका अग्रवाल,दिलीप वर्मा, बलराम वर्मा, नंद कुमार गुप्ता, गौरव साहू, अजय वर्मा, सुनीता रजक,सुनीता वर्मा, कुमारी वर्मा, कमला वर्मा,रुक्मणी वर्मा, भुलीन वर्मा, जामुन रजक, ठगिया सेन, कौशल्या यादव, लता वर्मा, सविता वर्मा, सुनील, दिलीप वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## कक्षा 11वीं कला संकाय में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन 27 सितम्बर

**दल्लीराजहरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से कक्षा 11वीं कला संकाय में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 सितम्बर 2024 निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम विद्यालयों में वर्ष 2024-25 हेतु कक्षा 11वीं में कला संकाय हिन्दी माध्यम में बालिका हेतु 01 रिक्त सीट एवं बालक हेतु 03 सीट सहित कुल 04 रिक्त सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 सितम्बर 2024 निर्धारित की गई है। चयनित तथा प्रतीक्षारत सूची जारी करने की तिथि 28 सितम्बर, प्रवेश की तिथि 30 सितम्बर तथा प्रवेश प्रि या की अंतिम तिथि 01 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## जिले में अब तक 588.2 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा ।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 26 सितंबर 2024 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 588.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील साजा में 726 मि.मी. तथा न्यूनतम 420.5 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 570.6 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 525.6 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 626.5 मि.मी., देवकर तहसील में 712 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 500 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 507.8 मि.मी. एवं दाढ़ी तहसील में 704.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# प्रिज्म कॉलेज में वर्ल्ड फार्मशिष्ट डे मनाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

प्रिज्म कालेज महकाखुर्द के फार्मेसी विभाग द्वारा वर्ल्ड फार्माशिस्ट डे और इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन फार्मेसी प्राचार्य सीमा कश्यप मैडम के मार्गदर्शन में फार्मा फैकल्टी सागर शर्मा और गुरदीप शर्मा ने किया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में संस्था प्रमुख रूपेश कुमार गुप्ता तथा अतिथि के रूप डायरेक्टर ख्याति साहू, असीम साहू और प्राचार्य डॉ अंजना शरद उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत तुलसी प्लांट पॉट देकर किया गया। इस अवसर पर प्रिज्म संस्था प्रमुख रूपेश गुप्ता ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों का स्वागत संबोधन करते हुए बताया कि, वर्ल्ड फार्मशिट डे महादेव लाल श्रॉफ के सम्मान में मनाया जाता है जिन्हे फार्मशिट का जनक कहा जाता हैं। संस्था प्रमुख गुप्ता ने बताया कि फार्माशिट



का महत्व हमे कोविड 19 के समय समझ में आया कि, किस तरह ये मानव जीवन की रक्षा करते हैं और एलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेद और नचरोपैथी सभी में फार्मशिट का महत्वपूर्ण योगदान है साथ ही उन्होंने चरक संहिता से लेकर धनवंतरी चिकित्सा तक फार्मशिट के योगदान को बताया और प्रिज्म संस्था के हर्बल गार्डन से भी अवगत कराया। तत्पश्चात संस्था की डायरेक्टर ख्याति साहू ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और बताया कि आज के दिन वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के साथ नए स्टूडेंट का इंडक्शन प्रोग्राम भी मनाया जा रहा है अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि फार्मासिस्टों की भूमिका सिर्फदवाएं बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे मरीजों को उनकी सेहत के बारे में सलाह देते हैं और उनकी सेहत की रक्षा करते हैं।और यदि आप केवल बीमार व्यक्ति की समस्या को सावधानी से सुन भी लेते है तो उनकी आधी बीमार ऐसे ही ठीक हो जाती है द्य तत्पश्चात संस्था के निर्देशक असीम साहू सर ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को यह आश्वासन दिलाया की डिप्लोमा इन फार्मेसी के इन दो सालों में यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो वे बिना किसी संकोच के सर से किसी भी समय मिल सकते है और एक मार्गदर्शक, या बड़े भाई की तरह उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। इसी कड़ी में असीम सर ने कहा कि, नेचरोपैथी हमारे प्रिज्म के हरे भरे प्रांगण में ही उपलब्ध है और प्रोत्साहन पूर्ण संबोधन में उन्होंने स्टूडेंट को बताया कि अध्ययन इस प्रकार करो की जब आप स्वयं का व्यवसाय करे, तो लोग उन्हें प्रिज्म के विधार्थी के रूप में जाने। प्रिज्म संस्था के एजुकेशन विभाग की प्राचार्य डॉ अंजना ने अपने भाषण में सभी का विद्यार्थियों का स्वागत और मंचस्थ सभी गणमान अतिथियों का अभिवादन किया और बताया कि जिस प्रकार साल्ट और कैमिकल के कॉम्बिनेशन से मेडिसिन बनाया जाता है उसी प्रकार, इस कार्यक्रम में वर्ल्ड फार्मासिस्ट और इंडक्शन प्रोग्राम दोनो का कॉम्बिनेशन देखने को मिल रहा है। अंजना ने मैग्नेटो थेरेपी के बारे में भी बताया। संबोधन की इस कड़ी में फार्मा विभाग की प्राचार्य सीमा कश्यप ने सभी विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक दो साल की एकेडमिक और नॉन एकेडमिक गतिविधियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया तथा वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के अवसर पर विद्यार्थियों को सपथ दिलाई और साथ ही उन्होंने बताया कि डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन से लेकर पसेंट के ट्रीटमेंट तक की बीच की कड़ी फार्मासिस्ट है। तत्पश्चात नवप्रवेशित विद्यार्थियो ने पंजाबी फ्यूजन डांस के द्वारा समा बांधा। इसके उपरांत मैनेजमेंट फैकल्टी देशना मैडम ने सभी विद्यार्थियों उनके परिचय के उपरांत (पिक द बॉल और गेस व्हाट) गेम खिलाया। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार और स्टूडेंट फीडबैक के द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन मैनेजमेंट विभाग की फैकल्टी निधि साहू ने किया।

# ग्रामीणों द्वारा सड़क बनाने की मांग को शासन तक पहुंचाने के लिए विडियो वायरल किया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ने मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम गीतपुरी-नुनियाकछार में स्कूली बच्चों द्वारा ट्यूब के सहारे नदी पार कर स्कूल जाने को लेकर वायरल विडियो को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को इस मामले की जॉच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा इस मामले की जॉच की गई। इस दौरान टीम द्वारा ग्राम में पहुँचकर स्कूल के प्रधान पाठक, बच्चों के पालकगण और ग्रामीणजनों से पुछताछ की गई। जॉच में पाया गया कि ट्यूब के सहारे प्राथमिक शाला गीतपुरी जाने वाले बच्चे ग्राम नुनियाकछार का निवासी है। ग्रामीणों द्वारा सड़क बनाने की मांग को शासन तक पहुँचाने के लिए यह विडियो वायरल किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ग्राम के कुछ निषाद परिवार आगर नदी के तट पर अस्थायी जीवन-यापन करने आये थे, जो विगत कुछ वर्षो से स्थायी रूप से निवासरत है। आगर नदी के दूसरे तट पर प्राथमिक शाला गीतपुरी संचालित हो रहा है। निषाद परिवार के कई बच्चे प्राथमिक शाला गीतपुरी एवं शासकीय उ.मा.वि. नवागांव ची. में अध्ययनरत है। प्राथमिक शाला नुनियाकछार निषाद परिवार के घरों से लगभग डेढ से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिसमें कुछ दूरी तक पगडण्डी रास्ता (खेत के मेढ़) से होकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक शाला गीतपुरी पास में होने के कारण अपने बच्चों को वहाॅं पढ़ा रहे है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल के प्रधान पाठक द्वारा बच्चों को नदी पार कर आने-जाने में समस्या को देखते हुए स्कूल में प्रवेश देने के लिए मना भी किया गया था, लेकिन पालक द्वारा प्राथमिक शाला नुनियाकछार में दूरी एवं असुविधा को कारण बताकर प्राथमिक शाला गीतपुरी में सुरक्षित स्कूल पहुँचाने की शर्त पर प्रवेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि ट्यूब के सहारे नदी पार कर बच्चों का स्कूल जाने का विडियो शासन-प्रशासन की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से वायरल किया गया है, जबकि वस्तुस्थिति अलग है। ग्राम नुनियाकछार से शासकीय प्राथमिक शाला गीतपुरी जाने के लिए पगडण्डी होकर अलग से रास्ता भी है, जिसके माध्यम से बच्चों द्वारा आसानी से स्कूल पहुँचा जा सकता है। उन्होने बताया कि नदी पार कर स्कूल आने-जाने में असुविधा एवं अप्रिय घटना को ध्यान में रखते हुए बच्चों को प्राथमिक शाला नुनियाकछार में प्रवेश कराया जाएगा। जांच टीम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रतिभा मंडलोई, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप दिवाकर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# हाथी के हमले में युवक की मौत, दो बाल-बाल बचे

## भारतमाला सड़क निर्माण में काम करके लौट रहा था मृतक, धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र की घटना

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में बुधवार की दोपहर काम करके अपने साथियों के साथ घर लौट रहे एक युवक पर हाथी ने हमला कर दिया। घायल युवक को उपचार हेतु सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां प्रारंभिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया गया है। उक्त मामला धरमजयगढ़ वन मंडल का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोहनपुर निवासी शिव प्रसाद राठिया 20 साल बुधवार की दोपहर 2 बजे के अपने दो साथियों के साथ भारतमाला मार्ग निर्माण में काम करके घर लौट रहा था। बाईक सवार तीनों युवक जब बाकारूमा रेंज के जमाबीरा रोड के पास पहुंचे ही थे कि अचानक हाथियों के चिंघाड़ की आवाज सुनकर तीनों भयभीत होकर जान बचाने इधर उधर भागने लगे। तभी हाथी ने शिव प्रसाद राठिया पर हमला कर दिया वहीं उसके दोनों साथियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि घायल युवक को वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा उपचार हेतु धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया जहां प्रारंभिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

**काम करके घर लौटते समय हुई घटना**-शिव प्रसाद राठिया अपने साथियों के साथ भारतमाला मार्ग निर्माण में काम करने गया था। इस बीच काम करके घर लौटते समय सिसरिंगा के लालमाटी के पास अचानक हाथी से उनका सामना हो गया। जिसके बाद हाथी ने शिव कुमार पर हमला कर दिया। घायल शिव राठिया को धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां मौके पर मौजूद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**दो साथियों ने भागकर बचाई जान**-बताया जा रहा है कि अचानक हाथी का सामना हो जाने से तीनो साथी इधर-उधर भागने लगे इस घटना में जहां शिव प्रसाद राठिया की मौत हो गई वहीं उसके दो अन्य साथी किसी तरह अपनी जान बचाकर गांव पहुंचकर परिजनों को इस घटना से अवगत कराया है।

**12 हाथी का दल कर रहा विचरण**-वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तेजपुर के जंगल में कक्ष क्रमांक 136 बाकारूमा रेंज में यह घटना हुई है। जहां वर्तमान में 12 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग के अधिकारी हाथी पर नजर बनाये हुए हैं।

**वन विभाग की टीम पहुंची मौके पर**-हाथी के हमले से एक युवक की मौत हो जाने की जानकारी मिलते ही धरमजयगढ़ वन मंडल की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**यहां भी एक को किया घायल**-एक अन्य जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ वन मंडल के तेजपुर गांव में आज पुटु लेने जंगल गए एक ग्रामीण का सामना हाथी से हो गया जिसके बाद हाथी ने राय सिंह राठिया को सूंढ से उठाकर पटक दिया इस घटना में बुरी तरह घायल ग्रामीण को उपचार के लिये धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में ही भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

# पटाखा दुकानों का तहसीलदार ने किया निरीक्षण, एक का लायसेंस निलंबित





पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

तोरवा के एक अवैध पटाखा दुकान मे आग लगने की घटना के बाद कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम बिलासपुर के मार्गदर्शन में तहसीलदार, अति., नायब तहसीलदार बिलासपुर द्वारा खपरगंज , जूनी लाइन स्थित पटाखा दुकानों की जांच की गई, दुकानदारों को प्राप्त अनुज्ञप्ति लाइसेंस तथा स्टॉक की जांच की गई। जांच के बिंदुओं के अनुसार रिपोर्ट तैयार की गई है।आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अन्य दुकानों की भी जांच की जा रही है। जाँच के क्रम में : जय गणेश ट्रेडर्स, तोरवा नाका चौक, बिलासपुर की जांच एसडीएम पीयूष तिवारी द्वारा पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी आर्गेनाइजेशन से कराई गई । पेसो की जांच में लिमिट से अधिक मात्रा में भण्डारण तथा सुरक्षा उपकरणों की अपर्याप्त व्यवस्था की पुष्टि की गई । जिसके आधार पर जय गणेश ट्रेडर्स, तोरवा नाका चौक, बिलासपुर की फ्टाखा लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई है तथा प्रोपराइटर को कारण बताओ नोटिस देकर 21 दिनो का समय दिया गया है । नोटिस में संतोषप्रद जवाब नही दिए जाने पर लाइसेंस निरस्त की जाएगी।

# कलेक्टर ने जिले में गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण सुनिश्चित करने निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिले में गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर इसकी जांच करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिसके परिपालन में जिला पंचायत के सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने विकासखंड पथरिया में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत के निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर छिंदभोग से सकेरी सड़क के बीच खुदाई कराई और मानकों के अनुरूप सड़क की मोटाई एवं बोल्डर मुरूम की लेयर की जांच की। इस दौरान सड़क की गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और संबंधित सब इंजीनियर को फ्टकार लगाते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कलेक्टर को जॉच प्रतिवेदन भेजा। जिला पंचायत सीईओ पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जिले में निर्माणाधीन कुल 14 सड़कों की गुणवत्ता की जांच के लिए पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता की अध्यक्षता में टेक्निकल टीम गठित कर 07 दिवस के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर गिरधारी लाल यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शास. अंग्रेजी स्कूल दाऊपारा, मुंगेली में "स्वच्छता ही सेवा" 2024 कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली सी.के. घृतलहरे के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इनके द्वारा महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें पोस्टर, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सभी प्रतियोगिताओं में बड़े उत्साह से भाग लिए एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किये। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्वीटी पाटले एवं आकाक्षा सोनवानी द्वितीय रही। निबंध प्रतियोगिता में कु.खुशी प्रथम एवं स्वीटी पाटले द्वितीय रही।

अपने उद्बोधन में डीईओ घृतलहरे ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन की सबसे बड़ी सेवा है। हमारी व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ हमारे आस-पास पर्यावरण की भी स्वच्छता आवश्यक है। इससे रोग हमारे शरीर से दूर रहते है तथा तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है। इससे हमारे स्वभाव एवं कार्यप्रणाली में भी स्वस्थता आती है। अच्छी पढ़ाई-लिखाई के लिए स्वस्थ मन के साथ अच्छे विचार ग्रहण करते हुए हमें कार्य करना चाहिए। स्वच्छता हमारा सामाजिक दायित्व है। शाला प्राचार्य डॉ.आई.पी.यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आस-पास की स्वच्छता के साथ-साथ अपने शरीर की सफाई से ही हम पूरी तरह स्वस्थ रह सकते है।

# भीख मांगते हुए चकमा देकर सोने का चैन चोरी करने वाली महिलाओं का गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ा



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

भीख मांगते हुए चकमा देकर सोने का चैन चोरी करने वाली महिलाओं का गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ा। मिली जानाकारी के अनुसार ये लोग बलौदाबाजार से मुंगेली, बिलासपुर आकर ऑटो में घूम-घूम करते थे रेकी और देते थे घटना को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार थाना सरगांव अंतर्गत प्रार्थी शत्रुहन सिंह निवासी टिकैत पेंड्री जो अपने गाँव मे हार्डवेयर की दुकान चलाता है उसने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 सितंबर की सुबह वह अपने दुकान के सामने साफसफाई व रोड में पानी डाल रहा था. उसी दौरान तीन-चार महिला प्रार्थी के दुकान के पास जाकर ताली बजाकर पैसे दो कहने लगे और मांगने लगे और इसी दौरान प्रार्थी के पीठ, गर्दन को एक महिला छूने जैसा करते हुए बातचीत कर पैसा मांग किये, तो प्रार्थी बोहनी नहीं हुआ है, कहकर अपने पड़ोसी दुकानदार राकेश ध्रुव को बुलवाकर उस महिला को 50 रूपये दिलवाया, जिस पर महिलाएँ वहाँ से चली गई। कुछ देर बाद प्रार्थी अपने गले में पहने सोने की चैन, वजन करीबन 19.940 ग्राम, कीमती 1,23,000/- उसके गले मे नही था जो काफी खोजबीन बाद उसे आभास हुआ कि उक्त अज्ञात महिला, जो प्रार्थी के पीठ, गर्दन को छू रही थी, वही महिला चोरी कर अपने साथी अन्य महिलाओं के साथ भाग गई है ।

# गिरधर गुप्ता पहुंचे ग्राम-तेलीकोट, दीनदयाल जी की जयंती पर चलाया सदस्यता अभियान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com






अविभाजित मध्य प्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के पूर्व महामंत्री गिरधर गुप्ता ने 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर खरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-तेलीकोट के पोलिंग बूथ क्रमांक 98 एवं 99 में पहुंचकर सदस्यता अभियान चलाया, इस दौरान जहां सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे तो वहीं इस अवसर पर भाजपा नेता गिरधर गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि आज दीनदयाल जी ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति के विकास की परिकल्पना की थी, तथा आज केंद्र की मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, वहीं इस अवसर पर गिरधर गुप्ता ने भाजपा के राष्ट्रीय संगठन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए वहां उपस्थित सभी लोगों के को मोबाइल के माध्यम से सदस्य बनने का आग्रह किया तथा वहां उपस्थित सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने, इस दौरान लोगों में सदस्यता को लेकर भी उत्साह देखा गया तथा नवयुवकों ने कहा कि आज देश भर में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है तथा मोदी जी जो काम कर रहे हैं उससे हम सभी प्रभावित हैं एवं उनके आभारी हैं

# सक्ती पुलिस ने पटना पहुंचकर नशीले पदार्थों के सप्लायर को धर दबोचा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जिले की पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा के निर्देशन में जहां पूरे जिले में नशीले पदार्थों को लेकर छापा मार कार्रवाई चल रही है, तो वहीं नशे के सौदागरों पर त्वरित मामला दर्ज कर उन्हें जेल भी भेजा जा रहा है,इसी श्रृंखला में थाना सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)के अपराध क्र. 339/2024धारा 21 (C) NDPS ACT के तहत प्रतिबंधित नशीला पदार्थ सीरप के सप्लायर पटना से गिरफ्तार किये गए है,एंड टू एंड इन्वेस्टीगेशन करते हुए सकती पुलिस ने पटना से गिरफ़्तार किया है,तथा कोरियर के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सो एवं छत्तीसगढ़ में भी सूखे नशे की सप्लाई की जाती थी, शक्ति पुलिस की इस बड़ी सफ्लता से जहां आने वाले दिनों में भी नशे के सौदागरों पर लगाम कसेंगी। ज्ञात हो की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भापुसे) द्वारा नशीले पदार्थों के कारोबारियों पर कड़ी करवाई और ज़ीरो टॉलरेंस की रणनीति अपनाते हुए, अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे।दिशा निर्देश के परिपालन में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा था कि 12.09.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि चूना भटठी के पास ग्राम रगजा मे एक ब्यक्ति नशीली कफ सिरफ स्कुटी में रखकर ग्राहक तलास रहा है कि मुखबीर सूचना पर NDPS ACT के तहत विधिक प्रावधानों का पालन करते हुये हमराह स्टाफ व गवाहान के मुखबीर के बताये स्थान पहुंच कर घेराबंदी अमित कुमार सारथी पिता रामप्रसाद सारथी उम्र 32 वर्ष ग्राम परसापाली थाना खरसिया जिला रायगढ़ से 02 नग खाखी रंग के कार्टुन में रखा 235 नग प्लास्टिक शीशी मे शीलबंद जिसमे ONEREX Cough Syrup Codeine Phasphate And Triprolidinehydrochloride Syrup लिखा प्रत्येक मे 100-100 एमएल कुल 23500 एमएल किमती 39950 / रूपये आरोपी के कब्जे से बरामद कर आरोपी अमित कुमार सारथी पिता रामप्रसाद सारथी उम्र 32 वर्ष साकिन परसापाली थाना खरसिया जिला रायगढ़ (छ0ग0) का कृत्य धारा 21 (C) NDPS ACT का घटित करना पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया था विवेचना दौरान पाया गया कि उक्त नशीली पदार्थ सिरप की सप्लाई कोरियर के माध्यम से पटना बिहार निवासी मोहन उर्फ रविशंकर प्रसाद सिन्हा के द्वारा किया गया था।

## दो युवकों ने गाड़ी किराये में लेकर टीपोखोल के पास दिया घटना को अंजाम

# गले में चाकू अडाकर चालक से स्वीफ्ट कार की लूट

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले में जंगल के बीच में दो अज्ञात युवकों के द्वारा कार चालक को चाकू मारकर कार लेकर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस शहर के चारो तरफ नाकेबंदी करके अज्ञात लोगों की पतासाजी में जुट गई है। उक्त मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम दो अज्ञात युवकों ने रायगढ़ रेलवे स्टेशन से एक स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 13 बीए 5441 को बुक करके जिंदल के पास स्थित टीपाखोल डेम घूमने जाने के नाम से बुक किया था। कार चालक व मालिक सोनकर पारा निवासी पंकज सिंह के द्वारा दोनों अज्ञात युवकों को टीपाखोल डेम ले जाया जा रहा था इसी बीच रास्ते में जंगल के बीच दोनों युवकों ने चाकू से उस पर हमला करते हुए घायल कर दिया जिसके बाद दोनों उसकी कार को लेकर फरार हो गए हैं। पीड़ित युवक किसी तरह थाने पहुंचकर उक्त मामले की शिकायत थाने में की है जिसके बाद पुलिस अलर्ट मोड में आते हुए चारो तरफ नाकेबंदी करके दोनों अज्ञात लोगों की पतासाजी में जुट गई है। वहीं घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**खरसिया की तरफ भाग हैं दोनो आरोपी**-बताया जा रहा है कि कार चालक को चाकू मारने के बाद दोनों आरोपी खरसिया की तरफ भागे हैं जिसके बाद पुलिस अलर्ट मोड में आते हुए इस मार्ग में संघन जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिये सड़क आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का भी सहारा ले रही है।

**क्या कहते हैं पुलिस अधीक्षक**-इस संबंध में रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि कोतरा रोड थाना क्षेत्र में दो अज्ञात लोगों के द्वारा कार लूटने की घटना सामने आई है जिसमें दो युवकों ने रायगढ़ रेलवे स्टेशन से गाड़ी बुक करके उसे टीपाखोल लेकर गए और चालक को चाकू मारकर कार लेकर फरार हो गए हैं। इस मामले में अलग-अलग टीम बनाकर कार्रवाई की जा रही है, आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास जारी है।

**03 घंटे बाद रायगढ़ पुलिस को मिली कार**-रायगढ़ जिला मुख्यालय के कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में आज हुई कार लूट की घटना को रायगढ़ पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए महज 03 घंटे के भीतर सुलझा लिया। इस घटना के बाद जिले में नाकेबंदी कर सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों को वारदात की जानकारी दी गई थी। हेड क्वार्टर डीएसपी अखिलेश कौशिक और साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में कोतरारोड़ थाना, साइबर सेल और भूपदेवपुर की टीम गठित की गई और उन्हें तुरंत कार्रवाई में लगाया गया।

**पुलिस अधीक्षक पहुंचे रेलवे स्टेशन**-इस मामले में रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल स्वयं रेलवे स्टेशन पहुंचे और उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। साथ ही टीमों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान रायगढ़ पुलिस टीम ने सारंगढ़, सक्ती, कोरबा, झारसुगुडा पुलिस के साथ समन्वय स्थापित किया गया।

**सीसीटीवी फुटेज में मिला महत्वपूर्ण क्लू**-एक टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों के रूट और पहचान की पुष्टि की और सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ जानकारी साझा किया गया जिसमें रायगढ़ और सक्ती के बेहतर कॉडिनेशन और पुलिस की सघन नाकेबंदी में बाराद्वार-जैजेपुर मार्ग पर आरोपियों द्वारा कार को छोड़कर फ्रार हो गए।

**आरोपियों की पतासाजी में जुटी पुलिस**-रायगढ़ पुलिस ने लूटी गई स्वीफ्ट डिजायर कार सीजी 13बीए 5441 बाराद्वार-जैजेपुर मार्ग से बरामद कर लिया है और पीड़ित पंकज सिंह के रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में लूट का अपराध कायम कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कर्मचारी आवासीय कॉलोनी में चोरी

## नगदी रकम समेत हजारों के जेवरात ले भागे चोर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में कर्मचारी आवासीय कॉलोनी में शासकीय अधिकारी कर्मचारी कालोनी में एक मकान में चोरी की घटना का मामला सामने आया है। इस मामले में पीडिता की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र में पुसौर ब्लाक के ग्राम बुनगा निवासी यमुना सिदार ने घरघोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह हाउसिंग बोर्ड कालोनी घरघोडा के कंचनपुर क्वाटर नंबर जी-10 में अकेली रहती है और वह जनपद पंचायत घरघोडा में एडीईओ के पद पर पदस्थ है। पीड़िता ने बताया कि 23 सितंबर की सुबह 10 बजे वह जनपद पंचायत ड्यूटी के लिये गई थी और ड्यूटी के पश्चात रात 8 बजे के बाद वह अपने निजी काम के सिलसिले में रायगढ़ गई थी। रायगढ से 24 सितंबर की रात करीबन 3 बजे जब वह क्वाटर पहुंची तो देखा कि घर के गेट का सामने का कुंडी टूटा हुआ था। किसी अनहोनी घटना की आशंका से जब वह अंदर जाकर देखी तो पता चला कि उसके घर का अलमारी खुला था और आलमारी में रखा हुआ नगदी रकम 32 हजार रूपये नगद के अलावा चांदी का 02 जोडी पायल वजनी लगभग 10 तोला कीमती लगभग 6 हजार रूपये कुल जुमला 38 हजार को कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया था।

# कर्नाटक एग्री समिट में डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने कृषि सुधारों पर दिया जोर, सतत कृषि के लिए सम्मानित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बेंगलुरु के ताज वेस्ट एंड होटल में आयोजित कर्नाटक एग्री समिट के दौरान 25 सदस्यीय कर्नाटक कृषि परिषद का शुभारंभ किया गया। इसकी अध्यक्षता जियो-बायोटेक के प्रबंध निदेशक और बैंगलोर प्रबंधन संघ के अध्यक्ष के. एस. नारायणस्वामी ने की। कृषि मंत्री एन. चेलुवरायस्वामी ने इस परिषद का उद्घाटन किया और इसे राज्य की प्रमुख कृषि चुनौतियों और अवसरों, विशेषकर मिलेट, दाल, कॉफी, और मसाला प्रसंस्करण, निर्यात, स्टार्टअप्स, और कृषि में डिजिटल तकनीकों पर ध्यान देने के लिए कहा। बेंगलुरु, जो एग्रीटेक कंपनियों का केंद्र है, इन क्षेत्रों में अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस शिखर सम्मेलन में डॉ. अशोक दलवाई, डॉ. एस.वी. सुरेशा (कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, बेंगलुरु) और डॉ. सी. बिरादार निदेशक तथा इंडियन चैंबर आफ फूड एंड एग्रीकल्चर की अध्यक्ष डॉक्टर एमजी खान ने भी अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक विशेषज्ञों, अधिकारियों और सीईओ ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने मंच से भारत की कृषि की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। तमाम योजनाओं के बावजूद वास्तविकता यह है कि खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। पिछले दो वर्षों में 2 करोड़ किसानों ने खेती छोड़ दी है, और युवा इस घाटे वाले व्यवसाय में आना नहीं चाहते। यदि हमने मिलकर इस स्थिति को नहीं सुधारा, चाहे वह सरकार हो, उद्योग हो, वैज्ञानिक हों, या कृषि विश्वविद्यालय तो 1.5 अरब की आबादी को भोजन कैसे मिलेगा? डॉ. त्रिपाठी ने चेतावनी दी। उन्होंने कर्नाटक में एआईएफए की राज्य इकाई के गठन की घोषणा की, जो सरकार और किसानों के बीच एक मजबूत और सकारात्मक पुल के रूप में कार्य करेगी। यह इकाई कर्नाटक कृषि और खाद्य चेंबर के साथ मिलकर काम करेगी। इस कार्यक्रम में बेंगलुरु के निकट ऑस्ट्रेलियन टीक के पेड़ों की छाया में औषधीय पौधों और खाद्य फसलों की नैसर्गिक मल्टीलेयर खेती करने वाले उच्च शिक्षित किसान विनय ओझा और नलिन गंडोत्रा को कर्नाटक स्टेट बेस्ट प्रोग्रेसिव फार्मर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। विनय ओझा ने बताया कि उन्होंने भारत और विदेश में कई वर्षों तक नैसर्गिक खेती की पद्धतियां सीखीं, और छत्तीसगढ़ के कोंडागांव स्थित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म्स एवं रिसर्च सेंटर की मल्टीलेयर खेती और नैसर्गिक ग्रीनहाउस मॉडल से प्रेरित होकर इसे बेंगलुरु में अपनाया और सफलता प्राप्त की। उन्होंने तेलंगाना में भी इस पद्धति को सैकड़ों किसानों के साथ बड़े पैमाने पर लागू करने की योजना बनाई है, जिसमें मां दंतेश्वरी हर्बल समूह का हर संभव सहयोग रहेगा। डॉ. राजाराम त्रिपाठी को कर्नाटक के किसानों को नैसर्गिक खेती और वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने के प्रयासों के लिए विशेष कैटेगरी में सस्टेनेबल एग्रीकल्चर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## अधिकारी - कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ियों एवं आम नागरिकों ने लिया स्वच्छता का संकल्प



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में 17 सितम्बर को ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024'' का शुभारंभ किया था। इसी तारतम्य में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं अग्रणी बैंक कार्यालय गरियाबंद द्वारा जिला मुख्यालय गरियाबंद के इंडोर स्टेडियम में स्वाभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अग्रणी बैंक के अधिकारी - कर्मचारी, नगरीय निकाय के कर्मचारियों, खिलाड़ियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने मैदान में उगे खरपतवार, वेस्टेज पॉलीथिन, पानी बॉटल एवं कचड़े की साफ - सफाई श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। इस दौरान स्वच्छता को अपनाने के लिए स्वच्छता शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के पार्षद आसिफ मेमन, लीड बैंक अधिकारी मोहम्मद मोफिज, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव, अंत्यावसायी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरश्मि गुप्ता, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. उषा ध्रुव, सहायक संचालक जनसम्पर्क हेमनाथ सिदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता विप्लव धृतलहरे, अकाउंट ऑफिसर पीएल पुसारिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## केन्द्र सरकार व छत्तीसगढ़ सरकार नये मंत्रीमंडल और डिप्टी सीएम बनाने का समीक्षा करें : नवीन गुप्ता

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




समाजवादी पाटी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि साहू समाज हमेशा से नुकसान झेल रहा है। बिरनपुर में कांग्रेस सरकार में साहू समाज का लड़का की हत्या हुआ था जिसमें वोट बैंक का फायदा लेने के लिए ईश्वर साहू को भाजपा पार्टी ने टिकट दिया लेकिन साहू समाज का वोट बैंक को भाजपा अपने तरफ खींच लिया उसको न्याय नही दिला पाया। भाजपा सरकार में साहू समाज के युवा को थाने में मार के हत्या कर दिया। भाजपा सरकार सिर्फ साहू वोट बैंक का उपयोग करके सत्ते में बैठकर साहू समाज के युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहे है। भाजपा व कांग्रेस दोनो पार्टी की सच्चाई हैं। साहू समाज को सत्ता व विपक्ष पार्टी से सावधान रहना चाहिए। साहू समाज के कोई भी भाजपा के जन प्रतिनिधी साहू समाज का साथ नही आया है। क्योकि भाजपा की सरकार सत्ता में रहने के कारण कोई भी साहू समाज के जनप्रतिनिधी अपने सरकार के बारे में कोई कुछ नही कह रहे हैं और न ही विरोध कर रहे है। और गृह मंत्री अपने विधान सभा में कोई भी घटना हो रहे है उसे रोक नही पा रहे आये दिन प्रदेश में घटना हो रहे है। और छत्तीसगढ़ की जनता के साथ गृह मंत्री अत्याचार कर रहे है। और नये नवेले मंत्री को गृह मंत्री बना दिया गया है। इस कारण प्रदेश में आये दिन घटना हो रहे है।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 में प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे पहले मिलेगा एक्सेस

रायपुर। बेहतरीन डील्स, बड़ी बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और,द्वड्ड5श्वट्ट.द्वट्ट पर कैटेगरी में 25,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च के साथ इस त्योहारी सीजन का जश्न मनाएं। ग्राहक सैमसंग, रियलमी नारजो, वनप्लस, आईक्यूओओ, इंटेल,सोनी प्ले स्टेशन, हिंदुस्तान लिवर, पी एंड जी, लोरेल, टीसीएल, एसर, झायोमी, आईएफबी अप्लायंसेस, फेरेरो, एरियर, कुबेर इंडस्ट्रीज और यूरेका फोर्ब्ज सहित कई ब्रांडों से रोमांचक ऑफर्स की उम्मीद कर सकते हैं। भारत का सबसे बड़ा त्योहारी उत्सव, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024, 27 सितंबर 2024 से शुरू होगा, जिसमें प्राइम सदस्यों के लिए 24 घंटे पहले एक्सेस मिलेगा। इसके अलावा, इस त्योहारी सीज़न में अमेजन ग्राहकों के लिए भारत के छोटे व्यवसायों का समर्थन करना आसान बना रहा है, विशेष डील्स और विशेष रूप से चुनी गई कैटेगरी पर 70% तक की छूट भी मिलेगी।

## बिलासा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग, बिलासपुर में कैंपस टू कॉर्पोरेट कार्यशाला का किया गया आयोजन







पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में करियर डेवलपमेंट सेल के माध्यम से कैंपस टू कॉर्पोरेट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में नर्सिंग के प्री-फाइनल इयर व फाइनल इयर के छात्र उपस्थित रहें। इस प्रोग्राम को श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के उप-निदेशक ओम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा नर्सिंग के छात्रों को नर्सिंग के क्षेत्र में क्या- क्या जॉब की संभावनाएं है उसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने छात्रों को बताया कि आजकल हेल्थकेयर इंडस्ट्री टेक्नोलॉजी ड्राइवन है। टेक्नोलॉजी का ज्ञान होना बहुत जरुरी है, इसके बिना हेल्थ केयर सेक्टर में जॉब पाना मुमकिन नही है। आजकल की आधुनिक टेक्नोलॉजी आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया गया कि कैसे आप एआई टूल्स का इस्तेमाल करके घंटो का काम मिनटों में कर सकते है। छात्रों को प्रोफेशनल सोशल मीडिया प्लेटफार्म लिंक्डइन के बारे में भी बताया गया। साथ ही छात्रों को आधुनिक टेक्नोलॉजी चैट जीपीटी से अवगत कराते हुए प्रैक्टिकल करके स्वंय अनुभव करने के लिए दिया गया। इस वर्कशॉप में छात्रों, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी व सभी स्टाफ की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बिलासा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अंशुल मुदलियार, प्राचार्या वीणा चौहान, श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की टीम डायरेक्टर ओम त्रिपाठी, सुधीर साहू, राकेश यादव का भरपूर सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के लिए श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के कार्यकारी निदेशक एस एस बजाज ने शुभकामनाएं दी।

## कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड 54 साहू समाज बोरियाखुर्द के चुनाव में अंगेश बने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष भुवनेश्वर और मंजूलता साहू बने

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



शहर जिला साहू संघ रायपुर के निर्देश पर रायपुर के सभी वार्डो में वार्ड अध्यक्ष, उपाध्यक्षों का निर्वाचन प्रक्रिया जारी है कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड 54 बोरियांखुर्द का चुनाव 22 सितंबर को नवरंग चौक रायपुर में जिला द्वारा आए निर्वाचन अधिकारी एवं पर्ववेक्षक रामबगस साहू, योगीराज साहू, अश्वनी साहू, सोमनाथ साहू गिरधर साहू के कुशल मार्ग दर्शन में हुआ। निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सभी प्रत्याशी को आपस में सहमति बनाने का सुझाव दिया गया, आपसी सहमति नही बनने पर वोटिंग प्रक्रिया से चुनाव किया गया चुनाव प्रक्रिया में एक ही पैनल के प्रत्याशियों ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर चुनाव जीते। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अंगेश कुमार साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजेन्द्र साहू को भारी मतों से पराजित कर अध्यक्ष बने इसी प्रकार पुरुष उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी संतोष साहू को पराजित कर उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। महिला उपाध्यक्ष प्रत्याशी मंजूलता साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रेमलता साहू को भारी मतों से पराजित कर उपाध्यक्ष बने। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया और आपसी भेदभाव को भुलाकर सामाजिक हित में निरंतर कार्य करने की सलाह दी गई। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने भक्त माता कर्मा के बताएं मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का संकल्प लिया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को वहा उपस्थित सामाजिक बन्धुओं ने जीत की बधाई देते हुए उन्होंने खुशी मनाएं वार्ड के चुनाव में भारी संख्या में एक दूसरे के समर्थक एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# स्वस्थ हृदय के लिए धातु रहित एंजियोप्लास्टी का विकल्प : डॉ. सतीश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोनरी धमनी रोग या धमनी अवरोधों के लिए एंजियोप्लास्टी कराते समय, सभी उपलब्ध उपचार विकल्पों को समझना बेहद जरूरी होता है। परंपरागत रूप से, धमनियों को खुला रखने के लिए एंजियोप्लास्टी प्रक्रियाओं में धातु के स्टेंट का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता रहा है। हालाँकि, हाल ही में हुई प्रगति ने बायोरिसॉर्बेबल स्कैफोल्ड्स (बीआरएस) और ड्रग-कोटेड बलून (डीसीबी) जैसे बेहतरीन विकल्प पेश किए हैं। इन नए विकल्पों के बारे में अपने हृदय रोग विशेषज्ञ के साथ खुली चर्चा करना आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा निर्णय लेने के लिए बेहद मायने रखता है। एसएमसी अस्पताल, डॉ. सतीश सूर्यवंशी, निर्देशक, हृदय रोग विशेषज्ञ, ने कहा कि अब बिना जटिलताओं के वह अपनी दैनिक दिनचर्या जारी रखने में सक्षम है। ड्रग-कोटेड बलून के संभावित लाभों का एक वास्तविक दुनिया में उदाहरण पहले से स्टेंट की गई धमनी में फिर से संकुचन का उपचार है, एक स्थिति जिसे इन-स्टेंट रेस्टेनोसिस (आईएसआर) के रूप में जाना जाता है। ड्रग-एल्यूटिंग स्टेंट (डीईएस) की उच्च सफलता दर के बावजूद, कुछ रोगियों को विभिन्न कारणों से धमनी में फिर से संकुचन का अनुभव होता है। हाल ही में, एक 46 वर्षीय पुरुष रोगी पिछली स्टेंटिंग प्रक्रिया के तीन महीने बाद ही सीने में दर्द की शिकायत के साथ हमारे पास आया था। उसकी स्थिति का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद, हमने स्टेंट की गई धमनी को फिर से खोलने के लिए नई ड्रग-कोटेड बलून तकनीक का उपयोग करने का फैसला लिया। एक और धातु का स्टेंट लगाने के बजाय, हमने डीसीबी की मदद से सीधे लक्षित स्थान पर एक चिकित्सीय दवा छोड़ने का विकल्प चुना। उपचार सफल रहा, और मरीज अब अच्छा कर रहा है

## गौ संरक्षण के प्रति संजीदा हो सिस्टम : अनिकेत कृष्ण शास्त्री

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी में अनिकेत महाराज ने मीडिया से रूबरू होते हुए सिस्टम पर कड़ा प्रहार किया। गौ हत्या की नियमित बढ़ोतरी पर हुंकार लगाते हुए महाराज जी ने कहा आजादी के समय देश में 78 करोड़ गौ की संख्या थी और देश की कुल संख्या 30 करोड़ थी लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि अब देश की संख्या जहां 150 करोड़ हो चुकी है लेकिन गायों की संख्या 19 करोड़ बची हुई है। उन्होंने आगे कहा अब तक की जितनी भी सरकारें देश की सत्ता पर काबिज हुई सभी ने बढ़ती गौ हत्या के प्रति अपनी संवदेना को दरकिनार किया। गौ सेवकों की जान खतरे में है, वो सुरक्षित नहीं है, भय के माहौल में है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। जब पत्रकार साथी ने सवाल पूछा की महाराज जी तिरुपति बालाजी मंदिर में बनने वाले लडडू के लिए जो घी का निर्माण होता है उसमें गाय की चर्बी मिली, इस पर आप क्या कहेंगे, महाराज जी ने साफ कहा जो भी आरोपी है उनको तत्काल दंडित करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि, हम गौ हत्या के खिलाफ आवाज उठाने के साथ-साथ ही प्रधानमंत्री से इस संदर्भ में पत्राचार किया है और वहां से मुहर लग के हमको ये आश्वासन मिला है की जल्द ही प्रधानमंत्री से आपकी वार्ता कराई जाएगी। कर्म और धर्म की प्रधानता के प्रश्न में उन्होंने कहा कि धर्म और कर्म में प्रधान धर्म है आप बिना धर्म के जो भी कर्म करेंगें वो सफल नहीं होगा। देश में बढ़ते पाखडिंयों बाबाओं पर भी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा हमारे यहां तो महज 11 लौंग से लोगों की समस्या को दूर किया जाता है। मैं कोई पैसा नहीं लेता। आप आएं हमारे यहां आपकी जो भी समस्या है उसका उचित निवारण किया जाएगा। महाराज जी पत्रकारों के सभी सवालों का बड़ी बेबाकी के साथ जवाब दिया। उन्होंने आगे कहा हमारा यही प्रयास है कि देश में गायों की हत्या बंद हो। इसके लिए हम देश के कोने-कोने जाके लोगों को संकल्पित करेंगे कि गौ-हत्या पर लगाम लगाने वाली सरकारों को चुनो। अगर सरकार भी गौ-हत्या पर रोक नहीं लगाती तो इस सरकार का भी सत्ता से हटना तय है।

### कौन है अनिकेत कृष्ण शास्त्री

अनिकेत महाराज को मां नर्मदा और मां निकुंभला का विशेष आर्शीवाद प्राप्त है। महज 9 वर्ष की अवस्था में वैराग्य का ऐसा धुन लगा की भरा पूरा परिवार छोडक़र मां नर्मदा की गोद में विचरण करने लगे। परिवारवालों को लगा की अब अनिकेत महाराज मध्य प्रदेश को छोड़ कही दूर चले गए है। अचानक से 12 वर्ष की अवस्था में जब पहली बार भागवत कथा का वाचन किया तो लोग हतप्रत रह गए। महाराज से जुड़ी बहुत सी ऐसी कहानियां है जो ये दर्शाती है कि महाराज के भीतर अलौकिक दिव्य शक्ति है। महाराज के बारे में ये भी दावा किया जाता है कि महाराज महज 11 लौंग से किसी भी व्यक्ति का भूत भविष्य और वर्तमान बता देते है। साथ ही किसी व्यक्ति के 5 पीढ़ियों का भी लेखा जोखा बता कर भक्तों की समस्याओं को दूर करते है।

## दादाबाड़ी एमजी रोड रायपुर में श्री शांति गुरुदेव का स्वर्गारोहण महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री शांति गुरुदेव का स्वर्गारोहण महोत्सव शांति विजय मंडल परिवार के तत्वाधान में महान योगीराज श्री श्री श्री 1008 विजय शांति सुरीश्वर का 81वाँ स्वर्गारोहण महोत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सकल जैन श्री संघ एवं शांति विजय मंडल के तत्वाधान में बड़ी धूमधाम से शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस महोत्सव के उपलक्ष में दोपहर 2:00 बजे दादाबाड़ी में अष्टप्रकारी पूजा एवं रात्रि 8:00 बजे अखिल भारतीय भव्य भक्ति गीत स्पर्धा दादाबाड़ी एमजी रोड रायपुर में रखी गई है, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से भजन मंडलीयां अपनी प्रस्तुति देंगे। उक्त आशय की जानकारी एवं प्रेस विज्ञप्ति में शांति विजय मंडल के अध्यक्ष रतन जैन कोषाध्यक्ष सुरेश पारख ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 41 वर्षो से परम पूज्य शांति गुरुदेव का स्वर्गारोहण महोत्सव मनाया जा रहा है, इसमें छत्तीसगढ़ अंचल के साथ अन्य प्रदेश से हजारों की संख्या में गुरु भक्तों की उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम का आमंत्रण देते हुए सभी गुरु भक्तों से इस कार्यक्रम में आने की अपील शांतिलाल बैद, देवेंद्र मुथा व शांति विजय मंडल ने की है।

## मोर्टिन भारत के पहले 2-इन-1 स्प्रे के साथ देता है मच्छरों और कॉकरोच दोनों से सुरक्षा




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पेस्ट कंट्रोल के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक मोर्टिन ने अपने एक नए कैम्पेन, 'बच्चे बच्चे को पता है' की घोषणा की है। इस कैम्पेन में कंपनी अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट भारत के पहले 2-इन-1 स्प्रे मोर्टिन 2-इन-1 के बारे में बताएगा। मोर्टिन 2-इन-1 मच्छरों और कॉकरोच दोनों को 100% मारता है। नया कैम्पेन यह बताता है कि भारतीय घरों में पाए जाने वाले कॉकरोच और मच्छरों दोनों को मारने के लिए मोर्टिन 2-इन-1 कितना सुविधाजनक है और यह कितना असरकारक है। यह कैम्पेन बताता है कि कीटाणुओं के कारण बच्चों की सेहत पर पड़ने वाले असर को लेकर भारतीय माता-पिता की चिंताएं कितनी तेजी से बढ़ रही हैं। खासतौर पर मानसून के मौसम में जब मच्छरों के कारण डेंगू, मलेरिया और कॉकरोच के कारण टाइफाइड जैसी बीमारियाँ बड़े पैमाने पर होती हैं, ऐसे में नया अभियान इस बात पर जोर देता है कि कैसे मोर्टिन का 2-इन-1 स्प्रे मच्छरों और कॉकरोच दोनों से सुरक्षित रखने के लिए एक सुविधाजनक और संपूर्ण समाधान प्रदान करता है। यह भरोसा परिवारों को मानसिक शांति प्रदान करता है। सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डोयरेक्टर, साउथ एशिया हाइजीन, रेकिट ने कहा, मॉर्टिन हमेशा से ही अपने ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार प्रोडक्ट तैयार करने पर ध्यान देता रहा है। भारत में घरेलू पेस्ट स्प्रे का उपयोग करने वाले अधिकांश लोग ऐसे स्प्रे का उपयोग करते हैं जो खासतौर पर या तो मच्छरों के लिए या फिर कॉकरोचों के लिए डिजाइन किया गया है।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी स्टॉर्म सीरीज के स्पेशल एडिशन किए लॉन्च



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी एमजी हेक्टर के स्पेशल एडिशन स्नोस्टॉर्म और अपनी श्रेणी में भारत की मोस्ट एडवांस्ड एसयूवी एस्टर के ब्लैकस्टॉर्म 2024 लिमिटेड एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की है। अपने आकर्षक एक्सटीरियर और शानदार इंटीरियर के साथ, हेक्टर स्नोस्टॉर्म एसयूवी लवर्स के लिए एकदम सही विकल्प बन गया है, जो एक आकर्षक, और मजबूत कैरेक्टर के साथ टेक्नोलॉजी से लैस वाहन चाहते हैं। प्रीमियम इंटीरियर्स के साथ एस्टर ब्लैकस्टॉर्म का ब्लैक थीम एक्सटीरियर उन ग्राहकों को एक आकर्षक विकल्प प्रदान करता है, जो एक बोल्ड, परिष्कृत और स्टाइलिश एसयूवी चाहते हैं। 5, 6 और 7 सीटर कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध, एमजी हेक्टर स्नोस्टॉर्म रेंज की शुरुआत 21,52,800/- लाख रुपए (एक्स-शोरूम) से होती है और एस्टर ब्लैकस्टॉर्म 2024 लिमिटेड एडिशन 13,44,800/- लाख रुपए (एक्स-शोरूम) में आता है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, सतिंदर सिंह बाजवा, चीफ कमर्शियल ऑफिसर, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, ने कहा, हम हेक्टर स्नोस्टॉर्म और एस्टर ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को लॉन्च करते हुए काफी उत्साहित हैं। ये स्पेशल एडिशन विभिन्न विकल्पों के साथ रोमांचक और इन्नोवेटिव उत्पादों की पेशकश करने के साथ बाजार की मांग और ग्राहकों की पसंद को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## ओडिशा प्लास्टिक, प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग में एक पोटेंशियल खिलाड़ी बनने की राह पर है

3RD EDITION PROPACK ODISHA 2024 | 2nd ODISHA PLAST INTERNATIONAL EXPO

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्लास्टिक भारत के आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और ओडिशा की पर कैपिटा प्लास्टिक प्रोसेसिंग क्षमता 2.5 किलोग्राम है, जबकि देश का औसत 11 किलोग्राम है। देखा जाए तो ओडिशा में सालाना 25000 टन पीपी और 35000 टन पॉलीइथिलीन की खपत होती है, जबकि पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश हर महीने 8000 टन तैयार प्लास्टिक उत्पादों की आपूर्ति करते हैं। यह ओडिशा को पीपी राफिया, बीओपीपी, फर्नीचर-आधारित एप्लिकेशन्स, पीपी कास्ट फिल्म, पीपी नॉन-वोवन आदि जैसे- पॉलीप्रोपाइलीन के विकास का साक्षी बनने के लिए एक शक्तिशाली राज्य बनाता है, जो न केवल राज्य में बल्कि पूरे पूर्वी भारत में नए प्रतिष्ठा संयंत्रों के लिए रास्ता बनाया है। नए इस्टैब्लिशमेंट की स्थापना के लिए अकेले ओडिशा में हर साल आनुमानिक 100 करोड़ बैग की जरूरत होगी। ओडिशा में प्लास्टिक प्रोसेसिंग के महत्व और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की इसकी क्षमता को ध्यान में रखते हुए, ओडिशा असेंबली ऑफ स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज फ्यूचरएक्स ट्रेड फेयर एंड इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के सहयोग से 21 से 24 नवंबर 2024 तक भुवनेश्वर, ओडिशा में प्रोपैक ओडिशा-2024 और ओडिशा प्लास्ट-2024 की मेजबानी कर रहा है। 4 दिनों तक चलने वाले इस एक्सपो के तीसरे एडिशन में मुख्य रूप से प्लास्टिक, प्रिंटिंग, पैकेजिंग, कनवर्टिंग और खाद्य प्रोसेसिंग उद्योगों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। ओडिशा में इन क्षेत्रों के लिए अपार अवसर और समृद्ध भविष्य की राह निश्चित है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

नि.आ.क्र./26/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.या.खण्ड/2024 बीजापुर, दिनांक 20/09/2024

### // संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बीजापुर, जिला बीजापुर में छत्तीसगढ़ क्रय एवं भण्डार अधिनियम का पालन करते हुए निम्नलिखित सामग्री प्रदाय हेतु मुहरबंद निविदाएँ फार्म-सी आमंत्रित की जाती है।

**सामाग्री का विवरण** - उपखण्ड बीजापुर के अन्तर्गत स्थापित हैण्डपंपों के संचालन एवं संधारण के लिए सामग्री प्रदाय कार्य।

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | हैण्डपंप संचालन एवं संधारण सामग्री क्रय कार्य। (शेड्यूल 01 के अनुसार) | 4.73 |
| 2 | हैण्डपंप संचालन एवं संधारण सामग्री क्रय कार्य। (शेड्यूल 02 के अनुसार) | 4.12 |

**नोटः**- उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.10.2024 है। साथ ही निविदा कार्यों की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

G-242502802/3

# जिले से चार बार में 240 तीर्थ यात्रियों ने रामलला का किया दर्शन, साथ में 8 अनुरक्षक

## जिले से एक बार में कुल 60 तीर्थ यात्री शामिल होते हैं साथ में दो शासकीय विभाग से अनुरक्षक

■ एक तीर्थयात्री को केवल एक बार ही जाने का मिलता है अवसर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अयोध्या धाम यात्रा की सुविधा करने के उद्देश्य से शासकीय सहायता के माध्यम से रामलीला का दर्शन अयोध्या धाम यात्रा योजना के तहत अभी तक जिले से चार बार में कुल 240 तीर्थ यात्री तथा आठ अनुरक्षक तीर्थ यात्रा कर चुके हैं इसके लिए शासन के द्वारा संपूर्ण यात्रा को निशुल्क रखा गया है, जिसमें तीर्थ यात्रियों के रहने आने जाने एवं भोजन तथा जलपान की व्यवस्था भी निशुल्क रहता है। श्री राम लाल दर्शन अयोध्या धाम यात्रा हेतु यात्रियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर श्री राम लाल दर्शन अयोध्या धाम यात्रा समिति का गठन किया गया है, जिसमें कलेक्टर अध्यक्ष होते हैं। इसके अलावा मुख्य जिला पंचायत सीईओ एसपी उपसंचालक संचालक समाज कल्याण विभाग सीएचएमओ जिला के सत्कार अधिकारी एवं एक नामांकित सदस्य इसमें सदस्य होते हैं। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक वर्षा कासू ने बताया कि यह योजना पर्यटन विभाग का है चुंकि जिले में पर्यटन विभाग नहीं है इसलिए समाज कल्याण विभाग के द्वारा जिला पंचायत के अंतर्गत इस योजना को जिला के तीर्थ यात्रियों के लिए कार्य किया जाता है। बेमेतरा में बीते जुन माह यह योजना लागू किया गया है जिसके अंतर्गत जिले के सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत एवं पंचायत में परिपत्र भेजे जाते हैं जिसमें 18 से 75 वर्ष तक के व्यक्ति को इसका लाभ मिलता है।

**एक बार में 60 तीर्थ यात्री का होता चयन** -उन्होंने बताया कि तीर्थ यात्री में बेमेतरा जिले से 75% ग्रामीण क्षेत्र के होते हैं तथा 25 प्रतिशत शहरी क्षेत्र के होते हैं एवं 15% लोगों को प्रतीक्षा सूची में रखा जाता है यदि प्रतीक्षा सूची वालों को अवसर नहीं मिलता तो दोबारा उन्हें बाद में शामिल कर लिया जाता है। बेमेतरा जिले से एक बार में 60 लोगों को रामलीला का दर्शन करने के लिए चयन किया जाता हैं तथा दो व्यक्ति अनुरक्षक के रूप में शासकीय अधिकारी अथवा कर्मचारियों को साथ में भेजा जाता है। जो तीर्थ यात्रा पर जाने को इच्छुक रहते हैं उन्हें एक आवेदन पत्र भरना होता है। जिसे बाद में लॉटरी के पद्धति से आवेदक के आवेदन को चयन किया जाता है। लाटरी निकलते समय आवेदक के आवेदन के साथ उसकी पत्नी अथवा पति यदि उनके द्वारा भी यात्रा के लिए आवेदन किया गया है या सहायक यदि सहायक की पात्रता और सहायक यात्रा जाने हेतु आवेदन किया है तो एक इकाई एक मानकर लॉटरी निकाली जाती है। चयन होने पर यात्री के लिए उपलब्ध सीटों में उसकी संख्या कम कर दी जाती है। समूह में आवेदन किए जाने की स्थिति में पूरे समूह के सदस्य एवं उनके सहायक जो पात्रता रखते हैं और सहायक भी यात्रा आवेदन पत्र प्रस्तुत करते हैं तो उन्हें भी एक आवेदन मानते हुए लाटरी में शामिल किया जाता है। समूह में लॉटरी से चयन होने की स्थिति में समूह में सम्मिलित आवेदकों की संख्या के अनुसार चयन मानते हुए इतनी संख्या तक बर्थ सीट उपलब्ध सीटों संख्या में कम कर दिया जाता है केवल वही व्यक्ति का चयन किया जाता है जो यात्रा पर जा सके और उनके अपने साथ किसी अन्य अनाधिकृत व्यक्ति को नहीं ले जा सकता। चयन उपरांत वह व्यक्ति यात्रा पर नहीं जाने की स्थिति में अपने स्थान पर किसी अन्य दूसरे व्यक्ति को नहीं भेज सकता।

# नशामुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत नशामुक्ति जागरूकता परीक्षा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विगत 24 वर्षों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को जनमानस तक पहुंचाने एवं नशामुक्त भारत निर्माण हेतु कृत संकल्पित गांधी आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह के तत्वाधान में नशा उन्मूलन, नशामुक्ति संकल्प कार्यक्रम, नशामुक्ति रैली तथा 2 अक्टूबर गांधी जयंती के पावन अवसर पर नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशामुक्ति हेतु प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान समय में कम उम्र के बच्चों द्वारा नशापान की ओर बढ़ते कदम, नशापान से सड़क दुर्घटना, असमय में मृत्यु, बलात्कार हत्या जैसे जघन्य अपराध, सड़क दुर्घटना को देखते हुए महाविद्यालय, हायर सेकेंडरी, हाईस्कूलों में नशामुक्ति जागरूकता अभियान के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन एवं आबकारी एक्ट से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन प्रथम चरण में स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली एवं डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में आयोजित किया गया। सरायपाली विकासखंड सहित धीरे-धीरे छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों एवं हायर सेकेंडरी, हाई स्कूलों में नशामुक्ति संबंधित भाषण तथा परीक्षा आयोजित कर नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली एवं महाविद्यालय के रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, नशामुक्त अभियान प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान तथा डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा केरियर गाइडेंस व प्लेसमेंट सेल, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जी के जीवन से एवं आबकारी एक्ट तथा छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। दोनों महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा पूर्ण रूप से निशुल्क था। महाविद्यालय में अध्यनरत नियमित विद्यार्थी ही सम्मिलित हुए। प्रश्न पेपर भी दोनों महाविद्यालयों द्वारा तैयार किया गया। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी परीक्षा में स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में 300 छात्र छात्राओं ने तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा से 277 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रश्न पेपर जांचने का कार्य भी दोनों महाविद्यालयों द्वारा किया जायेगा।

# अघरिया समाज महासभा के लिए केंद्रीय समिति से करेगी मांग



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र की बैठक फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी, जिसमें क्षेत्रीय पदाधिकारी सहित परिक्षेत्र अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में केंद्रीय महासभा का आयोजन सरायपाली क्षेत्र में करने पर विचार विमर्श किया गया, उपस्थित पदाधिकारियो ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये बैठक के दौरान केंद्रीय समिति से महासभा आयोजित करने अनुमति मिलने पर सरायपाली के सिंघोंड़ा स्थित रूद्रेश्वरी मंदिर में केन्द्रीय महासभा रखने सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। बैठक के दौरान निर्माणधीन पैता धाम (राधा कृष्ण मंदिर) के आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया और सभी परिक्षेत्र अध्यक्षो को आय-व्यय के विवरण की छायाप्रति प्रदान की गई। साथ ही विगत 10 वर्ष पूर्व के क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा तत्कालीन कार्यकाल का आय व्यय प्रस्तुत नहीं किया गया, जिन्हें पत्र जारी कर आय-व्यय प्रस्तुत करने प्रस्ताव पास किया गया है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से अघरिया समाज के अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल, उपाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष लव कुमार पटेल, केन्द्रीय प्रतिनिधि नेहरू चौधरी, कामता प्रसाद पटेल, शोभाराम पटेल, डोलचंद पटेल, भोलानाथ नायक, लकेश्वर नायक, देवेंद्र पटेल, बलिराम पटेल, अविनाश पटेल, श्यामलाल पटेल, दरशराम पटेल आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में मनाया गया एनएसएस स्थापना दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 24 सितंबर राष्ट्रीय सेवा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें एन.एस.एस प्रभारी रामप्रकाश जोशी तथा प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार खरे सहा. प्राध्यापक व एन.एस.एस. प्रभारी शा. बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी से तथा विशिष्ठ अतिथि कोमल देवांगन एवं इज्ञाशा मेश्राम सहा. प्राध्यापक शास. बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी से शामिल हुए। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए वटगन महाविद्यालय के स्वयं सेवकों की तारीफ किए तथा क्रियाशील एन.एस.एस. यूनिट का टैग देते हुए छात्रों को जीवनोपयोगी व राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किए, कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण शैलेंद्र वर्मा, प्रवीण सिंह पैंकरा, पुष्पा वर्मा, उमेश श्रीवास, डॉ.नोहर सिंह डहरिया, छत्रपाल सिंह राठी तथा भूमिका साहू उपस्थित थे। जिन्होंने सभी स्वयंसेवकों को प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समापन के पूर्व एन.एस.एस. प्रभारी रामप्रकाश जोशी, प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए, एन.एस.एस. के राष्ट्र निर्माण में आवश्यक तत्व कहकर स्वयं सेवकों को प्रेरणा दायक संबोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वटगन महाविद्यालय के भूतपूर्व स्वयं सेवक कुणाल सेन, दामिनी, मीनाक्षी, टुकेश साहू तथा वर्तमान स्वयंसेवक सत्यप्रकाश कुर्रे, दीपेश देवांगन, क्षमा चंद्राकार, टोकेश्वर देवदास, कोमिन साहू, नीलम फेकर, लक्ष्मी वैष्णव, गोदावरी, धनेश्वरी, नेहा यदु आदि ने एकल व समूह नृत्य व गीत प्रस्तुत किया।

# सेवा पखवाड़ा-बच्चों की बात प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम शिशु मंदिर में किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बच्चो की बात प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। जिसके तहत विद्यालय के छात्रो को निम्नलिखित चार विषय पर्यावरण के लिए नवाचार, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार जिससे तकनीकी एवं तार्किक कौशल को आने वाली पीढ़ी में बढ़ाया जा सके, नदी नाले तालाब एवं स्वच्छता के लिए जागरूकता कैसे समाज में फैलाई जा सके, आधुनिकता को अपनाते हुए समाज में सांस्कृतिक विरासत को आगे की पीढ़ी में कैसे सतत पहुँचाया जा सके इन विषयों पर छात्रो से उनके विचार आमंत्रित किए गए थे। जिनमे कुल 22 छात्रो ने अपने अपने विचारों को आए हुए अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिनमे सर्वश्रेष्ठ तीन विचारों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार 2100 दिनेश यादव, द्वितीय 1100 कविता साहू एवं तृतीय 500 ईशा साहू को प्रदान किए गये। उक्त कार्यक्रम में संजय शर्मा, विपिन उपोवेज़ा, सरिता साहू, बिहारी लाल अग्रवाल, धनेश नायक, प्रखर अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं संगम सेवा समिति का विशेष योगदान रहा मंच संचालन त्रिलोचन कर एवं कार्यक्रम का प्रबंधन रमेश प्रधान द्वारा किया गया।

# राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी के नेतृत्व में बीएसपी गेस्ट हाउस में दो चरणों में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दल्ली राजहरा
www.dailypioneer.com

राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी के नेतृत्व में राजहरा के विभिन्न धार्मिक, व्यापारिक, श्रमिक संगठन के अलावा आसपास के ग्राम पंचायत के पंच सरपंच आदि ने 27 अगस्त 2024 को एक वृहद आंदोलन किया था। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य उजड़ते हुए दल्ली राजहरा को बचाने एवं आसपास के ग्राम पंचायत का भी विकास था। इसके लिए 8 सूत्रीय मांग जिला प्रशासन को सौंपी गई थी। इन सभी मांगों को जिला प्रशासन ने जायज मांनते हुए क्रमशः निराकरण के लिए समय मांगा था। राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी के नेतृत्व में बीएसपी गेस्ट हाउस में दो चरणों में बैठक हुई। जिसमें क्रमशः व्यापारी संघ की मांगों को पूरे करने की प्रयास के संबंध में जिला प्रशासन ने अपनी सहमति दी थी। डीएमएफ राशि के संबंध में जिला प्रशासन के सहमति के बाद दूसरे चरण में 100 बिस्तर अस्पताल के लिए बीएसपी प्रशासन से बीएसपी अस्पताल राजहरा को हस्तांतरित करने की बात कही गई है। अपर कलेक्टर बालोद ने मुख्य महाप्रबंधक खदान आर बी गहरवार को पत्र लिखकर बीएसपी अस्पताल दल्ली राजहरा में 100 बिस्तर अस्पताल के संचालन की अनुमति के लिए प्रस्ताव रखा है, साथ ही यह भी लिखा है कि दल्ली राजहरा खदान प्रभावित क्षेत्र होने के कारण 100 बिस्तर सिविल अस्पताल का संचालन किया जाना है। इस अस्पताल के कुशल संचालन हेतु जिला खनिज न्यास निधि से चिकित्सकों एवं अन्य चिकित्सा स्टाफकी भर्ती की जानी है। जिससे वहां के स्थानीय निवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। 100 बिस्तर अस्पताल के संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा बीएसपी प्रबंधन से अनापत्ति लेकर वहां विशेषज्ञ डॉक्टरों व सर्व सुविधा युक्त अस्पताल का संचालन करने हेतु 5 सितंबर 24 को बैठक पर सहमति बनी है, सभी बी एसपी अस्पताल दल्ली राजहरा में 100 बिस्तर अस्पताल सिविल अस्पताल के संचालन की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान तहत प्रशासन इलेवन और नागरिक इलेवन मध्य हुआ फुटबॉल मैच

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पीजी कॉलेज ग्राउंड में प्रशासन इलेवन और नागरिक इलेवन के बीच एक रोमांचक स्वच्छता फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस मैच का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में एकता और उत्साह का माहौल बनाना था। प्रशासन इलेवन की कप्तानी जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने की, जबकि नागरिक इलेवन का नेतृत्व बाबा ने किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों में उत्साह देखते ही बन रहा था, जबकि ज़िला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी भी खेल का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे थे। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू और सीईओ जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल सहित ज़िला अधिकारी और पत्रकार गण विशेष रूप से उपस्थित थे और उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे खेल में रोमांच बना रहा। खिलाड़ियों ने न सिर्फ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि स्वच्छता के संदेश को भी बखूबी प्रस्तुत किया। दोनों ही टीमों के खेल प्रेमियों ने पूरे जोश के साथ अपने-अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया। आखिरकार, एक रोमांचक मुकाबले के बाद नागरिक इलेवन की टीम ने विजय हासिल की, जिससे उनके समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। यह आयोजन खेल और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का एक अनूठा और प्रेरणादायक उदाहरण बना। कलेक्टर शर्मा ने विजेता टीम को बधाई दी। विजेता टीम को ट्राफी भेंट की। उन्होंने खिलाड़ियों और उपस्थित खेल प्रेमियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलायी।

## कुपोषण मुक्ति को लेकर तोरेसिंघा में जन जागरुकता लाने निकली मशाल रैली



**सरायपाली।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति हेतु ग्राम पंचायत तोषगांव सेक्टर के तोरेसिंघा मै मशाल रैली निकाल कर लोगो में जन जागरूकता लाया गया। सेक्टर सुपरवाजर स्वरूपा भोई द्वारा पालको को पोषण संबंधित जानकारी देकर नारा लगाया गया, जिसमे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कस्तूरी कर सरिता विशाल सुभाषिनी भोई व ग्राम वासी उपस्थित हुए।

# विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय हाई स्कूल झिलमिला में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सहयोग एवं एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर के सौजन्य में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम किया गया। जिसमें विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों/ विद्यार्थियों एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विषय एवं उप विषयों के तहत राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी प्रोजेक्ट, पश्चिम भारत विज्ञान मेला अंतर्गत शिक्षकों की सहायक शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शन, बच्चों की व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, विज्ञान नाटिका तथा विज्ञान सेमीनार, विज्ञान प्रश्न मंच, विज्ञान संगोष्ठी विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी हेतु नियमानुसार आमंत्रित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के सफ्ल क्रियान्वयन हेतु प्रभारी नोडल अधिकारी डी.एन.दीवान, एबीईओ एवं व्याख्याता निर्मल कुमार प्रधान (केना) एवं शिक्षक यशवंत कुमार चौधरी (सेजेस) को सहायक नोडल/कार्यक्रम अधिकारी के रुप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया तथा निर्णायक मंडल में व्याख्याता प्रदीप नारायण सेठ (सेजेस), सुलोचना नायक, दीपिका पटेल (मा.स.गो.मंदिर स्कूल ), राजेश चौधरी केजुवां, दिनेश कुमार भोई (केदुवां), माधव प्रसाद पंडा (अमलीडीह) ने जिला स्तरीय प्रदर्शनी हेतु चयन सूची तैयार करने में बतौर निर्णायक अपना योगदान दिया।कार्यक्रम को बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने संबोधित करते हुए बताया कि हमें अपने आसपास के घटनाओं का अवलोकन करते हुए उससे संबंधित उपयोगी मॉडल/प्रोजेक्ट आदि वैज्ञानिक सोच के साथ तैयार करके प्रदर्शनी में लाना चाहिए, जिससे हमारे साथ-साथ समाज को भी इसका लाभ मिल सके। एबीईओ डी.एन दीवान ने विद्यार्थियों का हौसला आफ्ज़ाई करते हुए कहा कि हमें ऐसे प्रदर्शनी कार्यक्रमों में नियमित रूप से बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और सीख हासिल करते हुए अपने ज्ञान में वृद्धि करते हुए नवाचार करना चाहिए। व्याख्याता सुलोचना नायक ने विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट/मॉडल बनाने एवं प्रदर्शनी में भाग लेने संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए मार्गदर्शन किया। व्याख्याता निर्मल कुमार प्रधान ने इस प्रदर्शनी के उद्देश्य, महत्व एवं विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक शिक्षकों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए नवाचार को बढ़ावा देने प्रेरित किया। शिक्षक यशवंत कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, रुचि एवं लगन के साथ दिए गए विषय और उपविषयों के आधार पर मॉडल/प्रोजेक्ट आदि को रचनात्मक ढंग से बनाने एवं इससे संबंधित बारीकियों से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अंतर्गत वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, सोलर एनर्जी, वर्षा जल संग्रहण, उर्वरक छिड़काव यंत्र, स्मार्ट होम, इलेक्ट्रिक कार, फ्लड अलर्ट सिस्टम, अपशिष्ट प्रबंधन, वाटर फूट पंप, वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर प्यूरीफिकेशन साथ ही विज्ञान नाटिका के माध्यम से विषय मानव जाति के लाभ के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उपविषय वैश्विक जल संकट पर सेजेस के विद्यार्थियों की टीम ने अपनी प्रस्तुति दी।

# महंगाई भत्ता सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर महाआंदोलन का आगाज : डॉ भूपेन्द्र गिलहरे

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान एवं कमल वर्मा प्रदेश संयोजक के कुशल नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी अधिकारियों ने केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता प्रदान करने जुलाई 2019 से प्राप्त होने वाले महंगाई भत्ता एरियर्स राशि का जी पी एफ खाते में समायोजित करने, मध्यप्रदेश शासन के अनुसार 300 दिन अर्जित अवकाश का नगदीकरण, केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता देने वाली मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ वरिष्ठ व्याख्याता संघ पूर्ण समर्थन के साथ 27 सितंबर 2024 को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित महाआंदोलन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ वरिष्ठ व्याख्याता संघ के प्रदेश संयोजक श्याम वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ भूपेन्द्र गिलहरे, प्रदेश सचिव संतोष शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र धीवर, सरोज यादव, संतोष टेमरे, संगठन सचिव उमेश्वर वर्मा, इंद्रप्रताप सिंह, योगिनी सुधाकर, देवराज उइके, संयुक्त सचिव बृजेश प्रसाद, संजय श्रीवास्तव, चैन दास रात्रे, अनुपमा राजवाड़े, अंकेक्षक अशोक कोशले, प्रवक्ता ललित साहू, कार्यकारिणी सदस्य सुशील सेठ, ऋषिकेश शर्मा, कविता साहू, ललिता सिंह आदि ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश के विभिन्न विभागों के सभी संगठनों के प्रांतीय पदाधिकारियों, जिला संयोजको, जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों एवम जाबाज साथियों से एक दिवसीय अवकाश लेकर इस महाआंदोलन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर सफल बनाने की अपील की हैं।

# इफको एमसी ने मनाया विशाल किसान आम सभा दिवस, आस-पास सहित तिल्दा के किसान हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com




प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित तिल्दा (डोगरडीह) जिला-बलौदा बाजार में विशाल किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति प्रबन्धक रामकुमार साहू ने उपस्थित अतिथियों सहित किसानों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान किये इसके अलावा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि निरूपा साहू ने ड्रोन के बारे में किसानों को समझाया। गौरतलब हो कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष सिंह (राज्य विपरण अधिकारी रायपुर) ने इफको तथा इफको एमसी के उत्पाद के बारे में किसानों को बताया और इफको एमसी से अंकुर शर्मा (क्षेत्रीय विपणन अधिकारी) ने इफको एमसी की उपत्ति और दवाई का उपयोग कैसे करना है तथा इफको एमसी का उद्देश्य सही दवा सही दाम और किसान सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी दी, साथ ही सुधांशु कुशवाहा ने कार्यक्रम के अंत में किसानों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में सैकडों किसानों के साथ समिति के कर्मचारियों की उपस्थिति रही, और इस प्रोग्राम में किसानों ने इफको-एमसी के उत्पादों के बारे में तथा वर्ष 2023 2024 का लेखा जोखा का जानकारी एवं निःशुल्क किसान सुरक्षा बीमा योजना के बारे बताया गया। जिससे किसानो में विशेष रुचि दिखाई दिये। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तिल्दा, डोंगरीडीह, डोंगरा सहित आसपास के गॉवो के किसानों की उपस्थिति रहा। उक्त कार्यक्रम में तिल्दा से वरिष्ठ किसान व भूतपूर्व सरपंच खोलबाहरा राम कैवर्त, राजकुमार कैवर्त सहित कर्मचारियों में ज्ञानचंद साहू, शिवदत्त साहू, भानू वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //**

ऑनलाईन निविदाएँ प्रपत्र-ए में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन के सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजनांतर्गत निर्माण कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 19/25.09.2024 | 159048 | 135.92 |
| 20/25.09.2024 | 159049 | 142.71 |
| 21/25.09.2024 | 159051 | 149.32 |
| 22/25.09.2024 | 159053 | 85.35 |
| 23/25.09.2024 | 159055 | 162.67 |
| 24/25.09.2024 | 159056 | 157.61 |
| 25/25.09.2024 | 159057 | 88.97 |
| 26/25.09.2024 | 159059 | 94.70 |
| 27/25.09.2024 | 159061 | 63.16 |
| 28/25.09.2024 | 159062 | 128.05 |
| 29/25.09.2024 | 159063 | 80.53 |
| 30/25.09.2024 | 159065 | 23.14 |
| 31/25.09.2024 | 159069 | 124.23 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 10.10.2024 तक देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-242502811/3

# लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से टूट गई कई सड़कें और पुलिया, कई गावों का संपर्क टूटा, प्रशासन से मदद की गुहार

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जिले के मनोरा विकासखंड में आफत की बारिश ने जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है। सोनक्यारी में तीन दिनों से लगातार हुई बारिश से सतालू टोली, पुलिस चौकी, बिरन्दा टोली, बनी पुराना पुलिया टूट कर बह गया। इससे लोगों को सन्ना, मनोरा, जशपुर मुख्यालय का संपर्क टूट गया है। ग्रामीण कमलेश राम, बिनु राम, ललित कुमार यादव, विजय रामननाग, मनोज राम, ने कहा की सतालू टोली में करीब 200 से 300 घरों की आबादी है। लोगों को विभागीय कार्य के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। लेकिन पुलिया टूट कर बह जाने से जिला मुख्यालय के अलावा सन्ना मनोरा लोगों का जाने का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। अब ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**पुल गिरने से परीक्षा से वंचित** – सतालू टोली ग्रामीण कमलेश राम, बिनु राम, ललित कुमार यादव, विजय रामननाग, मनोज राम, ने बताया कि गुरुवार को स्कूली छात्रों का परीक्षा था, रात भर की भारी बारिश से पुराना पुलिया टूट गया जिससे बच्चे सन्ना और सोनक्यारी परीक्षा देने नही जा पाएं।

**बस्ती के लिए एक मात्र पुलिया**–ग्रामीणों का कहना है कि सतालू टोली में एक मात्र पुलिया है। और बहुत पुरानी थी, इस पुलिया के लिए कई बार गुहार लगाने के बाद भी स्वीकृति नही मिली थी। भाजपा सरकार आते ही सतालू टोली पुलिया के लिए मरम्मत के लिए स्वीकृति मिली है। और विधायक रायमुनी भगत ने भूमि पूजन भी कर दिया है। लेकिन बरसात की वजह से काम शुरू नही किया गया है।

**प्रशासन से मदद की गुहार** – गुरूवार की दोपहर आस्ता से बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टर से मिलने पहुंचे। उन्होंने आवदेन देकर बताया कि ग्राम पंचायत तालासिली जनपद पंचायतः मनोरा में बीती रात भारी वर्षा होने के कारण पंचायत भवन के सामने तालासिली एवं साधुटोली पहुंच मार्ग (प्रधानमंत्री सड़क) टूट कर बह गई। यह ग्राम पंचायत तक आने के लिए एक मात्र सड़क थी वो भी टूट कर बह चुकी है जौर पंचायत स्कूल एवं गांव से ग्रामीणों का आवागमन पूर्णतः बाधित हो गया है।

**हो रही लगातार परेशानी**–ग्रामीणों ने बताया कि ग्रा. पं के प्रतिनिधियों ने तालासिली रौतिया बस्ती से कण्डोरा पहुंच मार्ग में 1000 मीटर सी. सी. सड़क एवं चार नग पुलिया प्रति-वर्ष मांग करते आ रहे हैं पर अभी तक हमारी मांग की सुनवाई नहीं हुई है जिसके कारण मनोरा मुख्यालय आवागमन के लिएग्रामीण काफी परेशान है।

# हाथी के हमले से एक की विधायक की पहल से वन विभाग ने 25 हजार का तात्कालिक आर्थिक सहयोग

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय से चंद दूरी पर स्थित आगड़ीह के मरियम टोली में हाथी के हमले से एक युवक की मौत का मामला प्रकाश में आया है जबकि उक्त घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के अंबिकापुर रिफर किया गया है। घटना की जानकारी पाकर जशपुर विधायक के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि और भाजपा नेता तत्काल मौके पर पहुंच गए है और वन विभाग के साथ मिल हाथी को दूर भगाने हर संभव प्रयास में जुटे है।

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय से चंद दूरी पर स्थित आगडीह के मरियम टोली जंगल में आज सुबह झारखंड की तरफ से अपने दल से बिछड़ा एक हाथी प्रवेश किया, इसी दौरान सुबह गांव से जंगल की तरफनिकले युवक आसित तिग्गा और अरविंद किस्पोट्टा का अचानक हाथी से सामना हो गया,उक्त घटना में हाथी ने दोनों पर हमला कर दिया जिसमें आसित तिग्गा की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि अनिल किस्पोट्टा गंभीर रूप से घायल हो गया,ग्रामीणों की मदद से किसी प्रकार अनिल किस्पोट्टा को बचाने में सफलता मिला। अनिल की स्थिति को देख बेहतर उपचार हेतु चिकित्सकों ने तत्काल अंबिकापुर रिफर कर दिया है। घटना की जानकारी लगते ही जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने मामले को संज्ञान में लेकर वन विभाग को निर्देशित किया की हाथी से आमजनों की रक्षा हेतु तत्काल प्रयास शुरू किया जाये,घटना में घायल युवक के बेहतर इलाज की तात्कालिक व्यवस्था करने सहित घटना में मृतक के परिवारों को शासन की तरफ से मिलने वाले तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान करने विधायक ने निर्देश दिया।इतना ही नहीं विधायक ने घटना पर नजर बनाए रखने और हाथी से आमजनों की रक्षा के लिए अपने कार्यकर्ताओं को मौके पर भेज हर संभव मदद करने निर्देशित किया है। विधायक के निर्देश पर इस वक्त पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश राम भगत,पूर्व डीडीसी कृपाशंकर भगत,रागिनी भगत,दीपू मिश्रा,राहुल गुप्ता सहित वन अमला और ग्रामीण मौके पर मौजूद हैं जिनके द्वारा हाथी को जंगल से अन्यत्र हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

# घर में कूलर के करंट से गर्भवती महिला की मौत माँ की आँचल से महरूम हुईं 2 वर्षीय नन्ही बेटी

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



ब्लॉक के ग्राम बेंदरकटा में करंट लगने से एक महिला की अकाल मौत हो गई। सुबह लगभग 10 बजे महिला को घर की सफाई दौरान कूलर से करंट लगने की बात सामने आई है। हालांकि करंट लगते ही महिला के पति द्वारा ग्रामीणों की मदद से अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित किया। पोष्टमार्टम उपरांत देर शाम मृतिका की अंत्येष्टि किये जाने की खबर है। ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि बेंदरकटा निवासी गृहिणी महिला रोहिणी पति लेखराम निषाद, लगभग त्त25 वर्ष अपने घर मे सुबह लगभग 10 बजे सफाई कर रही थी। इस दरम्यान कूलर चालू था। कूलर के पास पहुंचते ही कूलर के करंट के चपेट में आ गई। कुछ ही देर में उनके पति लेखराम ने अपनी पत्नी को कूलर के सामने अचेत देखकर तत्काल ही कूलर बंद कर आनन फानन में पड़ोसी व मोहल्ले के लोगों को बुलाया। तब सभी ने मिलकर महिला को शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव लाया। हालांकि तब तक देर हो चुकी थी। महिला को डॉक्टर ने मृत घोषित किया। अंततः परिजनों सहित महिला के मायका पक्ष से मजिस्ट्रेट बयानात एवं पंचनामा के बाद पोष्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौप दिया गया। देर शाम मृतिका की अंत्येष्टि की खबर है।

### मातृ छाया से वंचित नन्ही बेटी

बेंदरकटा में करंट की घटना से निषाद परिवार में मातम छा गया। परिवार ने घर की बहू को खो दिया तो एक 2 वर्षीय नन्ही बेटी भी मातृछाया से वंचित हो गई। मृतिका की 2 की बेटी थी। वहीं मृतिका के 4 माह की गर्भवती होने की जानकारी भी परिजनों ने दी। इस घटना ने समूचे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

### मादक द्रव्यों पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 02 से 08 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिए 02 अक्टूबर 2024 से 08 अक्टूबर 2024 तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी के सहयोग से विभिन्न कार्यकमों का एवं नशामुक्ति कार्यर्क्रम अन्तर्गत जन जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। जिसमें नशामुक्ति के पक्ष में व्यापक जनमत विकसित करने हेतु रैली, नुक्कड़ सभाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, नशापान नहीं करने का संकल्प एवं शपथ, होर्डिंग्स, ब्राण्डिंग्स, सनबोर्ड की स्थापना, शैक्षणिक संस्थाओं में व्याख्यान, विद्यार्थियों के मध्य चित्रकला, भाषण, गीत, नाटक आदि प्रतियोगिताएं, नशामुक्ति श्लोगन का दीवार लेखन, नशापीड़ित व्यक्ति से प्रत्यक्ष संवाद कर दुष्परिणामों की जानकारी देना, नशामुक्ति ब्रोसर, पाम्पप्लेट, साहित्य का वितरण, प्रचार रथ, एलईडी टीवी के माध्यम से नशापन के दुष्परिणामों का प्रदर्शन एवं प्रसारण, इलेक्टॉऊनिक, प्रिन्ट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार आदि कार्य किया जाना है। नशामुक्ति सम्बधित कार्यक्रमों को एनएमबीए एप एवं पोर्टल में अपलोड किया जाएगा। नशामुक्ति भारत अभियान अन्तर्गत विद्यालय, महाविद्यालय, विश्व विद्यालय, अन्य शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक स्थलों, विभिन्न समारोह, योगाभ्यास के माध्यम से नशामुक्ति हेतु योग का प्रदर्शन आदि का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा नशामुक्ति पर केन्द्रित प्रभावी कार्यकम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए है, जिससे नशापान करने की प्रवृत्ति कम हो तथा नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके।

# समाज की उदयता, भाजपा में सदस्यता'



**जशपुरनगर।** समाज के अंतिम पंक्ति मे खड़े अति पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं को प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने जशपुर के सुदूर वन आंचल चुंदापाठ में भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया।

# कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित, 03 अक्टूबर 2024 तक कर सकते हैं आवेदन

**दुर्ग।** अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों को प्रधानमंत्री अभ्युदया योजना अंतर्गत कौशल विकास के माध्यम से विभिन्न ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। प्रशिक्षण संयोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रसायन उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार की संस्था एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र रसमड़ा दुर्ग के माध्यम से निरूशुल्क आवासीय जिसमें निवास भोजन की निशुल्क व्यवस्था प्रशिक्षण दिया जाना है, प्रशिक्षण सफलतापूर्वक होने के उपरांत देश के विभिन्न निर्माण उद्योगों से रोजगार की सहायता दी जाएगी। योजनांतर्गत असिस्टेंट ऑपरेटर सीएनसी टर्निंग (टूल रूम), तकनीशियन, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन (डोमेस्टिक कम इंडस्ट्रियल) एवं सोलर पीवी इंस्टॉलर का 3 माह की अवधि का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य हेतु चिकित्सालयों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित







पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में आयुष्मान पखवाड़ा के दौरान आज जिला स्तरीय कार्यक्रम में आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को उपचार सुविधा प्रदान करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु चिकित्सालयों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया है। जिनमें शासकीय चिकित्सालय अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरमुंदा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बापूनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहिवारा, एवं निजी चिकित्सालय अंतर्गत शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस जुनवानी भिलाई, यशोदा नंदन चिल्ड्रन हॉस्पिटल दुर्ग, एपेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुम्हारी शामिल है।

# उत्तर प्रदेश पुलिस ने जीते कुल 12 मेडल, देशभर की पुलिस टीमों ने दिखाई दमखम

- प्रथम अखिल भारतीय पुलिस वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2024-25

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



प्रथम अखिल भारतीय पुलिस वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2024-25 में वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, और योगा इवेंट का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर से 33 केंद्रीय और राज्य पुलिस की टीमों ने हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 03 गोल्ड, 05 सिल्वर और 04 ब्रोंज सहित कुल 12 मेडल अपने नाम किए, जो इस आयोजन में सबसे अधिक है। प्रतियोगिता में अन्य पुलिस टीमों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा-बीएसएफ- 03 गोल्ड, 01 सिल्वर सहित कुल 04 मेडल प्राप्त किए। राजस्थान पुलिस - 02 गोल्ड, 02 सिल्वर, 02 ब्रोंज सहित कुल 06 मेडल जीते। छत्तीसगढ़ पुलिस - 02 गोल्ड, 01 ब्रोंज सहित कुल 03 मेडल जीते। एसएसबी - 02 गोल्ड मेडल जीतने में सफल रही। पंजाब पुलिस - 01 गोल्ड, 01 सिल्वर, 01 ब्रोंज सहित कुल 04 मेडल प्राप्त किए। उड़ीसा पुलिस - 01 गोल्ड, 01 सिल्वर सहित कुल 02 मेडल जीते। सीआरपीएफ - 01 गोल्ड, 01 ब्रोंज सहित कुल 02 मेडल प्राप्त किए। महाराष्ट्र पुलिस - 01 गोल्ड मेडल जीतने में सफलता प्राप्त की। मेडल सेरेमनी में मुख्य अतिथि दीपांशु काबरा, एडीजीपी, पीएचक्यू रायपुर, जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं दिवाकर प्रसाद सिंह, रीजनल हेड बैंक ऑफ बड़ौदा, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस प्रतियोगिता ने पुलिस कर्मियों के बीच खेल भावना और उत्साह को बढ़ावा दिया है। आयोजन में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों ने अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया, जिससे इस प्रतियोगिता को एक उच्च स्तर की सफलता मिली।

# दुर्ग में विद्युत उपभोक्ताओं पर जागरूकता कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिले में होटल कैमबीन में भिन्न-भिन्न विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत बचत व अक्षय ऊर्जा के संबंध में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन सिटीजन कंज्यूमर एंड सिविक एक्शन ग्रुप (सीएजी) व अनमोल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। जिसमें जिले के 35 किसान, छात्र, व्यापारी, मीडिया प्रतिनिधि, प्रोफेसर, घरेलू उपभोक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी व डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार शामिल हुए और कार्यक्रम की सराहना करने हुए विद्युत बचत के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। कार्यक्रम की शुभारंभ करते हुए अनमोल फाउंडेशन के निदेशक संजय शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की जरूरत इसलिए हुए की हम अपने खनिज संसाधनों को कैसे बचाए, विद्युत कैसे बचा सकते है इसके बारे में एक्सपर्ट से जानना, अक्षय ऊर्जा के संबंध में शासन के योजना के बारे में विभाग के अधिकारियों से जानकारी उपलब्ध कराना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएजी के भारत राम ने बताया कि सीएजी देश के 5 राज्यों में विभिन्न सहयोगी एनजीओ के साथ विद्युत कंज्यूमर के संबंध में कार्य कर रहे है। तमिलनाडु में 7 जिलों में उपभोक्ता सेल बना कर विद्युत संबंधित समस्याओं के समाधान की दिशा में काम कर रहे है।

छत्तीसगढ़ में अनमोल फाउंडेशन के साथ काम कर रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्रेडा जिले के प्रभारी सहायक यंत्री रविन्द्र देवांगन ने सौर ऊर्जा, गोबर गैस, सूर्य घर योजना, सोलर की आफग्रिड व आन ग्रिड पावर प्लांट, सोलर टैंक, सोलर पंप, कुसुम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सोलर स्टालेशन एक्सपर्ट दिनेश ने सोलर के स्टालेशन की प्रक्रियाओं व उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया तथा प्रतिभागियों के सवालों का जबाब भी दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व जीएम वेंकट सुब्रमण्यम ने उद्योगों में किस तरह विद्युत खपत को करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं उनकी जानकारी विस्तार से दी गई। उन्होंने क्लाइमेट चेंज व पर्यावरणीय महत्व के बारे बताते हुए कहा कि बड़े उद्योगों में विद्युत खपत ज्यादा होता है वहां विद्युत की अल्टरनेट व्यवस्था करना असंभव लग रहा था लेकिन अब बड़े उद्योग भी इस दिशा में प्रयास कर असंभव को संभव बनाने में लगे है।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया

# छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई में नेचर इंस्पायर्ड सस्टेनेबीलीटी सेंटर की स्थापना

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई में 25 सितम्बर को प्रकृति के विकास और सिद्धांतों पर आधारित एक कार्यशाला नेचर इंस्पायर्ड सस्टेनेबीलीटी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्तमान में पुरे देश तथा विश्व भर में हो रहे वातावरण परिवर्तन को समझने और इसके हल की प्रयास के उद्देश्य से इस नए क्षेत्र में कार्य को आगे बढ़ाने हेतु पर्यावरण एवं जल संसाधन अभियांत्रिकी विभाग के प्राध्यापक डॉ. एन. पी. देवांगन द्वारा इस क्षेत्र के प्रसिद्ध विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया ताकि विश्विद्यालय के छात्रों तथा जनसामान्य को इसके प्रति जागरूक करने का गणेश हो सके। जिसमें भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के सस्टेनेबीलीटी विभाग के प्रोफेसर डॉ. मोंटो मणि तथा भारतीय प्रबंध संस्थान नवा रायपुर के प्रोफेसर डॉ. राहुल हिरेमठ द्वारा प्रकृति के मूलभूत क्रियाकलाप तथा सिद्धन्तों को गहराई तथा विस्तार से उदाहरण देते हुए व्याख्यान दिया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य सस्टेनेबीलीटी को प्रकृति के नियम तथा क्रियाकलाप से जोड़ना तथा व्यव्हार और विकास में लाने हेतु छात्रों को सजग करना थास भारतीय विज्ञान संस्थान के डॉ. मोंटो मणि द्वारा वाइट पेपर प्रकाशित किया गया है जो ट्रॉंसफार्मिंग द बुल्ट एनवायरमेंट के नाम से विख्यात है। डॉ. मोंटो ने अपने व्याख्यान में बताया की चौतरफा शहरी और औद्योगिक विकास और जनसंख्या तथा घनत्व के कारण कार्बन उत्सर्जन से वातावरण को हानि पहुँच रही है यद्यपि हम कैसे निर्मित बसाहटों में इसके वर्त्तमान वास्तविक स्वरुप को लेते हुए प्रकृति के मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित ज्ञान से विशुद्ध परिवर्तन कर एक स्वक्ष वातावरण का निर्माण कर सकते है। भारतीय प्रबंध संस्थान नवा रायपुर के प्रोफेसर राहुल हिरेमठ ने कहा कि हम प्रकृति का निरीक्षण कर सस्टेनेबिलिटी सिख सकते हैं हमें किसी भारी ग्रन्थ अथवा क्लासरूम की जरुरत नहीं है, पेड़ पौषों जन्तुओ के छोटे-छोटे क्रियाकलों के निरिक्षण तथा ज्ञान से ऊर्जा संरक्षण के सिद्धांतों तथा सस्टेनेबिलिटी तरीकों का व्यावहारिक ज्ञान मिलता हैस डॉ. राहुल ने यह भी बताया की जिस प्रकार कमल फूल अपने विकास के दौरान ऊर्जा संरक्षण हेतु कुछ विशेष गुण विकसित करता है जिससे की उसके ऊपर जल और धूल के कण नहीं रुकते और निर्मल और सुन्दरता बनी रहती है इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास ने राम को नवकंज लोचन कंज मुखकर कंज पद कन्जारुणम की संज्ञा दिया हैस डॉ. राहुल ने बताया की फलों की बाहरी आवरण चिकना होता है ताकि उस पर किट पतंगों का घर न बने और न अंडे दे सके अर्थात फलों में अपने आप को परिस्कृत कर वातावरण से सुरक्षित करने और विकास करने का गुण समाहित होता है। प्रकृति के जीव जंतुओं तथा फूलों, पेड़ और वनस्पतियों में मौजूद उपरोक्त गुण तथा ऊर्जा एवं संसाधन संधारण क्षमता के आधार पर एक नेचर इंस्पायर्ड सस्टेनेबीलीटी केंद्र की कल्पना कर पर्यावरण एवं जल संसाधन अभियांत्रिकी विभाग में डॉ एन पी देवांगन ने डॉक्टर मोंटो मणि तथा राहुल के करकमलों द्वारा एक केंद्र का गणेश किया गया स केंद्र का आरम्भ सभी प्राध्यापको व छात्रों द्वारा वृक्षा रोपण के माध्यम से किया गया, जहाँ 7 छात्राओं द्वारा वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभा निर्विघ्नं कुरुमे देव सर्वकार्येषु सर्वदा के भजन को भारतीय विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर मोंटो ने सराहा और इसे एक अच्छी पहल कहकर इसके सफलता हेतु हर्षित

# भाजपा के महा सदस्यता अभियान में पंडरा पाठ पहुंचे प्रबल प्रताप का युवा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

धर्मांतरण के विरुद्ध मुखर रहने वाले मिशन घर वापसी के महानायक भाजपा प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा जिले का पंडरापाठ मंडल हमारा सबसे सशक्त गढ़ है जो अभेद है। इस अभेद गढ़ को हम सबको बरकरार रखते हुए केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हो रहे महा सदस्यता अभियान को पूर्ण मनोयोग के साथ लक्ष्य से आगे लेकर जाना है। इसके लिए हर कार्यकर्ता मजबूती से इस काम को करें।

जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल पंडरा पाठ के सदस्यता प्रभारी शंकर प्रसाद गुप्ता समेत अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी व भाजयुमो कार्यकर्ताओं के टीम की उपस्थिति में मोर बुथ मोर अभियान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# सीएम साय अपने गुरू 94 वर्षीय पाठक से मिले गुरू ने कहा, साय बचपन से ही आज्ञाकारी हैं

## सीएम शिक्षक से मिलकर हुए भाव विभोर कहा, इनके आर्शिवाद से यहां तक पहुंचा



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने बगिया स्थित निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अपने बचपन के 94 वर्षीय शिक्षक राजेश्वर पाठक से मुलाकात कर भाव विभोर हो गए। अपने स्कूल के दिनों को याद किया और उनका पैर छूकर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने फूलों की माला, शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा की ये गुरुओं का ही आशीर्वाद है जो यहां तक पहुंच पाया हूँ ऐसा कहते हुए उन्होंने अपने शिक्षक से फिर से आशीर्वाद मांग लिया और उन्हें उनके शिक्षक ने पूरे दिल से आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, भरत सिंह, पूर्व विधायक रोहित साय, डीडीसी सालिक साय, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, भुनेश्वर सिंह केशर, अमन शर्मा, रामदेव कायता, ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह, सहित अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग मौजूद थे। इस अवसर शिक्षक पाठक ने बताया कि जब वे लोयला उच्चतर माध्यमिक शाला कुनकुरी में पढ़ाया करते थे तब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक बालक हुआ करते थे। सीएम साय बचपन से ही बहुत प्रतिभावान एवं विनम्र स्वभाव के थे। बचपन में बहुत आज्ञाकारी एवं बुद्धिमान थे। हर अवसर पर वे अपनी प्रतिभा से अलग ही पहचान बनाते थे। उन्होंने बताया कि जब वे सांसद थे तब भी वे जब भी मिलते तब बड़े विनम्रता पूर्वक मिलते हुए सम्मान करते थे। आज भी जब मिले तो वही विनम्रता और वही सम्मान उनकी व्यवहार में मिलता है जो अद्भुत है।

## कुंभकारों की कलाओं को सम्मानित करते हुए सीएम साय ने 100 कुंभकारों को दिए इलेक्ट्रॉनिक चाक



पारम्परिक कलाओं से समृद्ध जशपुर में कुंभकारों की अद्भुत कला के सम्मान के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने बगिया स्थित निवास कार्यालय से जिले के 100 कुंभकार शिल्पकारों को इलेक्ट्रॉनिक चाक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कुंभ शिल्प कला के मूर्धन्य कलाकारों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनसे चर्चा की। इस अवसर अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ के प्रांत संरक्षक शम्भूनाथ चक्रवर्ती ने बताया कि जशपुर जिले में 195 ग्रामों में 2236 कुम्भकार परिवारों के 100 शिल्पकारों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव के द्वारा उपहार के रूप में इलेक्ट्रॉनिक चाक दिया गया है। जिसपर उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा हमें अपनी कला के विस्तार के लिए इलेक्ट्रॉनिक चाक प्रदान किया गया है इसके लिए हम बहुत आभारी हैं।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं इंडियन बैंक के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित





पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं इंडियन बैंक के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर गुरुवार को प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक इंडियन बैंक सिविल लाइन ब्रांच में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की। जिसमें जनरल मेडिसिन डॉ. धनेन्द्र साहू, नेत्र रोग से डॉक्टर वेद यादव अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश मानस एवं विवेकानंद मिश्रा, एवं नर्सिंग स्टाफ, प्रीती दिवाकर, ज्योति साहू एवं बैंक के जोनल मैनेजर राजेश शरण, मिड कॉर्पोरेट एजीएम बी.बी. मोहंती, सिविल लाइन ब्रांच मैनेजर प्रवीण वर्मा, मार्केटिंग मैनेजर आकाश नचरानी बैंक के कर्मचारी एवं ग्राहक उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रसाद नडडा ने वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रसाद नडडा अपने एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। नड्डा ने राजधानी रायपुर के केनाल रोड, तेलीबांधा स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा, विधायक किरण सिंह देव, साजा विधायक ईश्वर साहू उपस्थित रहे।

# कनिष्ठ अभियंता के लिए दस्तावेजों का सत्यापन 5 अक्टूबर को

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में कनिष्ठ अभियंता (प्रशिक्षु) के पदों पर सीधी भर्ती के लिए दस्तावेजों का सत्यापन 5 अक्टूबर 2024 को प्रातः 09 बजे से कार्यालय मुख्य अभियंता (मानव संसाधन), छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड डंगनिया, रायपुर में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से मिली जानकरी के अनुसार परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों बुलावा पत्र पॉवर कंपनी की वेबसाइट पर शीघ्र अपलोड किया जाएगा। यदि किसी उम्मीदवार को बुलावा पत्र डाउनलोड करने में कोई तकनीकी कठिनाई हो तो वह दूरभाष क्रमांक 0771-2574157 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# जनता के साथ अन्याय करने वाले न्याय यात्रा का नाटक कर रहे : नीतिन नबीन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रभारी नीतिन नबीन राजधानी रायपुर पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस की न्याय यात्रा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस ने पहले जनता के साथ अन्याय किया और अब घटनाओं को बड़ी घटना बताकर उकसाने का काम कर रही है। जो भी घटनाएं हुई है, उनके दोषियों पर कार्रवाई कर रहे हैं। हम लोग बचाने वाले लोग नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि, पहले कांग्रेस अपराधियों को सीएम हाउस में संरक्षण देती थी। कांग्रेस ने जनता के साथ पांच साल अन्याय किया पहले उसका हिसाब दें। सरकार को अस्थिर करने की साजिश पर नबीन ने कहा कि, किस तरह से खेल चल रहा है और बलौदा बाजार की घटना जिसमें कांग्रेस के विधायक इंवॉल्व हैं। बीजेपी प्रभारी नबीन ने आगे कहा कि, जो लोग आरक्षण की दुहाई देते थे। लेकिन उनके नेता राहुल गांधी विदेश जाकर आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं। ये लोग देश विरोधी ताकतों के साथ चाय की चुस्की लेते हैं। ये क्या न्याय यात्रा निकालेंगे? भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि, राष्ट्रीय अध्यक्ष सदस्यता की चिंता करते हैं। यह भारतीय जनता पार्टी के काम करने का तरीका है। निगम मंडल की नियुक्ति को लेकर नबीन ने कहा कि, निगम मंडल की सूची समय पर आएगी।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने माओवादी हिंसा से पीड़ित बस्तर के नागरिकों का अपने निवास में किया गर्मजोशी से स्वागत



## सामग्री का भी किया वितरण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय पर माओवादी हिंसा से पीड़ित बस्तर के लगभग 55 नागरिकों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जो अपनी व्यथा और समस्याओं को लेकर दिल्ली गए थे। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक पीड़ित से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उपमुख्यमंत्री ने उनकी पीड़ाओं को ध्यान से सुना। इस मौके पर उन्होंने पीड़ितों को दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं जैसे रेडियो, घड़ी, थाली, लोटा, गिलास, टॉर्च, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, बैग और बच्चों के लिए चॉकलेट का वितरण कर उनकी सहायता की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर के गांव-गांव में विकास के मार्ग को नक्सलियों ने आईईडी से जकड़ रखा है। ये आईईडी न गांववालों को पहचानती है, न जानवरों को। इसके धमाकों में सैकड़ों लोग अपंग हो चुके हैं। किसी का पैर कट गया है, किसी की आंखें चली गई हैं, तो कोई अपने हाथ खो चुका है। यह माओवादी हिंसा गांवों को दहशत में डालने का काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यहां उपस्थित सभी लोग उन मानवाधिकार समर्थकों से सवाल कर रहे हैं जो नक्सलियों का समर्थन करते हैं। आखिर क्यों कोई बस्तर के लोगों के दर्द पर चर्चा नहीं करता? बस्तर के गांववालों की जिंदगी पर कोई क्यों नहीं बोलता? यह अत्याचार कब तक चलेगा? उपमुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुसार बस्तर और पूरे छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का अंत किया जाएगा। जो लोग सुरक्षा बलों के मनोबल को तोड़ने की कोशिश करते हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि यह केवल बस्तर का नहीं बल्कि पूरे देश का मुद्दा है। नक्सली बस्तर के विकास और लोगों की शांति को बर्बाद करने में लगे हुए हैं और इसका प्रतिकार अब आवश्यक हो गया है।


# काम में कोताही बर्दाश्त नहीं, मुस्तैदी से अपने दायित्वों का करें निर्वहन : अरुण साव



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने गुरुवार को मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य के सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सभी आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शहरों के विकास और जन सुविधाएं विकसित करने गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी नगरीय निकाय में काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर शहरों का सुव्यवस्थित और सुनियोजित विकास सुनिश्चित करें। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक कुंदन कुमार भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में नगरीय निकायों को काम के पुराने तरीकों में बदलाव लाते हुए नई कार्य संस्कृति विकसित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण, सप्लाई और खरीदी से इतर अन्य जरूरी कार्यों में भी पूरा ध्यान देने को कहा। उन्होंने निकायों के काम-काज में अपेक्षित सुधार लाते हुए परिणाममूलक कार्य करने पर जोर दिया। साव ने अधिकारियों से कड़े शब्दों में कहा कि शासन के निर्देशों की अवहेलना, अनियमितता, गड़बड़ी और गुणवत्ताहीन कार्य अक्षम्य होगा। ऐसा करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री साव ने सभी नगरीय निकायों में कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को अगस्त और सितम्बर माह के वेतन का भुगतान आगामी 1 अक्टूबर तक करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों को राजस्व संग्रहण बढ़ाने के लिए गंभीरता और सक्रियता से काम करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि समय पर वेतन भुगतान नहीं होने की शिकायत नहीं आना चाहिए।

# पॉवर कंपनी में टेबल टेनिस स्पर्धा का आगाज



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की कला एवं क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ डंगनिया मुख्यालय में हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर थे। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी अपने कर्मियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पूरे प्रदेश में विद्युत आपूर्ति करने की जिम्मेदारी हम पर है, इस कार्य में लगे हमारे कर्मी स्वस्थ रहें, इसके लिए खेल स्पर्धाओं के आयोजन भी आवश्यक हैं। उन्होंने टेबल टेनिस खेलकर इस प्रतियोगिता की शुरूआत की। साथ ही सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ टीम भावना का विकास होता है, जिससे कार्यक्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होता है। पॉवर कंपनी मुख्यालय में 28 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के आठ क्षेत्रीय टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा के साथ रायपुर सेंट्रल व रायपुर रीजन की टीम शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में परिषद के महासचिव कार्यपालक निदेशक एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, कार्यपालक निदेशक जेएस नेताम, अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें पूरी ऊर्जा के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में सेंट्रल आब्जर्वर वीके तिवारी और रेफरी सुशांत बोरवांकर एवं एसबी पेंडारकर हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव विनय चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रशांत बापट, आरके बंछोर, आरएन वर्मा, प्रवीण साहू, योगेश प्रधान सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403